kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-26 ❑ शनिवार, 22 फरवरी 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




जनसंख्या बढ़ाते रहोगे तो समस्या आती रहेगी। हुआ यूं कि विधान सभा में शून्य प्रहर के दौरान समाज वादी पार्टी के सदस्य कमाल अख्तर के प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने उप्र की स्वास्थ्य सेवाओं को कमतर बताया। इस पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सिलसिलेवार तरीके से सरकार का पक्ष रखा।

ब्रजेश पाठक


न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाला के तीनों आरोपित 28 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में 11

महाकुम्भ दिखा रहा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः और वसुधैव कुटुम्बकम की राहः कलिंग मोयोंग 11


मुख्यमंत्री ने विधानमंडल के बजट सत्र के चौथे दिन को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा

# अगले चार साल में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा यूपी : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये की थी, जो इस वित्त वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

समाजवादी पार्टी की सदस्य डॉ. रागिनी सोनकर के सवाल के जवाब में आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं। भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे। सच्चाई यह है कि देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वे आश्वस्त करना चाहते हैं कि वर्ष 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी भी बनेगा और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा। योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित किया है। इन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, नगरीय विकास, राजस्व संग्रह, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और सेवा क्षेत्र शामिल हैं। प्रत्येक सेक्टर की मासिक समीक्षा की जाती है और मुख्यमंत्री स्वयं तिमाही समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को जमीन पर उतारा जा चुका है। कई उद्योगों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। इस निवेश से 60 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि यह वही प्रदेश है जहां सीडी रेशियो 44 प्रतिशत था। आज यह 60 प्रतिशत क्रॉस कर चुका है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश का पैसा आज उत्तर प्रदेश में लग रहा है। यह रिजर्व बैंक की ही रिपोर्ट है कि ● शेष पेज 11 पर



### उपलब्धि

- ❑ जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं
- ❑ योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित किया है।
- ❑ यह वही प्रदेश है जहां सीडी रेशियो 44 प्रतिशत था। आज यह 60 प्रतिशत क्रॉस कर चुका है।

### महाकुम्भ के अंतिम स्नान की महा तैयारियां, मेला प्रशासन सतर्क, मुख्यमंत्री योगी ले रहे पल-पल की अपडेट

महाकुम्भ नगर । प्रयागराज में महाकुम्भ की शुरुआत 13 जनवरी से हुई थी, जिसका समापन 26 फरवरी को महाकुम्भ स्नान पर्व के साथ होगा। अबतक 58 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। अभी भी देश और विदेश से श्रद्धालुओं का प्रयागराज आना जारी है। हालांकि महाकुम्भ में महज 5 दिन ही बाकी हैं। ऐसे में हर सनातनी इस महाकुम्भ का साक्षी बनने को आतुर है। मेला प्रशासन भी आखिरी विशेष स्नान की तैयारियों में जुटा है। शुक्रवार को यूपी के मुख्य सचिव और डीजीपी ने महाकुम्भ के महाशिवरात्रि स्नान की तैयारियों का जायजा लिया। 23 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी ● शेष पेज 11 पर

# कांग्रेस और राहुल गांधी का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनक: भाजपा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । यूएसएड मामले पर भाजपा ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए उनपर देश के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की शपथ लेकर भी ऐसा काम कर रहे हैं। कांग्रेस और राहुल का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनक है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय चुनावों को प्रभावित करने को लेकर अमेरिकी सहायता के बारे में डोनाल्ड ट्रम्प के दावों का हवाला देते हुए कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया। भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने मजबूत निर्णायक शासन देखा है। राहुल गांधी इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। वे भारत, इसके संविधान और इसके नागरिकों को धोखा दे रहे हैं।



भाटिया ने कहा कि राहुल और कांग्रेस का भारत विरोधी रुख बेहद चिंताजनक हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बयान दिया था जिसमें बताया गया था कि कैसे यूएसएड फंडिंग का इस्तेमाल भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए किया जा रहा था। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कई देशभक्त पत्रकारों और संगठनों से चिंता जताई थी कि विदेशी ताकतें भारत के चुनावों में हस्तक्षेप करना चाह रही हैं। इस हस्तक्षेप का उद्देश्य दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता मोदी को हटाना और देश के गौरव को कमजोर करना था। भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर इसलिए दिए गए क्योंकि भारत की चुनावी प्रक्रिया में ● शेष पेज 11 पर

## कांग्रेस ने भाजपा की 'बी' टीम बनकर दिल्ली चुनाव लड़ा: मायावती

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राहुल गांधी को सलाह देते हुए कहा कि वे पहले अपने गिरेबान में झांककर देखे तो अच्छा होगा। मायावती ने आरोपलगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा। मायावती ने शुक्रवार को सोशलमीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि लोगों में यह चर्चा आम है कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आमचुनाव में इस बार भाजपा की 'बी' टीम बनकर चुनाव लड़ा। इसके कारण भाजपा दिल्ली की सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाई। बसपा प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सर्वेसर्वा ● शेष पेज 11 पर



## विदेश मंत्रालय ने अमेरिका से हो रही फंडिंग की रिपोर्टों पर जताई चिंता

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी सरकार की ओर से भारतीय संस्थाओं और व्यक्तियों को धन मुहैया कराए जाने संबंधी रिपोर्टों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। इस मामले में संबंधित विभाग और एजेंसियां गौर कर रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय संस्थाओं को धन मुहैया कराए जाने संबंधी रिपोर्टों से भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की चिंता उपजती है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां मामले पर गौर कर रही हैं। इस संबंध में अभी कोई सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। आने वाले दिनों में इस संबंध में और जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी। उल्लेखनीय ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने में दो गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो आरोपितों को मुंबई पुलिस ने बुलढ़ाणा जिले के देवलगांव से गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों को लेकर शुक्रवार को मुंबई लेकर पहुंचेगी और यहां कोर्ट में पेश करेगी। मुंबई के अनुसार गुरुवार को मुंबई के गोरेगांव, मंत्रालय और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला थी। इसके बाद मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस ने ईमेल भेजने वाले का पता लगाया। यह ईमेल बुलढाणा जिले के देउलगांव से भेजे का पता मुंबई पुलिस को चला। इसके बाद मुंबई पुलिस ने बुलढ़ाणा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए देवलगांव से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों संदिग्धों की पहचान मंगेश अच्युतराव वायल (35) और अभय गजानन शिंगणे (22) के रूप में की गई है। दोनों देवलगांव माही, जिला बुलढाणा के निवासी हैं। इन दोनों को मुंबई पुलिस पूछताछ के लिए मुंबई ला रही है।

### आईईडी विस्फोट में डीआरजी का जवान घायल, हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया

नारायणपुर। नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तोयमेटा और कवानार गांव के मध्य जंगल में प्रेसर आईईडी विस्फोट होने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान घायल हुआ है। घायल जवान को हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। आईजी सुदरराज पी. ने शुक्रवार को बताया कि छोटेडोंगर थाने से जिला बल और डीआरजी के संयुक्त बल गश्त पर थे। दोपहर लगभग 1.45 बजे तोयमेटा और कवानार के बीच जंगल में प्रेसर आईईडी विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में आने से डीआरजी का एक जवान घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल जवान को बेहतर उपचार के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है और उसकी हालत खतरे से बाहर है। उल्लेखनीय है कि नारायणपुर सहित बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित अंदरूनी इलाकों में सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए नक्सली अक्सर सड़कों और जंगल में कच्ची पगडंडियों पर प्रेसर आईईडी लगाते हैं।

## मप्र बालाघाट मुठभेड़ में ढेर चारो महिला नक्सलियों की शिनाख्त

एजेंसी

जगदलपुर। मध्य प्रदेश के बालाघाट मुठभेड़ में दो दिन पहले मुठभेड़ में मारी गईं चार महिला नक्सलियों की शिनाख्त हो गई है। यह सभी छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग की निवासी हार्डकोर नक्सली थीं और एके-47, इंसास, एसएलआर जैसे राइफल चलाना जानती थीं। इन पर छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र पुलिस ने कुल 62 लाख रुपये का इनाम घोषित था। मध्यप्रदेश पुलिस की मानें तो छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों पर दबाव बढ़ रहा है, इसलिए वहां के नक्सली मध्यप्रदेश में डेरा जमाने के लिए अपना नया ठिकाना ढूंढने पहुंच रहे हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. शुक्रवार को बताया कि मारी गई चारो महिला नक्सलियों को नक्सल संगठन के बड़े कैडर्स कुछ साल पहले यहां से लेकर गए थे। उन्होंने बताया कि बस्तर के लोगों को गुमराह कर नक्सली इनका उपयोग मुठभेड़ में ढाल के रूप में करते हैं और स्वयं बचकर भाग जाते हैं।



❑ इन पर था 62 लाख रुपये का इनाम

बालाघाट के आईजी संजय कुमार के अनुसार मारे गये नक्सली इकाई को 'केबी' डिवीजन के नाम से भी जाना जाता था। केबी डिवीजन की कमांडर आशा थी, जो छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की रहने वाली थी। उस पर कुल 20 लाख रुपये का इनाम था। इनमें महाराष्ट्र में 12 लाख, छत्तीसगढ़ में पांच लाख और मध्यप्रदेश में तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था। आई संजय कुमार ने बताया कि मारी गईं नक्सली रंजीता, शीला और लक्खे मरावी पर 14-14 लाख रुपये का इनाम था। रंजीता उर्फ रामली ● शेष पेज 11 पर

### आईडब्ल्यूएआई बोर्ड 17 शहरों में शहरी जल परिवहन प्रणाली के लिए व्यवहार्यता अध्ययन कराएगा

नई दिल्ली। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने अपनी 196वीं निदेशक मंडल बैठक में विभिन्न शहरों में शहरी जल परिवहन प्रणाली विकसित करने के व्यवहार्यता अध्ययन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। बोर्ड ने देश के 12 राज्यों के 17 शहरों में पूर्णतः या आंशिक रूप से जल मेट्रो स्थापित करने की संभावना का पता लगाने का फैसला किया है। इसके व्यवहार्यता अध्ययन का दायित्व कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड (केएमआरएल) को सौंपा गया है। यह पहल वर्तमान नौगम्य जलमार्गों के इस्तेमाल से एक सुदृढ़ और संधारणीय शहरी परिवहन प्रणाली प्रदान करेगी। जल मेट्रो मॉडल शहरी जल परिवहन के क्षेत्र में विशिष्ट पहल है, जो परिवहन के पारंपरिक साधनों के स्थान पर सुरक्षित, कुशल और पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान करेगा। भारत की नदियों, नहरों और अन्य जल निकायों के समृद्ध नेटवर्क द्वारा यह परियोजना शहरी जल परिवहन प्रणाली की क्षमता वाले शहरों पर ध्यान ● शेष पेज 11 पर

# जनजातीय समाज का उत्थान व उनका सशक्तिकरण मोदी सरकार की प्राथमिकता : शाह

एजेंसी

नई दिल्ली/अहमदाबाद, । केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित गुजरात भवन में गुजरात के डांग जिले के संतोकबा ढोलकिया विद्या मंदिर के ग्रामीण एवं आदिवासी समाज के छात्रों के साथ प्रेरक शैक्षणिक संवाद किया। शाह ने इस अवसर पर शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में छात्रों की भूमिका पर गहन विचार रखे। इस संवाद का लक्ष्य छात्रों को प्रेरित करना और उनकी शैक्षणिक एवं करियर से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान करना था। गृह मंत्री ने छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्हें मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प की महत्ता पर बल दिया। शाह ने कहा कि चाहे जनजातीय गौरव दिवस मनाना हो या द्रौपदी मुर्मु को भारत की राष्ट्रपति के रूप में चुनना हो, इन निर्णयों ने जनजातीय समाज के गौरव को एक नये शिखर पर ले जाने का काम किया है। जनजातीय समाज का उत्थान व उनका सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता है। आजादी के बाद जनजातीय समाज को उनका वास्तविक सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।



### जनजातीय

❑ केन्द्रीय मंत्री ने नई दिल्ली स्थित गुजरात भवन में ग्रामीण एवं आदिवासी समाज के छात्रों के साथ संवाद किया

अमित शाह ने कहा, छ्छात्र देश की प्रगति की आधार हैं और उनका परिश्रम व समर्पण भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।ङ्क उन्होंने छात्रों को डॉक्टर, इंजीनियर और सिविल सेवक जैसे करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा, छ्यदि आप देश के विकास को अपना लक्ष्य बनाएंगे तो आपका व्यक्तिगत विकास स्वाभाविक रूप से सुनिश्चित होगा। इसलिए, आपका मूल उद्देश्य देश के विकास के लिए कार्य करना होना चाहिए।

शाह ने कहा कि मोदी सरकार 50% से अधिक एसटी आबादी वाले और कम से कम 20,000 आदिवासी व्यक्तियों वाले प्रत्येक ब्लॉक में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना द्वारा आदिवासी छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रही है। चिकित्सा, इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षा में आदिवासी छात्रों के लिए भाषा एक बाधा रही है, इसे देखते हुए मोदी सरकार ने मातृभाषा में परीक्षा देने का विकल्प प्रदान किया है। इन फैसलों से आदिवासी छात्रों को एक नई उम्मीद मिली है। आजादी के बाद के छह दशकों में देश में केवल एक केंद्रीय ● शेष पेज 11 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव का किया उद्घाटन, कहा-

# राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात का उदाहरण देते हुए कहा कि किसी देश की प्रगति में केवल प्राकृतिक संसाधन ही नहीं बल्कि मानव संसाधन भी अहम भूमिका निभाते हैं। गुजरात के पास कोई प्राकृतिक संसाधन नहीं है, फिर भी आज नेतृत्व की शक्ति को देखें- गुजरात में सबकुछ है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (एसओयूएल) लीडरशिप कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी बड़े नेताओं और उभरते युवा नेताओं का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए प्रत्येक क्षेत्र में अच्छे नेताओं को तैयार करना आवश्यक है और यह समय की मांग है। उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप विकसित भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।



### विकास

❑ स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप विकसित भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण कदम: प्रधानमंत्री

उन्होंने कहा कि एसओयूएल सिर्फ संगठन का नाम नहीं है, बल्कि एसओयूएल भारत के सामाजिक जीवन की आत्मा होगी। दूसरे अर्थों में, एसओयूएल आध्यात्मिक अनुभव के सार को भी खूबसूरती से दर्शाता है। एसओयूएल के सभी हितधारकों को शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने घोषणा की कि निकट भविष्य में गुजरात की गिफ्ट सिटी के निकट एसओयूएल का एक नया, विशाल परिसर बनकर तैयार हो जाएगा।

प्रधानमंत्री ने किसी भी राष्ट्र की प्रगति में मानव ● शेष पेज 11 पर

### भाषायी विविधता ही हमारी एकता का बुनियादी आधार: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय भाषाओं में कभी कोई बैर नहीं रहा है। भाषाओं ने हमेशा एक-दूसरे को अपनाया और समृद्ध किया। कई बार भाषा के नाम पर भेद डालने की कोशिश की जाती है। हमारी भाषाओं की साझा विरासत ही इसका सही जवाब देती है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के भ्रमों से दूर रहकर भाषाओं को समृद्ध करना और अपनाना हमारा सामाजिक दायित्व है। आज हम देश की सभी भाषाओं को मुख्यधारा की भाषा की तरह देख रहे हैं। मराठी समेत सभी प्रमुख भाषाओं में शिक्षा के विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हमारी ● शेष पेज 11 पर

## समानता लाने और असमानताओं को कम करने के लिए शासन में लैंगिक भागीदारी मौलिक है: धनखड़

नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति डॉ जगदीप धनखड़ ने आज कहा कि शासन में लैंगिक भागीदारी समानता लाने और असमानताओं को कम करने के लिए मौलिक है। भारत शायद दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जिसने शासन में महिलाओं की संवैधानिक रूप से संरचित भागीदारी की है। उपराष्ट्रपति यहां अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन के सम्मेलन में प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि गांव और नगरपालिका में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित की गई हैं। महिला सशक्तीकरण के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार ने पंचायत से लेकर सभी स्तरों पर महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल की है। उन्होंने बताया कि पंचायत, सहकारिता आदि स्तरों पर चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से लाखों महिलाएं लगातार चुनी जा रही हैं। वे ग्राम पंचायत और जिला स्तर पर शासन की चुनौतियों का सामना कर रही हैं। संविधान में चुनाव को मजबूत किया गया है। यह विभिन्न लोकतांत्रिक संस्थाओं के कामकाज का एक कानूनी ढांचा है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी को प्राथमिकता दी गई है। डॉ. धनखड़ ने बताया कि 1.5 अरब लोगों के देश में पिछले एक दशक में हर क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। इनमें शिक्षा, अर्थव्यवस्था और अन्य बुनियादी प्रतिरक्षा प्रदान करने वाले क्षेत्र जैसे इंटरनेट, बिजली, कॉकपिट गैस और शौचालय आदि प्रमुख हैं। सरकार द्वारा दो पहलुओं के माध्यम से बड़े पैमाने पर परिवर्तनकारी ● शेष पेज 11 पर



### मौलिक

❑ उपराष्ट्रपति ने अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन के सम्मेलन को संबोधित किया

# योग हमारे जीवन का आधार है : डॉ रमेश चंद्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। चार दशक से आयुर्वेद योग और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रहे विश्व संवाद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा ने लखनऊ के उद्यान भवन प्रेक्षाग्रह में आयोजित इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश चैप्टर के सेमिनार में योग द्वारा संपूर्ण स्वास्थ्य विषय पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। योग और प्राणायाम द्वारा शरीर में उपस्थित समस्त रोगों के ऊपर विजय पाया जा सकता है लेकिन रोगों से निदान पाने के लिए 9 विशेष बातों का ध्यान रखना जरूरी है जिसमें विधि, समय, संकल्प, एकाग्रता, निरंतता, सकारात्मकता, श्रद्धा, विश्वास, और समर्पण होना जरूरी है। योगासन से हम शारीरिक रूप से ठीक हो जाते हैं, जिनको कंप्यूटर की भाषा में हार्डवेयर कह सकते हैं। और प्राणायाम से हम आंतरिक रूप से ठीक हो जाते हैं, जिसको हम सॉफ्टवेयर कह सकते हैं। इस आयोजन में कई लोगों ने अपने-अपने व्याख्यान दिए और यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा। नव चयनित कार्यकारिणी ने पूर्व गठित कार्यकारिणी को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया नवगठित इंडियन योग एसोसिशन उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी 2025 के चेयरमैन आदरणीय पीयूष कांत मिश्रा , सचिव आदरणीय अमित गर्ग , कोषाध्यक्ष आदरणीय सुरेश दुबे,अखिलेश पांडे वैदिक मित्रों की शुरुआत कार्यक्रम की शुभारंभ किया। पीयूष मिश्र, अमित गर्ग, अमर सिंह भदोरिया ने संचालन किया।

### डॉक्टर रमेश चंद्रा एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

# मायावती पर दिया गया मेरा बयान सहीं, सरकार बड़े अरब पतियों को फायदा पहुंचा रही : राहुल गांधी

एजेंसी




रायबरेली। नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र में है। बसपा प्रमुख मायावती पर दिए गए बयान पर वे दूसरे दिन भी हमलावर रहे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मायावती को लेकर उन्होंने पूर्व में जो बयान दिया था वो सही है। राहुल ने फिर दोहराते हुए कहा कि यदि मायावती ठीक से चुनाव लड़ती तो भाजपा की जीत कभी नहीं होती। राहुल गांधी ने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर शुक्रवार दोपहर मार्डन रेल कोच फैक्टरी (आरेडिका) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आरेडिका के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि दुनिया भर में चीजों का प्रोडक्शन कम हो रहा है। देश में भी यही हो रहा है लेकिन आरेडिका भारी संख्या में रेल डिब्बे बनाकर कीर्तिमान बना रहा है। वो करीब एक घंटे तक आरेडिका में रहे। लालगंज में आयोजित युवा संवाद में सांसद राहुल गांधी ने अडानी के बहाने भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार देश के दो-तीन बड़े अरब पतियों को ही फायदा पहुंचा रही है, जिससे देश में बेरोजगारी बढ़ी है। प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जाते हैं, जहां वे डोनाल्ड ट्रंप से मिलते हैं। अमेरिका में पत्रकारों ने प्रधानमंत्री से अडानी के बारे में प्रश्न किया, लेकिन प्रधानमंत्री ने उसे व्यक्तिगत मामला बता कर टाल दिया। उन्होंने अडानी के मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति से बातचीत नहीं की। राहुल ने कहा कि अमेरिका में अडानी के खिलाफ केस चल रहा है, लेकिन देश के प्रधानमंत्री इस मामले को व्यक्तिगत बता रहे हैं। पूछा कि यह कैसा जवाब है, अमेरिका की प्रेस प्रधानमंत्री से अडानी के बारे में प्रश्न पूछ रही है और प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि अडानी हमारे मित्र हैं। वह अमेरिका के राष्ट्रपति से ऐसा सवाल नहीं पूछेंगे। अडानी के खिलाफ अमेरिका में भ्रष्टाचार का केस है। उन्होंने चोरी की है और प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि यह पर्सनल मामला है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नोटबंदी की। गलत जीएसटी लागू की। छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया। देश का युवा भटक रहा है। यदि रोजगार बढ़ाना है तो छोटे व्यापारियों की मदद करनी पड़ेगी।

# कोरांव गोपाल विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं की नम हुई आँखें

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव, प्रयागराज। गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज मे अंग्रेजी माध्यम कोरांव प्रयागराज में इण्टरमीडिएट के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अध्यापक अध्यापिकाओं और छात्र छात्राओं ने नम आंखों से अपने भाव व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाचार्य डॉक्टर साबिर अली और उप प्रधानाचार्य डॉक्टर कमलेश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में बताया कि अनुशासन जीवन को महान बनाता है और अनुशासन में रहने पर बिगड़े काम भी बन जाते हैं। विदाई समारोह में विभागाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव ने समस्त छात्र छात्राओं को तिलक लगाया और मुंह मीठा कराकर दही खिलाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोविन्द मिश्रा ने छात्र छात्राओं को बताया कि आप लोगों के संघर्ष का पड़ाव अब शुरू हुआ है जहां आपको खुद अपनी जिम्मेदारी समझनी है। अब आप लोगों को कोई डांटने वाला नहीं होगा अपने अच्छे बुरे की खुद पहचान करनी होगी। कार्यक्रम का कुशल संचालन विवेक उपाध्याय ने किया। विदाई समारोह में कृष्ण भान, बालमुकुंद मिश्र, नवीन दुबे, मिथिलेश सिंह, पवन त्रिपाठी, सुरेन्द्र पाल, अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, अमन सिंह, अशोक कुमार पांडेय, वेद शर्मा, संतराम आदि समस्त अध्यापक अध्यापिका के साथ अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में योगेश पाण्डेय भगेसर उपस्थित रहे।

# कोरांव कों मिली एक नई सौगात नगर में हर्षोल्लास का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव प्रयागराज । सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो कोरांव में प्रधानाचार्य अवधेश कुमार सिंह व विद्यालय के शिक्षकों द्वारा नगर पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी व विवाह घर स्वीकृत होने पर आदरणीय नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी जी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक गुलाब शंकर मिश्रा ने कहा कि नगर अध्यक्ष कोरांव हमेशा से संघर्षशील रहे हैं, अध्यक्ष की दूर दृष्टि ही है कि उन्होंने कोरांव के बच्चों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी स्वीकृत कराया, जिसके फलस्वरुप प्रयागराज या अन्य शहरों में पढ़ने जाने वाले क्षेत्रीय छात्रों की संख्या में कमी आएगी। साथ ही उन्होंने अध्यक्ष द्वारा विवाह घर,कान्हा गौशाला,अटल सरोवर, वह वंदन योजना,के तहत संस्कृत पाठशाला के सौन्दर्यीकरण की भी सराहना की उन्होंने कहा कि भगवान ने आपको मानव जीवन सेवा के लिए ही प्रदान किया है। वही दूसरी तरफ शिक्षक अभयराज सिंह ने भी सराहनीय कार्य के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि कोरांव नगर का कोई कोना विकास से अछूता नही है। जहां लोग घुटनों तक किचन में चलकर जाते थे वहां आपने सड़क बनाकर लोगों को परेशानी से मुक्ति दिलाया। आपकी कर्मठता, लग्नशीलता की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। हम देख रहे हैं कि पिछले एक महीने से लगातार नगर पंचायत कार्यालय पर महाकुंभ में आ जा रहे स्नानार्थियों का *

अतिथि देवो भवः की तरह हर प्रकार से सेवा नगर पंचायत कार्यालय कोरांव मे अध्यक्ष द्वारा किया जा रहा है साथ ही शिक्षक यदुवीर सिंह ने कहा कि हमेशा शिक्षा के प्रति संवेदनशील रहे हैं, मुझे याद है कि 2015 में जब अपने क्षेत्र के सोमेश मिश्रा का चयन आईएएस में हुआ था उस समय अध्यक्ष ने गुरुद्वारा प्रांगण में उनका सम्मेलन कराया था सम्मेलन इसलिए नहीं कराया कि हमारी जान पहचान हो बल्कि इसलिए कराया ताकि हमारे नगर व क्षेत्र के बच्चे उन्हें अग्रेसर के रूप में देखें और उनका अनुसरण करें उन्होंने कहा अध्यक्ष द्वारा सड़क, नाली, शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में कार्य साराहनीय रहा है।

प्रधानाचार्य अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय या नगर वासियों के लिए अध्यक्ष सरलता से उपलब्ध रहते हैं उन्होंने एक संस्मरण को याद करते हुए कहा कि एक बार हमारे मोहल्ले में सड़क पर मिट्टी की जरूरत थी हमारे कहने के दूसरे दिन ही सड़क पर मिटटी डलवा दिया गया। शिक्षा के प्रति बच्चों को प्रेरित करने के लिए अध्यक्ष ने हमारे विद्यालय के गरीब बच्चों की फीस निरंतर अपने द्वारा जमा करते हैं।

अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस सम्मान का असली हकदार नगर पंचायत की जनता है जिसने इस तरह कार्य करने के लिए हमें चुना उन्होंने कहा कि हमने जो कुछ भी सीखा है विद्यालय रूपी मंदिर से ही सीखा है?। कार्य करने के लिए संघर्ष, धैर्य और सकारात्मक विचार विद्यालय रूपी मंदिर से ही प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अनुप केशरी, सुमित कुमार पाण्डेय व विद्यालय के सम्मानित शिक्षक उपस्थित रहे।

## आठ वर्षीय किशोर के नहर में पैर फिसलने से डूबने की आशंका

बारा, प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता। लालापुर थाना क्षेत्र के भिलोर निवासी पीयूष कुमार पाल पुत्र राकेश पाल उर्फ भैया लाल पाल निवासी उम्र करीब 8 वर्ष अपने गांव के ही एक लड़के शिवम पाल पुत्र छोटेलाल पाल उम्र करीब 12 वर्ष के साथ खेत में भैंस चराने गया था । भैंस चराने के दौरान पीयूष कुमार पाल उपरोक्त खेत में शौच के लिए गया । शौच के बाद नहर में पानी के लिए गया तो पैर फिसलने के कारण नहर में डूबने लगा, जिसको उसके साथी शिवम पाल द्वारा बचाने की भी कोशिश किया लेकिन पानी ज्यादा होने के कारण पीयूष नहर की बीच धारा में चला गया और डूब गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष अजय मिश्र ने नहर बंद करवाकर परिजनों और आसपास के ग्रामीणों द्वारा नहर में जाल लगवाकर उपरोक्त की तलाश जारी की देर शाम तक ढूढ़ते रहे लेकिन कुछ पता नही चला।खबर लिखे जाने तक तलाश जारी थी।

## 06 मार्च को खुलेगी ई-लाटरी, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होगा अनुज्ञापियों का चयन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश में देशी मदिरा, कम्पोजिट शाप, माडल शाप एवं भांग की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी के माध्यम से आवंटन हेतु शुक्रवार की शाम तक कुल 53491 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं और इससे 273.85 करोड़ रुपये की प्रोसेसिंग फीस भी मिली हैं। यह जानकारी आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की समस्त 27,308 देशी मदिरा, कम्पोजिट शाप, माडल शाप एवं भांग की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी हेतु पंजीकरण 14 फरवरी से शुरू हो चुका है। 17 फरवरी से पंजीकरण के साथ आवेदन भी आरम्भ हो गये हैं एवं पंजीकरण तथा आवेदन दोनों ही 27 फरवरी को सायं 05 बजे तक ऑनलाइन पोर्टल पर किए जा सकते हैं। ई-लाटरी आगामी 06 मार्च, 2025 को खोली जाएगी। पारदर्शी रूप से अनुज्ञापियों का चयन आनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

## महाविद्यालय में एक वेबिनार का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय में एक वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय भारतीय भाषाओं का संवर्धन और मातृभाषा था।

## केन्द्र सरकार की आठ प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में उप्र का देश में पहला स्थान : सुरेश खन्ना

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू करने में पूरे देश के लिए उत्तर प्रदेश आज एक उदाहरण बन गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट भाषण में बताया कि उत्तर प्रदेश ने केंद्र सरकार की आठ प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में नौ करोड़ 57 लाख से बैंक खाते खोले गए हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। इस योजना ने गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा और उनके वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित किया। इस योजना का ही असर है कि आज गरीबों के क्रय-विक्रय और जमा करने की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। यूपी ने प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना के तहत एक करोड़ 12 लाख से अधिक लोगों को जोड़ा है। यह योजना वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई थी, जिससे असंगठित क्षेत्र के कामगारों को बड़ा लाभ पहुंचा है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 8 करोड़ 80 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। सुरक्षा बीमा योजना मात्र 12 रुपये प्रति वर्ष और जीवन ज्योति बीमा योजना मात्र 330 रुपये प्रति वर्ष में बीमा सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे गरीब और निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत मिली है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 1.85 करोड़ से अधिक छोटे उद्यमियों को ऋण वितरित किए गए हैं, जिससे प्रदेश में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़े हैं। खासतौर पर महिलाओं, युवाओं और छोटे व्यापारियों को इस योजना का बड़ा लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 56.50 लाख से अधिक परिवारों को योजना का लाभ दिया गया है, जिससे गरीब परिवारों को सिर पर छत का सपना साकार हुआ।

# प्रयागराज महाकुंभ जाम से यूपी बोर्ड की परीक्षा तारीख 24 फरवरी की होने वाली निरस्त

**कैनविज टाइम्स खबर का असर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज । महाकुंभ जाम को लेकर यूपी बोर्ड की होने वाली 24 फरवरी की परीक्षा की तारीख निरस्त कर दी गई है एक दिन पूर्व यूपी बोर्ड परीक्षा के संदर्भ में विद्यालय सेंट्रो पर बनाए गए केंद्र पर परीक्षक एवं परीक्षार्थी कैसे पहुंचेंगे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था कैनविज टाइम्स अखबार ने खबर का असर सरकार ने परीक्षा का 24 तारीख को होने वाली निरस्त कर दी गई है यह परीक्षा आगे निश्चित डेट पर सूचित कर कराई जाएगी जैसा की प्रयागराज में 2025 महाकुंभ के आयोजन से लेकर समापन तक लगभग डेढ़ महीने प्रयागराज जाम की स्थिति से गुजर रहा है ऐसी स्थिति में बोर्ड की परीक्षा निर्धारित 24 फरवरी को होने वाली परीक्षा को मद्देनजर सरकार ने टाल दिया है यूपी सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा- प्रयागराज में कुंभ के चलते 24 तारीख की यूपी बोर्ड की परीक्षा निरस्त की गई है...बाद में कराई जाएगी परीक्षा...बाकी जो शेड्यूल जारी किया गया है उसके अनुसार परीक्षा होगी ।

# प्रधान विद्याधर के निधन पर पंचायत भवन पर शोक श्रद्धांजली का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । प्रयागराज विकास खंड कौंधियारा , प्रयागराज प्रधान स्व0 विद्याधर बिन्द 50 वर्ष प्रधान संघ उपाअध्यक्ष कौंधियारा , निवासी बड़गोहना कला , बेलसारा , कौंधियारा ,प्रयागराज बुधवार को सुबह 9 बजे अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण इलाज के लिए हास्पिटल ले जाया गया इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह अचानक हृदयगति रुक जाने के चलते निधन हो गया । प्रधान स्व0 विद्याधर बिन्द बहुत ही संघर्सशील कर्मठ समाजिक विचार के नेता थे । ईश्वर परिवार वालो को इस बज्र पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करे । प्रधान की मौत होने से गांव में शोक सभा का आयोजन शनिवार को 11 बजे दिन में बड़गोहना कला बहुउद्देशीय पंचायत भवन पर किया जाये गा । जिसमे समस्त क्षेत्रवासी व ग्राम पंचायत सदस्य शोक सभा में उपस्थित हो कर प्रधान स्व0 विद्याधार बिन्द की आत्मा के शांति के लिए शोक सभा का आयोजन में समय देने की कृपा करें । निवेदक प्रधान पुत्र उग्रसेन बिन्द ।

# विधानसभा सत्र में गूंजीं बारा और शंकरगढ़ की समस्याएं, विधायक डॉ. वाचस्पति ने उठाई जनता की आवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बारा, प्रयागराज। 264 (सुरक्षित) विधानसभा सीट से विधायक डॉ. वाचस्पति ने लखनऊ विधानसभा बजट सत्र में अपने क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्याओं को प्रभावी तरीके से उठाया। उन्होंने सरकार से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की, जिससे जनता को राहत मिल सके और क्षेत्र का विकास तेजी से हो।

**विधायक ने इन अहम मुद्दों को सदन में उठायाः**

**1. बुंदेला नाले पर पुल और सफाई की मांग**

प्रतापपुर बुंदेला नाले की गंभीर जलभराव और गंदगी की समस्या को उठाते हुए विधायक ने इस पर पुल निर्माण को अति आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को इस जलभराव से भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और इसे जल्द दूर किया जाना चाहिए।

**2. प्रतापपुर पीपा पुल को पक्का पुल बनाने की मांग**

प्रतापपुर में हर साल यमुना नदी पर गर्मियों में पीपा पुल बनाया जाता है, जो प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ और चित्रकूट जिलों को जोड़ता है। विधायक ने इस पुल की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए इसे स्थायी (पक्का) पुल बनाने की मांग की, ताकि लोगों को बार-बार अस्थायी पुल की समस्या से छुटकारा मिल सके।

**3. शंकरगढ़ मिनी स्टेडियम का विकास**

विधायक डॉ. वाचस्पति ने शंकरगढ़ के मिनी स्टेडियम की बदहाली का मुद्दा उठाया और सरकार से मांग की कि इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाए, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं मिल सकें।

**4. नारी बारी को विकासखंड का दर्ज़ा दिलाने की मांग**

शंकरगढ़ विकासखंड के नारी बारी क्षेत्र की आबादी काफी अधिक होने के बावजूद इसे विकासखंड का दर्ज़ा नहीं दिया गया। विधायक ने सदन में इस क्षेत्र के प्रशासनिक और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए इसे विकासखंड घोषित करने की मांग की।

**5. शंकरगढ़ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का जीर्णोद्धार**

विधायक ने शंकरगढ़ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की जर्जर स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के जीर्णोद्धार से क्षेत्र की बेटियों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी और उनकी पढ़ाई बाधित नहीं होगी।

**6. ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट का समाधान**

विधायक ने ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल की भारी किल्लत का मुद्दा उठाते हुए सरकार से सुनिश्चित करने की अपील की कि हर गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हो।

**7. नहरों में पर्याप्त पानी छोड़े जाने की मांग**

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नहरों का जाल तो है, लेकिन उनमें पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जाता, जिससे कई इलाकों में पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाता और किसान परेशान रहते हैं। उन्होंने नहरों में पर्याप्त पानी छोड़ने की मांग की, ताकि खेती प्रभावित न हो।

**8. घूरपुर-प्रतापपुर मार्ग की मरम्मत की मांग**

34 किलोमीटर लंबा यह मार्ग कई राज्यों और जिलों को जोड़ता है, लेकिन इसकी हालत बेहद खराब है। विधायक ने सरकार से इसे ठीक करवाने की मांग की, ताकि यात्रियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े और परिवहन सुगम हो सके।

**जनता ने विधायक की पहल की सराहना**

विधानसभा में क्षेत्रीय समस्याओं को मजबूती से उठाने के लिए जनता ने विधायक डॉ. वाचस्पति की जमकर सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहली बार कोई जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेकर सदन में उठा रहा है। अब देखना यह होगा कि सरकार कब तक इन मांगों पर कार्रवाई करती है और क्षेत्र को विकास की नई दिशा मिलती है।

# राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी नेताओं का बड़ा बयान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा, सपा, बसपा और कंग्रेस एक ही थैले के चट्टे-बट्टे हैं। एएनआई से बात करते हुए श्री मौर्य ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा, उन्हें बताना चाहिए कि विदेशियों से पैसा लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने से रोकने की कौन सी साज़िश है? यह कैसी चाल है? उन्होंने कहा कि सपा, बसपा और कंग्रेस भले ही एक दूसरे को कुछ भी कहें लेकिन ये एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। ये अलग-अलग लड़ें या मिलकर लड़ें लेकिन खिलेगा कमल ही। यूपी सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी राहुल गांधी को लेकर बड़ी बात कह दी। उन्होंने कहा, उन्हें पता ही नहीं कि कब, क्या बोलना है। श्री पाठक ने पत्रकारों को जवाब देते हुए कहा, हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर कमेटी ने अपनी रिपोर्ट विधानसभा में पेश कर दी है। जो भी दोषी होंगे, उनके ख़िलाफ़ कार्रवाई की जायेगी। राहुल गांधी के प्रश्न पर उप मुख्यमंत्री ने व्यंग्य कसते हुए कहा, राहुल गांधी फ्रस्ट्रेशन में हैं। वे अंतर्विरोधों से उलझे हुए हैं और उन्हें पता ही नहीं कि कब, क्या कहना है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सनातन संस्कृति के बारे में अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। योगी सरकार की तारीफों के पूल बांधते हुए श्री पाठक ने कहा, उत्तर प्रदेश भारत में नम्बर वन राज्य के रूप में स्थापित होने के लिए तेजी से आगे बढ़ चुका है। भारत विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होने जा रहा है। उन्होंने सपा अध्यक्ष के बारे में कहा, अखिलेश यादव को जनता-जनार्दन से कोई लेना-देना नहीं है। वहीं, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने भी सपा और कंग्रेस पर निशाना साधा। ओपी राजभर ने कहा, कंग्रेस और सपा दोनों ही भाजपा की बी-टीम हैं। ये दोनों पार्टियां समय-समय पर बीजेपी की मदद करती हैं। श्री राजभर ने कहा, दिल्ली में कंग्रेस ने मदद किया और बीते लोकसभा चुनाव में जब कंग्रेस ने प्रयास किया कि बसपा साथ आ जाये तब सपा ने विरोध किया। कैबिनेट मंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान सपा की भूमिका पर कहा, जिस वक्त कंग्रेस ने कोशिश की थी कि बसपा भी इण्डिया गठबन्धन में शामिल हो जाये तब उस वक्त सपा ने ही इस पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा, आज राहुल गांधी कह रहे हैं कि अगर बीएसपी साथ होती तो लड़ाई की दिशा दूसरी होती। इसके साथ ही उन्होंने कंग्रेस को चुनाव लड़ने के तरीके पर नसीहत भी दी।

## 23 फरवरी को विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन अपना 45वाँ वार्षिक अधिवेशन मनायेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन उत्तर प्रदेश का 45वाँ वार्षिक अधिवेशन दिनांक 23 फरवरी 2025 को गांधी भवन प्रेक्षा गृह, शहीद स्मारक के सामने कैसरबाग लखनऊ में आयोजित करेगा और चंद्र प्रकाश अवस्थी 'बब्बू' केंद्रीय अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में बताया कि इन दिनों ऊर्ज़ा क्षेत्र के बारे में बहुत ही नकारात्मक विषयों योजनाओं की चर्चा पूरे देश एवं प्रदेश में हो रही है जो कि तर्कहीन है। 2000 में विभाग को तीन हिस्सों में बांटने का कार्य सरकार ने यह यह कहकर किया था कि विभाग को घाटे से उबरकर और बेहतर विद्युत व्यवस्था एवं उपभोक्ता सेवा में सुधार का हवाला देकर कर दिया परंतु इस विभाजन से ऊर्ज़ा विभाग का बंटाधार हो गया। अधिकारियों कर्मचारियों ने ऊर्ज़ा क्षेत्र से संबंधित सरकार की सभी योजनाओं को जी जान से पूरा किया है। इसी के दम पर सरकार और शासन गर्व के साथ उत्तर प्रदेश की विद्युत व्यवस्था की तारीफ करते नहीं अघाते। उन्होंने आगे कहा कि कर्मचारियों की मेहनत का पुरस्कार देने के स्थान पर उनको प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। संगठन के कर्मचारी हितों से संबंधित मांगों को जानबूझकर ठंडे बस्ते में डालकर कार्मिकों का मनोबल तोड़ने का काम निरंतर जारी है। प्रबंधन बेलगाम हो चुका है और सच्चाई सुनना नहीं चाहता। कर्मचारियों की सहमत बनी प्रमुख मांगे यथा-निजीकरण की सरकारी सोच को समाप्त किया जाय, 2. विद्युत व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करते हुये पुरानी पेंशन योजना लागू की जाये।

# बार एसोसिएशन की बैठक हुई संपन्न, नए बिल को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश उपजिलाधिकारी को सोपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजिनी नगर लखनऊ । राजधानी के सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा कार्यकारिणी की बैठक की गई। कार्यकारिणी की बैठक राजेश कुमार सिह अध्यक्ष सरोजनीनगर बार एसो की अध्यक्षता में एवं गोविन्द्र प्रताप शुक्ला एडवोकेट महामंत्री सरोजनीनगर बार एसो0 लखनऊ के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में सरोजिनी नगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया भारत सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन कर नया कानून लाने की तैयारी की जा रही है और अधिवक्ता संशोधन बिल का ड्राफ्ट बनाया गया है और उक्त बिल पास होकर कानून में तब्दील हो जायेगा जो अधिवक्ता हितों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहा है। तथा जो अधिवक्ता के व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन करता है उसका प्रस्तावित संशोधन बिल से भविष्य में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज व समस्त बार एसो0 एवं अधिवकताओं की मौलिक स्वतंत्रता एकता व अखण्डता को खण्डित करने तथा दमन करने के आशय को परिलक्षित करता है प्रस्तावित अधिवक्ता बिल 2025 को सरोजनीनगर बार एसो0 के समस्त अधिवक्ता विशेष प्रदर्शित करते है। सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया है कि अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में शुक्रवार के दिन सरोजनीनगर बार एसो0 लखनऊ समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से पूर्ण रूप से विरत रहेगा। सरोजिनी नगर बार एसोसिएशन के महामंत्री गोविंद प्रताप शुक्ला ने बताया कि अगर सरकार अधिवक्ताओं के हितों के लिए बिल में संशोधन नहीं करेगी तो हम सभी अधिवक्ता साथी आगे की रणनीति करेंगे उन्होंने बताया कि देश के सभी अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बैठक में रोहित कुमार सिंह, अमित प्रताप सिंह, राजेश कुमार सिंह, संजय तिवारी, विवेक कुमार सिंह, सचिन जायसवाल, समर सेन, गुलबीर सिंह, खुर्शीद अहमद, एच आर रहमान, देवेंद्र कुमार, ललित मोहन ओम प्रकाश सिंह अंकुश निर्मल मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र तिवारी आदि अधिवक्तागण काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# नीड ने महिला सुरक्षा कार्यक्रम का किया आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। विगत दो दसकों से महिलाओं के उत्थान के लिए नीड संस्था ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के बीच अपना योगदान दिया है। जिसमें स्वयं सहायता समूह, कंप्यूटर ट्रेनिंग सिलाई कढ़ाई सेंटर के साथ साथ महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाती रहती है। इसी क्रम में आज ग्राम सराय अली पुर काकोरी में महिलाओं से हो रही उत्पीड़न के विषय में महिला सुरक्षा जागरूकता पर एक भव्य कार्यक्रम किया जिसमें महिलाओं और बालिकाओं से हो रही छेड़ छाड़ से संबंधित सरकार द्वारा दिए गये मिशन शक्ति के टोल फ्री नंबरों के महत्त्व के बारे में बताया ताकि उत्पीड़न की समस्या में आप इनका लाभ कैसे ले सकें।

# प्रदेश के बजट से आम जनमानस का कोई लाभ नहीं:अकील खान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान ने कहा कि योगी सरकार के नौवें बजट में भी पहले की तरह कोई विजन नहीं है इस प्रदेश को किस दिशा में लिए जा रहे हैं इस बजट का भाजपा के घोषणा पत्र से भी कोई तालमेल नहीं है बजट में कोई स्पष्टता नहीं है किसानों नौजवानों के लिए क्या करना है गुरुवार को पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान संगठन के प्रदेश कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में यह बात कही श्री खान ने कहा कि बजट खोखला है बजट देखकर किसानों की उम्मीदो का खेत सूख गया महिलाओं के माथे पर घर चलाने की चिंता साफ दिख रही है बेरोजगारों की आंखों के सामने अंधेरा छा गया है बजट देखकर कारोबारी और व्यापारी और मंडी की मार गहरा गई है विधानसभा के अंदर मेज पीटने वाले भारतीय जनता पार्टी के विधायकों और मंत्रियों के गले बजट देख कर सूख गए हैं लेकिन कुछ कह नहीं सकते हैं क्योंकि विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में? बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का सामना करना पड़ेगा उन्हें जनता के गुस्से का शिकार भी होना पड़ेगा श्री खान ने कहा कि बजट में महंगाई और बेरोजगारी दूर करने के लिए कुछ भी नहीं है। यह बजट झूठ का पुलिंदा है प्रदेश की 25 करोड़ की जनता की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश है प्रदेश सरकार अपनी कमियों को छुपाने के लिए गलत आंकड़े पेश करने से बाज नहींआ रही है। सच यह है कि आज संपूर्ण उत्तर प्रदेश के अंदर प्रति व्यक्ति आय के मामले में28 वें स्थान पर है प्रदेश के किसानों ने डीएपी व यूरिया खाद को ब्लैक में खरीदा है,ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों की बीमा की रकम किसानों तक नहीं पहुंची।

# कल इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में बॉडी बिल्डर्स के बीच होगा महामुकाबला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । यूपी बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन और लखनऊ बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन के तत्वाधान में दो दिवसीय 14वां फ़ेडरेशन कप 2025 चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया है। जिसमें 23 फरवरी को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में महामुकाबला होगा। यह मुकाबला 11 बजे से रात 08 बजे तक चलेगा। जिसके बाद विजेता की घोषणा व पुरस्कार का वितरण किया जाएगा। इसमें सीनियर पुरुष बॉडीबिल्डिंग पुरुष स्पोर्ट्स फिजिक और महिला मॉडल फिजिक का प्रदर्शन होगा। इसमें 300 से ज़्यादा एथलीट और 100 अधिकारियों के बीच होगा मुकाबला। इसमें यतिंद्र सिंह(वर्ल्ड चैम्पियन),राम निवास (वर्ल्ड चैम्पियन), जावेद(रेलवे चैम्पियन),संजना ढलक(मिस इण्डिया) व चिथरेस(इन्कम टैक्स ऑफीसर, केरला) भी इस महामुकाबले में मौजूद रहेंगे।

# राजेश्वर सिंह ने पूरा किया सिख समुदाय का बड़ा सपना: अमृतसर-करतारपुर तीर्थयात्रा की हुई शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर-लखनऊ। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को साकार करते हुए, सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने 41 सिख श्रद्धालुओं के लिए करतारपुर साहिब तीर्थयात्रा की विशेष व्यवस्था कर इतिहास रच दिया है। यह पहली बार है जब सरोजनी नगर क्षेत्र से सिख श्रद्धालुओं को पूर्ण सहयोग के साथ अमृतसर-करतारपुर साहिब तीर्थयात्रा करवाई जा रही है, जिससे यह पहल ऐतिहासिक बन गई है।डॉ. राजेश्वर सिंह की दूरदर्शी पहल के अंतर्गत श्रद्धालु 24 फरवरी 2025 को अमौसी एयरपोर्ट से अमृतसर के लिए रवाना होंगे। स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने के पश्चात, वे वाघा बॉर्डर पार कर ऐतिहासिक करतारपुर साहिब गुरुद्वारा पहुंचेंगे, जहां वे गुरु नानक देव जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। सभी श्रद्धालु 26 फरवरी 2025 को वायुयान से ही लखनऊ वापस लौटेंगे। समाज और धर्म की सेवा ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। इसी भावना के साथ विधायक आवास (ख950, आशियाना) पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं को विधिवत बोर्डिंग पास सौंपे गए। इस अवसर पर, डॉ. सिंह ने सिख प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को पटका और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और सिख विरासत, धार्मिक सौहार्द एवं इस यात्रा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर, डॉ. सिंह ने इस तीर्थयात्रा को गुरु नानक देव जी का आशीर्वाद बताया, जिन्होंने अपने जीवन के अंतिम 18 वर्ष करतारपुर साहिब में बिताए थे। उन्होंने श्रद्धालुओं को आश्वस्त करते हुए कहा, ''अमृतसर से लेकर करतारपुर साहिब तक की सभी व्यवस्थाएँ मैं स्वयं देख रहा हूँ, ताकि हमारे सिख भाई-बहनों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।'' सिख गुरुओं के बलिदानों को याद करते हुए, उन्होंने सिख समुदाय की वीरता की सराहना करते हुए कहा, ''सिखों की बहादुरी के कारण ही आज हिंदुस्तान का अस्तित्व है।

# बिजली विभाग ने 20 उपभोक्ता बिजली चोरी में पकड़े



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली विभाग द्वारा चलाये जा रहे छापेमारी का सिलसिला लगातार जारी हैं। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल का कहना है कि जब तक उनके क्षेत्र में पूरी तरह से बिजली चोरी पर लगाम नहीं लग जाती है तब तक इसी तरह से छापेमारी का सिलसिला लगातार जारी रहेगा ताकि सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को बिना किसी बाधा के बिजली उपलब्ध कराई जा सके। शुक्रवार को चौक सर्किल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद पाण्डेय के निर्देश पर चौक डिवीजन व ठाकुरगंज तथा रेज़ीडेन्सी डिवीज़न में बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से विभाग द्वारा विजिलेंस टीम व उपखंड अधिकारी व अवर अभियंताओं ने विभागीय टीम सहित सुबह सवेरे चेकिंग अभियान चलाया था। अधीक्षण अभियंता रमेश चंद पाण्डेय ने बताया की इस चेकिंग अभियान के दौरान पाटानाला, अशरफाबाद, बालदा, शाहगंज, नक्खास, चिकमंडी, ए पी सेन रोड, महबूबगंज, कटरा मोहम्मद अली खान आदि इलाक़ो में कुल 97 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक किया गया था। इसमें से 20 उपभोक्ताओं को 31.60 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते पाया गया। उन्होंने बताया की बिजली चोरी करने वाले इन सभी 20 उपभोक्ताओं के खिलाफ थाना एंटी पावर थेफ में बिजली चोरी की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है और सभी का कनेक्शन बिजली पोल से काट दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से इसी तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में आयोजित तीन दिवसीय फिएस्टा 2025 का हुआ समापन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में 18 से 20 फरवरी तक तीन दिवसीय सांस्कृतिक, साहित्यिक, तकनीकी और खेल महोत्सव ''फिएस्टा 2025'' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, फैशन शो, नुक्कड़ नाटक, रोबोट वॉर, मुशायरा, खेल प्रतियोगिताएं, बैत बाज़ी, सिंगिंग, कव्वाली, नृत्य जैसी कई संगीतमय प्रस्तुतियां शामिल थीं।

## केंद्रीय तंत्रिका तंत्र, हृदयवाहिनी तंत्र, हड्डी विकार, प्रजनन स्वास्थ्य तथा कैंसर जैसे विकारो पर हुआ विचार विमर्श

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीएसआईआर-सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट लखनऊ में आयोजित औषधि अनुसंधान में वर्तमान प्रवृत्तियों पर 9वीं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के तीसरे दिन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों द्वारा केंद्रीय तंत्रिका तंत्र, हृदयवाहिनी तंत्र, हड्डी विकार, प्रजनन स्वास्थ्य तथा कैंसर जैसे विकारो पर विचार-विमर्श किया गया। दिन के आखरी सत्र का समापन फ्लैश टॉक्स सत्र के साथ हुआ, जिसमें चयनित छात्रों और युवा संकाय सदस्यों ने अपने नवीनतम शोध निष्कर्ष साझा किए। इसके अलावा, पोस्टर सत्र में युवा शोधकर्ताओं द्वारा 180 से अधिक पोस्टर प्रदर्शित किए गए, जो उनके नवाचारपूर्ण अनुसंधान को उजागर करते हैं।

## बीफार्मा की बची सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में सत्र 2024-25 के बीफार्मा पाठ्क्रम के लिए काउंसलिंग के बाद बची मैनेजमेंट कोट और रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्री पंजीकरण 21 फरवरी से 25 फरवरी तक होगा। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण प्रिंट में क्यूआर कोड जरूर दिखना चाहिए। साथ ही जिस पंजीकरण का भुगतान ऑनलाइन नहीं होगा उसे मान्य नहीं माना जाएगा। ऐसे करें पंजीकरण प्रवेश के लिए सीयूईटी 2024 परीक्षा में शामिल और नहीं भी शामिल अभ्यर्थी जो न्यूनतम शैक्षिक अर्हता रखते हैं सम्मिलित हो सकते हैं। पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाएं। वेबसाइट के मुख्य पेज पर पंजीकरण के लिए लिंक दिया गया है। लिंक खोलते ही आवेदन प्रारूप खुलेगा। जिस पर मांगी गयी सूचना को भरना होगा। इस पर भरी गयी सूचनाएं अगले चरण में संशोधित नहीं की जा सकेंगी। इसलिए इसे पूरी सावधानी से भरना जरूरी है। सूचना भरने के क्रम में अभ्यर्थी को अपने सम्पर्क विवरण की सूचना को मोबाइल ओटीपी से सत्यापित करना पड़ेगा। जिससे आगे की सभी सूचनाएं मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी से सत्यापित होंगी। ओटीपी सत्यापित करने के बाद अभ्यर्थी को एक पंजीकरण संख्या मिलेगी। जिससे वह अपने डैशबोर्ड पर पहुंचेगा। जहां उसे अपना शुल्क ऑनलाइन भुगतान करना होगा। इसके बाद बची जानकारी को भरा जाएगा। पूरा फॉर्म भरने के बाद एक बार रिचेक का भी मौका मिलेगा। इसके बाद फाइनल सबमिट कर प्रिंट लिया जा सकेगा।

## पंखे से साड़ी बांध कर लटके पति-पत्नी पति की मौत पत्नी वेंटिलेटर पर

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव भट्ठी बरकत नगर में पति - पत्नी पंखे से साड़ी बांध कर लटक गए।इस घटना में पति की मौत हो गई तो पत्नी वेंटीलेटर पर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव भट्ठी बरकत नगर निवासी पूर्व कोटेदार राम खेलावन के बेटे रवि (22) और बहू काजल (20) 19 फरवरी की रात 11 बजे अपने ही कमरे में छत में लगे पंखे से पीली साड़ी बांध कर एक साथ लटक गए। घटना की जानकारी होते ही कमरे का दरवाजा तोड कर दोनों को बाहर निकाला गया। उन्हें इलाज के लिए विद्या हास्पिटल ले जाया गया। वहीं रवि की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी मेडिकल कालेज में वेंटिलेटर पर जिंदगी मौत से संघर्ष कर रही है। गांव से मिली जानकारी के अनुसार मौके पर मिले सुसाइड नोट में स्वेच्छा से आत्महत्या की बात लिखी गई हैं। मृतक घर पर रहकर खेती बाड़ी का काम करता था। मृतक रवि ने जनपद रायबरेली के गांव की युवती काजल के साथ नवंबर 2024 में लव-मैरिज किया था। दोनों ने आत्महत्या की ओर कदम क्यों उठाया यह बात रहस्य बनी हुई है।

## वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन, मुमताज पीजी कॉलेज ने हासिल किया प्रथम स्थान

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुमताज पीजी कॉलेज में आयोजित कमरयाब जिलानी मेमोरियल अंतर महाविद्यालयी वाद विवाद प्रतियोगिता में शिया पीजी कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें ऑनलाइन स्टडी बनाम ऑफलाइन स्टडी विषय पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में मुमताज पीजी कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान, श्री जय नारायण मिश्रा पी.जी. कॉलेज की टीम ने द्वितीय स्थान व नवयुग पीजी कॉलेज की टीम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## लखनऊ मेट्रो ने यात्रियों के लिए शुरू की लॉकर रूम की व्यवस्था,

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने लखनऊ मेट्रो के तीन प्रमुख स्टेशनों- चारबाग, आलमबाग बस स्टैंड और सीसीएस एयरपोर्ट पर लॉकर रूम की सुविधा शुरू की है। इससे यात्रियों को अपना सामान सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से रखने का विकल्प मिल सकेगा। इसमें दो तरह के लॉकर मिलेंगे। जिसमें छोटा लॉकर 8 घंटे के लिए 20 रूपये चार्ज व बड़ा लॉकर 8 घंटे के लिए 50 रूपये चार्ज लगेगा।

## कठिन परिस्थितियों में सर्प एवं चूहे के समान संधि कर लेनी चाहिए : जीयर स्वामी

**महाकुम्भ नगर।** हर ?व्यक्ति को मार्यादा के अंतर्गत अपने जीवन को जीना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में मर्यादा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। विषम परिस्थिति में भी मर्यादा का पालन करते रहना चाहिए। क्योंकि मर्यादा ही पुरुष की शोभा है। मनुष्यों को जीव-जन्तुओं से भी प्रेरणा लेनी चाहिए। मनुष्य के जीवन में जब कठिन परिस्थिति आए तो शत्रुओं से भी सर्प एवं चूहे की समान संधि कर लेनी चाहिए। यह बातें श्रीत्रिदण्डी स्वामी के शिष्य श्री जीयर स्वामी महाराज ने हिन्दुस्थान समाचार से एक विशेष वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जो माया की वृत्तियों से आसक्त नहीं होते, जो वायु के समान सदा सर्वदा असंग रहते हैं, जिनमें समस्त शक्तियां आकर शान्त हो जाती हैं, उन भगवान को हम सब नमस्कार करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान देवताओं की ?स्तुति सुनकर दर्शन देते हैं। जब सृष्टि पर संकट आया तो भगवान ने ब्रह्माजी, शंकरजी सहित सभी देवताओं से कहा कि यह समय अभी उन्नति का नहीं है। जब ?तक तुम्हारी उन्नति या वृद्धि का समय न आए, यह नीति कहती है कि असुरों से संधि कर लो क्योंकि अभी आप सबों की विजय कठिन है। भगवान ने देवताओं को असुरों से संधि करने की सलाह दी। श्री जीयर स्वामी ने कहा कि भगवान ने देवों को दानवों से मिलकर समुद्र मंथन करने की सलाह दी और कहा कि जब दोनों समुद्र मंथन करोगे तो अमृत निकलेगा।

# पानी की समस्या से जूझ रहे कई परिवारों ने किया पलायन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर आयुक्त व लखनऊ महापौर राजधानी वासियों की पानी की समस्या को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत है। किंतु जलकल विभाग के ज़ोन 6 में कुछ वार्डों में पानी की समस्या अभी भी बरकरार है। अंबरगंज वार्ड के गुलाब नगर व हरि का फॉर्म मोहल्ला में एक महीने से लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है यहां के स्थानीय लोगों ने बताया कि पानी की किल्लत के चलते दर्जनों परिवार यहां से पलायन कर गए हैं। लोगों का कहना था कि यहां लगभग 400 परिवार मात्र दो सबमर्सिबल के सहारे रहते हैं उसने भी री बोर की समस्या आ जाने के कारण अब हम लोगों को दूर दराज़ से पानी भर कर लाना पड़ रहा है। लोगों का कहना था कि हमारे घर के बच्चे दूर-दराज से पानी लेकर आते हैं ऐसे में अब बच्चे अपनी पढ़ाई करें या घर का पानी ही भरते रहे यह एक बड़ा सवाल है। यहां के रहने वाले इकबाल अहमद कहते हैं कि मेरी सांस फूलती है उसके बावजूद मुझे दूर दराज़ से पानी भर कर लाना पड़ता है। हम यहां के वोटर हैं हर चुनाव में वोट भी देते हैं फिर भी हम मूलभूत सुविधाओं से वंचित है जलकल विभाग के अधिकारी भी हमारी नहीं सुनते। यहां के पूर्व पार्षद मोहम्मद अहसन कहते हैं जलकल विभाग ज़ोन 6 के अधिशाषी अभियंता को फोन करने पर वह फोन जल्दी नहीं उठाते हैं और अगर कभी उठा भी लेते हैं तो संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं। मोहम्मद अहसन कहते हैं कि आगे होली का त्यौहार आ रहा है रमजान भी आ रहे हैं ऐसे में स्थिति और ख़राब हो जाएगी वह कहते हैं कि क्षेत्र में अभी तक कोई पाइपलाइन नहीं पड़ी है यहां के लोग सबमर्सिबल के ही सहारे रहते हैं यहां पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव विभाग को भेजा जा चुका है उसे पर कोई सुनवाई नहीं हुई संबंधित अधिकारियों को चाहिए है कि जनता की इस समस्या का ध्यान रखते हुए इस क्षेत्र में अतिशीघ्र पानी की समस्या को दूर करें।

**गढ़ी पीर खान वार्ड में भी है रिबोर की समस्या** ,

गढ़ी पीर खान वार्ड के भी कई मोहल्ले में पानी की लाइन नहीं पड़ी है तथा कई मोहल्ला में ऊंचाई के कारण पाइपलाइन होने के बावजूद पानी की सप्लाई नहीं हो पाती है ऐसे में स्थानीय पार्षद द्वारा यहां लोगों को पानी पहुंचाने के लिए कई जगह पर सबमर्सिबल लगाए गए थे कई जगह के यह सबमर्सिबल खराब हो चुके हैं और इनको रिबोर की जरूरत है। यहां रामनगर निवासी एस के लोधी कहते हैं की मोहल्ले में एकमात्र सबमर्सिबल से कई परिवार पानी लेकर अपना जीवन यापन करते हैं 25 जनवरी को यह सबमर्सिबल खराब हो गया था जिसकी शिकायत जलकल विभाग से की गई थी जिसके बाद विभाग द्वारा इसको ठीक किया गया था किंतु 15 दिन बाद ही यह सबमर्सिबल फिर से खराब हो गया इसके बाद इसको देखने आए विभाग के लोगों ने बताया कि इसमें रिबोर की आवश्यकता है। एस के लोधी कहते हैं की गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है मोहल्ले में पानी की त्राहि त्राहि मची हुई है छोटे-छोटे बच्चे व महिलाएं दूर दराज़ से पानी भरकर ला रहे हैं और जहां यह लोग पानी भरने के लिए जाते हैं तो उस मोहल्ले के लोग भी एतराज करते हैं यदि आपके इलाके का लोड भी हमारे सबमर्सिबल पर पड़ गया तो यहां का भी सबमर्सिबल खराब हो सकता है। उनका आरोप था कि स्थानीय अवर अभियंता कुलदीप को जब फोन करो तो वह फोन भी नहीं उठाते हैं और काट देते हैं। वहीं इलाके की पार्षद शाइस्ता परवीन के पति पूर्व पार्षद अयाजुर रहमान उर्फ़ अल्लाह प्यारे कहते हैं की रामनगर, करीमगंज, मोज़्ज़म नगर, गढ़ी पीर खान, कैसे कई इलाकों में पानी की समस्या है उन इलाकों में नगर निगम द्वारा सबमर्सिबल टंकियां लगाई गई थी वो सबमर्सिबल भी खराब हो चुके है यदि विभाग द्वारा या यह सबमर्सिबल रिबोर करवा दिये जाए तो लोगों की पानी की परेशानी को दूर किया जा सकता है किंतु विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अब बड़ा सवाल यह उठता है की आखिर सरकार व नगर निगम जनता की इस पानी की परेशानी को कब तक दूर करेगी और नगर निगम के दावों पर जनता कैसे विश्वास करेगी।

# केंद्रीय बजट 2025 भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में साबित होगा मील का पत्थर: कमलेश मिश्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। केंद्रीय बजट 2025 भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में मील का पत्थर साबित होगा इस बजट में देश के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्यान सूत्र पर आधारित बजट देश को समर्पित किया है जिसमें ग्यान में ग का अर्थ गरीब य का अर्थ युवा अ से अन्नदाता और न से नारी को समर्पित है। उक्त उद्बोधन भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा द्वारा नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में व्यापारियों एवं प्रेस के बंधुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी बताया कि बजट में स्वास्थ्य ,शिक्षा, रोजगार निवेश सभी का विशेष ध्यान रखा गया है और गरीबो को निशुल्क मकान देने के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने केंद्रीय बजट को भारत की जनता खासकर मिडिल क्लास के लोगों के लिए ऑक्सीजन बताया और 12 लाख तक की कर छूट को देश की उन्नति का एक पिलर बताया। उन्होंने यह भी बताया कि 2014 से पहले का बजट जहां एक पार्टी अपने तुष्टिकरण के लिए बनाती थी वहीं आज 2014 के बाद नरेंद्र मोदी सरकार ने विकसित भारत को ध्यान में रखकर अपने बजट बनाए हैं उन्होंने बताया भारतीय जनता पार्टी भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए संकल्पबद्ध है इसलिए वह प्रतिवर्ष अपने बजट में देश की व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देती है इसी सूत्र के आधार पर 2025-26 का केंद्रीय बजट देश को समर्पित किया गया है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि केंद्रीय बजट भारत के भविष्य की उज्जवल आधारशिला है उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सकारात्मक विजन से भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है 2025 का बजट विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है उन्होंने बताया कि गरीब युवा नारी और किसान को समर्पित यह बजट देश के प्रत्येक क्षेत्र में आर्थिक संपन्नता बनाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी , नमिद्र अवस्थी अभिषेक गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका खैराबाद प्रतिनिधि वीरेंद्र पुरी, गोपाल टंडन प्रेमचंद अग्रवाल सागर गुप्ता अभिषेक भारती सुरेश तिवारी, सुधाकर शुक्ला जिला उपाध्यक्ष इन्दु सिंह, जितेंद्र मल्होत्रा विश्राम सागर राठौर कंचन प्रभा पांडे रमेश भार्गव दीपू आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक नैमिष रत्न तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिले के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं महत्वपूर्ण व्यक्ति उपस्थित रहे उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की प्रशंसा की।

# ब्लाक खैराबाद की ग्राम पंचायत दहेलिया श्रीरंग में, हुए उपचुनाव के मतों की गणना खैराबाद ब्लॉक पर हुई

- रमाकांती त्रिपाठी 160 मतों से विजयी घोषित हुई , विजयी प्रधान को प्रमाण पत्र एसडीएम सदर के द्वारा दिया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद। ब्लाक खैराबाद की ग्राम पंचायत दहेलिया श्रीरंग में हुए उपचुनाव के मतों की गणना खैराबाद ब्लॉक पर हुई।, यहां की प्रधान श्यामा देवी की 29 अगस्त 2024 को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था। तब से यह सीट रिक्त थी।बुधवार को हुए इस उप चुनाव में पूर्व प्रधान श्यामा देवी की पुत्रवधू रूपाली त्रिपाठी सहित अयोध्या प्रसाद यादव, रमाकांती त्रिपाठी, श्रवण कुमार कुल चार प्रत्याशी मैदान में थी । दहेलिया श्रीरंग ग्राम पंचायत में कुल 2472 मतदाता हैं मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसकी मतगणना आज खैराबाद ब्लाक परिसर में पूर्ण हुई जिसमें रमाकांती त्रिपाठी को 745 मत मिले अयोध्या पृसाद को 585 मत मिले और वही रूपाली को 424 मत मिले वही श्रवण कुमार शुक्ला को 35 मत मिले अवैध मतों की संख्या 29 रहीजिसमें रमाकांती त्रिपाठी 160 मतों से विजयी घोषित हुई । विजयी प्रधान रमाकांती त्रिपाठी को प्रमाण पत्र एसडीएम सदर के द्वारा दिया गया।इस अवसर पर शिव अमन सिंह, एसडीएम सदर, तहसीलदार, खैराबाद इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह व विजय प्रधान के समर्थक उपस्थित रहे।

# बिसवा बार एसोसिएशन वा लायर्स एसोसिएशन ने महामहिम राष्ट्रपति व विधि मंत्री को संबोधित ज्ञापन एस डी एम को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां सीतापुर। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा एवम बिसवा लायर्स एसोशिसीयेशन के संयुक्त तत्त्वधान में केन्द्र सरकार द्वारा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट में मनमाने तौर पर संशोधन कर वकीलों के अधिकारों पर अंकुश लगाने के विरोध में देश के महमहिम राष्ट्रपति एवम विधि मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार को दिया। बिसवा लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई,सचिव सत्य प्रकाश सिंह शीलू, बिसवा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र नाथ सिंह,सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में तहसील परिसर में स्थित शहीद स्थल पार्क में समस्त एडवोकेट एकत्र हुए।वही से सभी एडवोकेट ने एकता के साथ उपजिलाधिकारी बिसवा को सौपा। ज्ञापन के माध्यम से सरकार द्वारा लाये गए संशोधन को वापस लेने की मांग करते हुए अधिवक्ताओं ने न्यायालय में न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर दोनों बार संगठनों के सभी पदाधिकारी तथा अधिवक्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ज्ञापन देने के पूर्व लायर्स एशोसिएशन के सचिव एस. पी. सिंह तथा बिसवां बार एसोसिएशन के सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव ने प्रोटेक्शन एक्ट में लाये जा गए संशोधन की जानकारी अधिवक्ताओं को दी। इस अवसर पर अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन एल्डर कमेटी के चेयरमैन बृजेश नारायण गुप्ता,लाल जी वर्मा,रसिक बिहारी गुप्ता,सुरेश मौर्य,दिनेश श्रीवास्तव, अशोक वर्मा,राज किशोर यादव,सूर्य प्रसाद यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया,आनंद मेहरोत्रा, इंद्र पाल वर्मा,अनमोल कन्हैया, शिशुपाल यादव अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, अश्विनी कुमार त्रिपाठी,जितेंद्र मिश्राजीतू, गौरव सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव,के के वैश्य, प्रमोद यादव,अभय अवस्थी,मनोज गुप्ता, रेनु राजपूत, बरखा सिंह, राधेलाल वर्मा,राज किशोर मिश्रा,आलोक श्रीवास्तव,रजनीश मिश्रा, मन्नालाल बाजपेई, अश्विनी श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, ललित शर्मा, मनमोहन भार्गव, इकबाल अहमद, विपिन बिहारी यादव, हरिओम यादव,राम किशोर वर्मा, राहुल कु मार अरुन श्रीवास्तव, मो सालिम, कमल मनोरम वर्मा,विनोद वर्मा, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

# प्राथमिक विद्यालय दुघरा में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

- बच्चों को दिया गया पुरस्कार
- विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने स्वागत गीत , सरस्वती वंदना समेत नाटक भी प्रस्तुत करकार्यक्रम में विराजमान लोगों का मनमोहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पहला,सीतापुर। जनपद सीतापुर के विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत दुघरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव 2024- 2025 के तहत मिशन शक्ति एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के संस्थापक आर के बाजपेई उपस्थित रहें। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैंन प्रतिनिधि अतुल कुमार वर्मा , श्री भगीरथ सरस्वती बाल विद्या मंदिर कोठार चौड़िया सीतापुर के उप प्रबंधक कृतार्थ मिश्रा, चन्द्रमौली आश्रम रमनगरा के सचिव मुकेश मिश्रा , श्री शिव चरन लाल मेमोरियल इण्टर कालेज रामाभारी सीतापुर के प्रबंधक मोहन लाल भार्गव ,जिला पंचायत सदस्य प्रेम दीप जायसवाल, समाजसेवी रंजीत यादव , ग्राम पंचायत बनेहरा वीरबल प्रधान प्रतिनिधि एवं कवि शशि बिंदु यादव ,अनुज कुमार यादव प्रधान सदरावां, अनूप सूरज प्रधान कंडारी , संस्था सहकोषाध्यक्ष ओमकार सिंह यादव , संजय सिंह प्रधान प्रतिनिधि दुघरा समेत कई अन्य विशिष्ट एवं सहविशिष्ट अतिथियों ने पहुंच वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल रहें। और वहीं उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि आर के बाजपेई के द्वारा दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।और यह कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय दुघरा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनय कुमार सिंह एवं सहयोग छात्र शिक्षा समित के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम ग्राम प्रधान सावित्री देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने स्वागत गीत , सरस्वती वंदना समेत नाटक भी प्रस्तुत कर कार्यक्रम में विराजमान लोगों का मनमोहा। और इस कार्यक्रम में सहयोग छात्र शिक्षा समिति के द्वारा प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं में सर्वाधिक कक्षा में उपस्थित होने वाले पांच बच्चों को एक एक बैग ,कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को कापी,पेन ,पेंसिल आदि शिक्षा सामग्री देकर संस्था के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। और वहीं इस कार्यक्रम में शामिल हुए शिक्षक, प्रधान, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधियों को विद्यालय परिवार एवं सहयोग छात्र शिक्षा समिति के द्वारा कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को फूलमाला पहनाकर उन्हें राम दरबार की शील्ड , डायरी, पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों , जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय के बच्चों समेत भारी संख्या में अन्य लोग भी मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर हरिनाम सिंह यादव के द्वारा किया गया।

# सीतापुर केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग, कोई हताहत नहीं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। में द लक्ष्मी आर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड तेजाब फैक्ट्री में लगी आग उत्तर प्रदेश के सीतापुर में शुक्रवार को केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।आग बुझाने के लिए छह से सात फायर टेंडर मौके पर पहुंची।एसडीएम सीतापुर सदर अभिनव कुमार ने कहा, ल्लफैक्ट्री मालिक ने कहा कि उन्हें संदेह है कि कुछ रिसाव हुआ है जिसके वजह से आग लगी थी। अब आग पर काबू पा लिया गया है। छह से सात फायर टेंडर ऑपरेशन में लगे हुए थे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।आग लगने की सही वजह अभी पता नहीं चल पाई है।फैक्ट्री में रखे हजारों टन केमिकल और तेजाब आग की चपेट में आ गया है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं।

# चुनावी भ्रमण के क्रम में बीआरसी बेहटा मे हंसराज वर्मा प्रत्याशी जिलामंत्री व टीम का हुआ आगमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय चुनाव के संदर्भ में हंसराज वर्मा के चुनावी भ्रमण के क्रम में बीआरसी बेहटा मे हंसराज वर्मा प्रत्याशी जिलामंत्री व टीम का आगमन हुआ हंसराज वर्मा के साथ आये अतिथि राजेन्द्र वर्मा पूर्व अध्यक्ष पहला ब्लाक, जंग बहादुर यादव अध्यक्ष रामपुर मथुरा अजय मिश्र मंत्री महमूदाबाद,दिलीप वर्मा पूर्व मंत्री रामपुर मथुरा डॉध वहिदुज्जहां कोषाध्यक्ष महमूदाबाद आलोक वर्मा आज़ाद वरिष्ठ अध्यक्ष लहरपुर डॉ सुशील वर्मा, उमेश वर्मा,अमित शुक्ला का स्वागत ब्लॉक अध्यक्ष सिद्धार्थ पटेल,मंत्री पंकज शाक्य, उपाध्यक्ष तुफैल अहमद,संयुक्त मंत्री चंद्रिका प्रसाद के साथ उपस्थित बेहटा के सम्मानित डेलीगेट्स व पदाधिकारियों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया।बैठक का संचालन चंद्रिका द्वारा किया गया। अध्यक्ष सिद्धार्थ पटेल द्वारा बैठक को सम्बोधित करते हुए हंसराज वर्मा के समर्थन में पूरे जोर शोर व ऊर्ज़ा के साथ लगने को कहा गया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के भटकावें में न आये, क्योंकि सूचना मिल रही है कि कुछ विपक्षी लोग फ़ोन द्वारा या संपर्क करके भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, उनके बहकावें में न आएं। जबकि इन विपक्षियों के एक भी वोट नही हैं। बेहटा का पूर्ण समर्थन हंसराज वर्मा व जिलाध्यक्ष रवींद्र दीक्षित के साथ हैं। हंसराज वर्मा द्वारा शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई व चुनाव में ससमय पंहुचने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि आप सभी का एक एक वोट हमे सैकड़ों वोटों से विजयी बनाएगा और बेहटा के पूर्ण समर्थन के लिए धन्यवाद दिया बेहटा के शिक्षकों द्वारा हंसराज वर्मा व अतिथियों को लड्डू खिलाकर एडवांस जीत की बधाई दी गयी बैठक को उमेश वर्मा, जंगबहादुर यादव, राजेन्द्र वर्मा ,आलोक आज़ाद के साथ साथ पंकज शाक्य, तुफैल अहमद खान, सत्यप्रकाश, चंद्रिका प्रसाद सहित अन्य शिक्षकों द्वारा संबोधित किया गया व हंसराज वर्मा के समर्थन में मतदान की अपील की।

## गौ माता को मिले राष्ट्र माता का दर्ज़ा

**खैराबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज महाकुंभ से चलकर कर के प्रतिष्ठा पदयात्रा गुरुवार को खैराबाद में बड़ी संगत पहुंची जहां पर बड़ी संगत के महंत बजरंगमुनि दास के द्वारा यात्रा का अपने समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया गया। मध्य प्रदेश के महंत त्यागी महाराज वी यात्रा प्रभारी सच्चिदानंद सचिन दुबे ने बताया कि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अभिमुखतेश्वर आनंद महाराज के निर्देशन पर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्ज़ा दिलाने की मांग की जा रही है। यह यात्रा भारतीय गांव क्रांति मंच के तत्वाधान में निकाली जा रही है और यह यात्रा 13 फरवरी 2025 से प्रयागराज से निकली है जो प्रतापगढ़, रायबरेली लखनऊ, सीतापुर नीमसार , हरदोई कन्नौज इटावा शिकोहाबाद फिरोजाबाद अलीगढ़ गाजियाबाद के रास्ते दिल्ली के रामलीला मैदान में 33 दिन पूर्ण कर 17 मार्च 2025 को पहुंचेगी वहां पर रामलीला मैदान में अपनी बात रखी जाएगी अगर सरकार के द्वारा हमारी बात नहीं मानी जाएगी और गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित नहीं किया जाता है और गौ हत्या बंद नहीं की जाती है जिस प्रकार अन्य प्रदेशों में है उसी प्रकार हमारे देश व प्रदेश में यह नियम लागू होना चाहिए अगर सरकार हमारी बात नहीं मानती है तो एक बड़ा आंदोलन चारों शंकराचार्य के निर्देशन पर किया जाएगा।

## प्रख्यात साहित्यकार डा. पूजा यादव की पुस्तक का राज्यपाल ने किया विमोचन



**पलियाकलां-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने प्रख्यात लेखिका एवं जानी-मानी साहित्यकार डा. पूजा यादव अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आयुष्मान भारत योजना एवं प्रोफ़ेसर राजलक्ष्मी श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक ''सामान्य संपत्ति संसाधनों का प्रबंधन का विमोचन राजभवन में किया, पुस्तक के विषयवस्तु व प्रस्तावना को पढ़ते हुये राज्यपाल ने लेखकों द्वारा सामान्य संपत्ति के समुचित उपयोग एवं उसके संवर्धन व संरक्षण की तरफ जनसामान्य का ध्यान आकर्षित कर जागरूकता का संदेश देने हेतु साधुवाद दिया गया। पुस्तक में लखीमपुर खीरी जनपद के तहसील पलिया के अंतर्गत निवास करने वाली थारू जनजाति की जीवन शैली का समग्र ढंग से विवेचन किया गया है। जनजाति समाज के लोग किस तरह की आर्थिक गतिविधियों का संचालन करते हैं, उनके विभिन्न रीति रिवाजों का भी सम्यक अध्ययन करने के साथ साथ उनकी समस्याओं तथा उनके निराकरण के संबंध में भी जानकारी दी गई है। उल्लेखनीय है की पुस्तक की लेखिका डॉक्टर पूजा यादव पूर्व में उप जिलाधिकारी पलिया के रूप में सफलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्माण कर चुकी है एवं अपने कार्यकाल के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में आदिवासी जीवन शैली एवं जैव विविधता पर काफी अनुसन्धान किया गया है, गद्य एवं पद्य दोनों विधाओं में हिंदी साहित्य पर अच्छी पकड़ होने के नाते साहित्यकारों के बीच में उनकी खासी लोकप्रियता है। विमोचन समारोह में फूल चंद यादव, निर्मला, पार्थ कृष्णा, एवं अरुण यादव आदि उपस्थित रहे। पुस्तक विमोचन के लिए प्रोफ़ेसर अनुराधा तिवारी , डॉ. भास्कर शर्मा एवं इग्नू के निदेशक डा. जे पी वर्मा सहित पलिया बार के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता अमित महाजन, पत्रकार विकास दीक्षित, रोटरी क्लब पलिया अध्यक्ष एड0 गगन मिश्रा आदि ने डाक्टर डा. पूजा यादव के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## हुसैनपुर कैमहरा में विगत सात दिवसीय विशाल धनुष यज्ञ रामलीला मेले का किया गया आयोजन

**खैराबाद सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना खैराबाद क्षेत्र के अंतर्गत,ग्राम पंचायत हुसैनपुर कैमहरा मैं विगत 7 दिनों से विशाल धनुष यज्ञ रामलीला मेले का आयोजन किया गया जिसमे 7 दिनों में अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए यह मेला अंतिम दिवस समापन की ओर बढ़ रहा है 21 फरवरी को दिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रामलीला मंचन के कार्यक्रम ने दर्तकों को आनंदित कर दिया इसमें ताड़का वध से लेकर धनुष भंग लीला एवं राम विवाह तथा आखिरी समय में भगवान श्री राम का राजतिलक किया गया और उन्हें अयोध्या की राजगद्दी पर विराजमान किया गया मेले में आए हुए दर्शकों ने मेले की भूरि भूरि प्रशंसा की वहीं दर्शकों का कहना है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष मेले की व्यवस्थाएं अच्छी रही मेले में दर्शकों के बैठने का पर्याप्त इंतजाम किया गया और मेले की साज एवं सज्जा व्यवस्था मजबूत दिखाई दी इसके साथ-साथ मेले में आए हुए अयोध्या के बजरंग आदर्श रामलीला कमेटी के युवा बाल कला कारो का उत्साहवर्धन किया गया तथा ग्राम प्रधान द्वारा उन्हें ससम्मानित कर मेले का समापन किया गया इस अवसर पर समस्त गांव वासी व क्षेत्रवासी तथा मेले में आए हुए दर्शकों ने सात दिनों तक मेले का आनंद लिया इस अवसर पर ग्राम प्रधान मिथलेश द्वारा मेले में आए हुए सभी ग्रामवासियो क्षेत्रवासियो एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद प्रकट किया ।

# कैदियों का भी धुल रहा पाप, कमा रहे महाकुंभ में स्नान का पुण्य, कहा-धन्य हो गए महाराज

- खीरी जिला जेल में कुल 967 जिनमें महिला 27 व पुरूष 950 कैदियों ने किया महाकुंभ स्नान! 355 किमी दूर से गंगा जल मंगवाया, जेल में नहाए कैदी, अधीक्षक बोले- उन्हें पुण्य मिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। उत्तर प्रदेश सरकार और जिला जेल अधीक्षक की खास पहल के तहत जेल में बंदियों को महाकुंभ स्नान का सौभाग्य मिला है जेल अधीक्षक पी.डी सलौनिया ने महाकुंभ से बड़े-बड़े कलशों में जल मंगवाकर जेल में ही एक बड़ा सरोवर तैयार करवाया इसमें स्नान कर बंदियों ने महाकुंभ का पुण्य लाभ कमाया, स्नान के बाद बंदियों ने देवी-देवताओं और अपने पूर्वजों को जल अर्पित किया इस दौरान बंदियों ने खुद को धन्य मानते हुए मां गंगा व ? नमः शिवाय के जयकारे भी लगाए ऐसा नहीं है कि सिर्फ खीरी में ही कैदियों को महाकुंभ के त्रिवेणी के जल से स्नान करने का मौका मिला,यूपी के अन्य जिलों के जेल में बंद कैदियों के लिए भी सरकार ने संगम से जल मंगवाकर उन्हें स्नान का मौका दिया है। गौरतलब हो कि 144 साल बाद विशेष संयोग के चलते धरती पर महाकुंभ में स्नान कर हर कोई पुण्य लाभ अर्जित करना चाहता है शायद इस विशेष संयोग का ही महत्व है कि आज प्रयागराज की धरती पर 50 करोड़ से ज्यादा लोगों ने पहुंचकर महाकुंभ में डुबकियां लगाई। बंदियों में दिखा उत्साह जिला जेल में बंदियों ने पूरे उत्साह के साथ स्नान किया। उन्होंने गंगा मैया, यमुना मैया और सरस्वती मैया का जयघोष करते हुए स्नान किया। साथ ही संगम के पवित्र जल का आचमन भी किया। इस दौरान बंदियों में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से की गई।

### क्या बोले जेल अधीक्षक

जेल अधीक्षक पीडी सलौनिया ने कहा कि इस पवित्र स्नान से कैदियों में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ेगी और सकारात्मक सोच का संचार होगा उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम से कैदियों में नैतिकता और सुधार की भावना को बल मिलेगा।

### क्या बोले जेलर हरिवंश पाण्डेय

जेलर हरिवंश पाण्डेय ने बताया कि महाकुंभ से बड़े-बड़े कलशों में जल भरकर जिला जेल लाया गया मंत्रोच्चारण के बीच महाकुंभ से लाए गए जल को सरोवर में छोड़ा गया आज जेल में बंद कैदियों ने महाकुंभ के जल से स्नान कर पुण्य लाभ कमाया स्नान के बाद सभी बंदियों ने देवी-देवताओं और अपने पूर्वजों को जल अर्पित किया।

# बड़ी वारदात: शादी में दूल्हे के भाई की गोली मारकर हत्या,

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मैरिज लॉन में बृहस्पतिवार रात जयमाल के दौरान हुए विवाद में दूल्हे के भाई को गोली मार दी गई। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में दुल्हन के चचेरे भाई समेत तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस जांच कर रही है। जानकारी मुताबिक वारदात शहर की बेहजम रोड पर स्थित हरिकरन मैरिज लॉन की है। यहां सीतापुर के थाना तंबौर अंतर्गत गांव चांदीभानपुर निवासी कृष्णकांत वर्मा के बेटे जितेंद्र वर्मा की बरात आई थी। लड़की पक्ष भी सीतापुर के बिसवां कस्बे का था। देर रात करीब एक बजे जब जयमाल का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान दूल्हा जितेंद्र वर्मा के छोटे भाई आशीष वर्मा (24) से दुल्हन साधना के चचेरे भाई सुमित और दो अन्य रिश्तेदारों का विवाद होने लगा। दूल्हा-दुल्हन के नहीं हुए फ़ेरे विवाद करने वाले तीनों युवक आशीष को जान से मार देने की धमकी देकर वहां से रफू-चक्कर हो गए, लेकिन वह कुछ देर बाद ही वापस आए और तमंचे से आशीष को गोली मार दी। गोली चलते ही बरात में अफ़रा-तफ़री और चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन गंभीर घायल आशीष को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना के बाद तीनों आरोपी युवक फरार हो गए। वारदात के बाद दूल्हा-दुल्हन के फ़ेरे भी नहीं पड़ पाए। आरोपियों की तलाश रही कोतवाली पुलिस शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि घटना में मृतक आशीष वर्मा के पिता कृष्णकांत ने दुल्हन के चचेरे भाई सुमित के अलावा दो रिश्तेदारों शिवम व अविनाश के खिलाफ नामजद तहरीर दी है एफआईआर दर्ज की गई है। जल्द ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। विवाद किस बात को लेकर हुआ, यह अभी पता नहीं चल सका है।

# मदनी मस्जिद कमेटी के पक्षकार की हार्ट अटैक से मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जनपद के हाटा नगर के मदनी मस्जिद पक्षकार शाकिर खान की शुक्रवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर उन्हें सीने में दर्द होने पर गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।इसके बाद यहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को भोर मे उन्होंने दम तोड़ दिया। शाकिर के इंतकाल की खबर मिलते ही मदनी मस्जिद के पास लोगों की भीड़ जुट गई। शाकिर की मौत के बाद पुलिस भी अलर्ट हो गई है। बता दें कि हाटा नगर के करमहा तिरहे पर स्थित मदनी मस्जिद तब विवादों के घेरे में आई थी जब नक्शा के विपरीत निर्माण कराए जाने को लेकर नगरपालिका द्वारा मस्जिद का एक हिस्सा बुलडोजर लगा गिरा दिया गया था। यह

❐ सीने में दर्द के बाद अस्पताल में हुए भर्ती

मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा है। शाकिर खान मस्जिद के प्रमुख पक्षकार थे। स्वजन मस्जिद को लेकर की गई कार्रवाई से सदमा लगने से उनकी मृत्यु होने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं चर्चा इस बात की भी है कि वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

# बीआरसी कसया पर, टीएससीटी हेल्प डेस्क सुविधा की हुई शुरूआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़ /कुशीनगर। ब्लाक संसाधन केन्द्र कसया पर 20 फरवरी से टीएससीटी हेल्प डेस्क की सुविधा मुहैय्या करायी जा रही है। टीएससीटी के इस पहल की शिक्षकों ने सराहना की है। टीएससीटी के ब्लाक संयोजक दीपेश कुमार सिंह के सहयोग से जिला संयोजक अखिलेश कुमार यादव के द्वारा इस सुविधा की शुरूआत की गयी है। टीएससीटी के जिला संयोजक अखिलेश यादव ने कहा कि यह हेल्प डेस्क की सुविधा 20 फरवरी से सहयोग समाप्ति तक शाम 3 बजे से 5 बजे तक चलेगा जिसमें सभी शिक्षकों को रजिस्ट्रेशन करना व सहयोग करना सिखाया जायेगा। ब्लाक संसाधन केन्द्र कसया पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला संयोजक अखिलेश यादव ने टीएससीटी की स्थापना से लेकर आज तक की प्रगति रिपोर्ट पेश की और टीएससीटी में रजिस्ट्रेशन कर सहयोग करने की प्रक्रिया से अवगत कराया। टीएससीटी के पदाधिकारियों ने खंड शिक्षाधिकारी को क्रान्ति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर जिला संयोजक अखिलेश कुमार यादव, ब्लाक संयोजक दीपेश कुमार सिंह, प्रवक्ता संजय कुमार यादव , आईटी सेल प्रभारी वाहिद अली,धर्मेंद्र कुमार सिंह, हरीन्द्र कुमार चौरसिया, अरुण कुमार वर्मा, शैलेष कुमार, दुर्गेश कुमार यादव, रश्मि जायसवाल, धनंजय मणि त्रिपाठी, रविंद्र कुमार टैगोर, शिवेंद्र प्रताप सिंह ,सह संयोजक अनामिका शाही आदि उपस्थित रहे ।

# जांच में हुई पुष्टि प्रधान व सचिव ने किया सरकारी धन का दुरुपयोग

❐ सदर एसडीएम ने तत्कालीन ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करते हुए डीपीआरओ को भेजा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के विशुनपुरा विकासखंड अन्तर्गत नरचोचवा गांव में तत्कालीन ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा खलिहान व खाद गड्ढे की भूमि पर सरकारी धन से निर्माण कराए जाने के मामले की जांच में सरकारी धन का दुरुपयोग की पुष्टि हुई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम सदर व्यास नारायण उमराव ने तत्कालीन ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करते हुए डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी को पत्र भेजा है। बतादे कि नरचोचवा गांव के निवासी शैलेश तिवारी ने शपथपत्र के साथ 15 जनवरी को तत्कालीन ग्राम प्रधान व सचिव खलिहान व खाद गड्ढे की जमीन पर सरकारी धन का दुरुपयोग के मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के जनता दरबार में की थी। उन्होंने शिकायती पत्र के माध्यम से खलिहान, खाद गड्ढा की भूमि पर सरकारी धन से निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए कहा है कि नरचोचवा गांव में स्थित खलिहान के तीन और खाद गड्ढा के एक भूखंड पर तत्कालीन ग्राम प्रधान व सचिव ने साठगांठ कर सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, खड़ंजा व इंटरलाकिंग सड़क का निर्माण करा दिया। इस पर राज्यवित्त एवं चौदहवां वित्त के धन से लगभग 20 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। दोनों लोगों ने अपने पद व सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। शासन की गाइडलाइन है कि खलिहान व खाद गड्ढा की भूमि पर किसी तरह का निर्माण नहीं किया जा सकता है। इस भूमि का उपयोग सार्वजनिक रूप से किसानों की ओर से फसलों की मड़ाई व खाद रखने के लिए किया जा सकता है।

# पुरातन भारतीय संस्कृति में स्त्रियों का सदैव ऊंचा स्थान : गायत्री नंदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के शिवाला टोला मे 120 वर्ष पूर्व स्थापित शिवमंदिर परिसर में वर्ष 1965 से लगने वाले महाशिवारात्रि मेला के निमित्त आयोजित 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ के पांचवे दिन व कथा प्रवचन के तीसरे दिन गुरुवार की सायं अयोध्याधाम से पधारे कथावाचक गायत्री नंदन महाराज ने शिव-सती प्रसंग का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि पुरातन भारतीय संस्कृति में स्त्रियों का सदैव ऊंचा और आ औरस्थान रहा है। लेकिन इस संस्कृति में स्त्री के आचरण की सीमा भी तय है। नारी का सम्मान तभी तक सुरक्षित है जब वह पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए पति के आदेश का सम्मान करे। सती ने अपने पिता के घर जाने की जिद में पति भगवान शिव के आदेश का अनादर किया। परिणाम यज्ञ कुंड मे उन्हे आत्म दाह करना पड़ा। कथावाचक ने कहा कि मन को भगवान व बुद्धि को संसार में लगाने वाला सद्गति प्राप्त करता है। लेकिन बहुधा लोग मन को संसार व बुद्धि को भगवान में लगाकर परेशान हो रहे हैं। दिन के सत्र मे प्रेमशरण जी महाराज ने कहा कि भगवान की भक्ति अन्य वस्तुओं की प्राप्ति के लिए न करें अपितु उनके श्री चरणों में स्थान प्राप्ति के लिए करें। इसके पूर्व कथा का शुभारंभ ब्लाक व्यायाम शिक्षक अमित श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबिल विजय बहादुर सिंह, बीडीसी योगेंद्र यादव, धनन्जय मिश्र, रुपेश सिंह, पं. रमाकांत पांडेय, पप्पू यादव, हरेंद्र यादव, अशोक यादव ने व्यास पीठ का पूजन कर किया। संचालन पं. दीपक मिश्र ने किया। यज्ञाचार्य पं. राकेश पांडेय के नेतृत्व में यजमानों जोखी, बतकी आदि ने पूजन किया। इस दौरान आयोजक हरिदास महाराज, यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजू यादव, सत्यनारायण यादव, सतीश किशोर मिश्र, सुरेश सिंह, हरिशंकर कुशवाहा, राजनारायण उर्फ चुन्नू मिश्र, अनूप गोंड, सिकंदर गुप्ता, पंकज कुशवाहा, दिनेश्वर यादव, आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बकरी को बियरर चेक की तरह उपयोग कर सकते हैं किसान : डॉ अजय कुमार सिंह

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचलित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर कानपुर देहात में पांच दिवसीय बकरी पालन पर प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। शुक्रवार को समापन के दौरान केंद्र के प्रभारी डॉ अजय कुमार सिंह ने किसानों को बकरी पालन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बकरी पालन कम लागत में बहुत अच्छा व्यवसाय है।किसान भाई बकरी पालन को बियरर चेक की तरह भी उपयोग कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत शिक्षित बेरोजगार लोगों ने रोजगार स्थापित करने के लिए पांच दिवसीय बकरी पालन पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें 11 महिला एवं 14 पुरुष मौजूद थे। साथ ही प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी वितरित किए। केंद्र के पशु पालन वैज्ञानिक डाक्टर शशिकांत ने बकरी का चुनाव ,रख रखाव , बीमारियां एवं उसके उपचार तथा मार्केटिंग की बात बताई। साथ ही प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि बकरी को बियरर चेक की तरह उपयोग किया जाता है। जब चाहे उसको कैश करा सकते हैं।

# 50 गन्ना किसानो का अध्ययन दल पश्चमी उत्तर प्रदेश जायेगा

❐ गन्ना, दाल , पशु अनुसंधान व विभिन्न संस्थानों में जाकर किसान सीखेंगे खेती के गुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। गोरखपुर बस्ती, आजमगढ मंडल के 10 जिलों तथा गाजीपुर, जौनपुर कुल 12 जिलो के 50 गन्ना कृषकों का अध्ययन दल 22 फरवरी को गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच गोरखपुर द्वारा नौ दिवसीय अध्ययन यात्रा पर पश्चिमी उप्र जायेगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने दी। बताया कि पूर्वी उप्र में गन्ने की उत्पाद?कता एवं चीनी परता में वृद्धि करने व किसानो की आय बढ़ाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाए संचालित की जा रहीं है। इसी क्रम में गन्ना अनुसंधान संस्थान, कृषि विश्व विद्यालय, सब्जी, दलहन, पशु विश्व विद्यालय द्वारा किये जा रहे शोध तकनीक को प्रयोगशाला से किसानों के खेतों पर पहुँचाने के लिए अध्ययन यात्रा आयोजित की गई है। इस अध्ययन यात्रा का कुशल मार्ग दर्शन लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ के निदेशक विश्वेश कनौजिया द्वारा किया जा रहा है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि पूर्वी उ0 प्र0 में गन्ने की औसत उपज प्रति हेक्टेयर गोरखपुर की 707 कुन्तल, देवरिया की 677 कुंतल, कुशीनगर की 792 कुंतल तथा बस्ती की 699 कुंतल है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शामली जिले की 1036 कुंतल मेरठ का 919 कुंतल बागपत का 903 कुंतल तथा बिजनौर की 897 कुंतल प्रति हेक्टेयर है। पश्चिमी उ0 प्र0 में गन्ने की औसत उपज पूर्वांचल से अधिक क्यों इसका अध्ययन करेंगे पूर्वाचल के किसान। पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि अध्ययन दल, कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, कानपुर, प्रयागराज तथा गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ, शाहजहाँपुर मुजफ्फरनगर, पशु अनुसंधान संस्थान बरेली, पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय मथुरा, भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कल्याणपुर कानपुर, भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी, केन्द्रीय बागवानी संस्थान रहमानखेड़ा लखनऊ आदि विभिन्न संस्थानो के वैज्ञानिकों से प्रशिक्षण लेंगे, आधुनिक बड़ी चीनी मिल तथा प्रगतिशील कृषको का खेत देखेंगे। उपगन्ना आयुक्त गोरखपुर उषा पाल, उप गन्ना आयुक्त देवरिया एपी सिंह ने कहा कि इस अध्ययन यात्रा से वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा यह यात्रा उपज बढ़ाने में भी सहायक होगी।

## आग में झुलसी महिला की हुई मौत

**राजापाकड़ /कुशीनगर।** विकासखण्ड पडरौना अन्तर्गत ग्रामसभा पिपराजटामपुर निवासी शर्मा वर्मा की आग में झुलसी 55 वर्षीय पत्नी उषा वर्मा की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार उषा वर्मा तुर्कपट्टी मार्ग पर अपने पति व पुत्री के साथ मिलकर किराने की दुकान चलातीं हैं।रविवार की सुबह लगभग सात बजे के आसपास शार्ट सर्किट के चलते दुकान में आग लग गई।किराने का जलता हुआ सामान देख उषा अपनी 25 वर्षीय पुत्री गोल्डी के साथ आग बुझाने लगी।इसी दौरान दोनों माँ–बेटी आग की लपटों में घिर गयीं और बुरी तरह से झुलस गयीं।शोरगुल सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुँचे तथा दोनों को बुरी तरह से झुलसी अवस्था में दुकान से बाहर निकाला।संयोग से सिद्धार्थनगर जनपद में तैनात चिकित्साधिकारी श्रवण कुमार त्रिपाठी भी मौके पर पहुँच गये जिन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद बुरी तरह से जलीं दोनों माँ–बेटी को इलाज के लिए जिला मुख्यालय भेंजवाया जहाँ नाजुक स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया।इलाज के दौरान ही उषा वर्मा की शुक्रवार को जहाँ मौत हो गई वहीं गोल्डी की हालत नाजुक बनी हुई थी।इस अग्निकांड में दुकान में रखे करीब दो लाख का सामान जलना बताया जाता।सूचना मिलने पर निरीक्षण में पुलिस व हल्का लेखपाल भी पहुँचे थे।गोरखपुर से लाश आने पर परिजनों द्वारा उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार दंपत्ति की मौत, तीन बच्चे घायल

**आज़मगढ।** पवई थाना क्षेत्र के मधवापुर के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे के सर्विस रोड पर शुक्रवार दोपहर तेज़ रफ़्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार दंपत्ति की मौत हो गई। हादसे में मृत दंपत्ति के तीन बच्चें घायल हो गयें। टक्कर इतनी तेज थी युवक का शव जानवर की सुरक्षा के लिए लगे कटीले तार पर 10 मीटर दूर जा कर टंग गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजा।अंबेडकर नगर जिले के मालीपुर थाना क्षेत्र के रुदौली अदाईपुर निवासी मोहम्मद रफीक (48) अपनी पत्नी हसीना (44 ) और अपने तीन बच्चों आयशा, आरजू और जैनब के साथ एक स्कूटी पर सवार होकर अपने रिश्तेदारी में आजमगढ़ के सरायमीर थाना क्षेत्र स्थित सहबरी जा रहे थे। पवई थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर पहुंचते ही सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस हादसे में पति और पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

## थरौरा में प्रधान पद पर मालती ने दर्ज की जीत

**हाथरस।** तहसील की ग्राम पंचायत थरौरा में हुए प्रधान पद के उपचुनाव में मालती यादव ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नीरज कुमार को 99 मतों के अंतर से पराजित किया। कुल 1655 मतों में से मालती यादव को 831 मत प्राप्त हुए। नीरज कुमार को 732 मत मिले। अन्य प्रत्याशियों में अरविंद कुमार को तीन, आशीष कुमार को आठ, धर्मेंद्र को एक और नरेंद्र को 9 मत मिले। मतगणना में 71 मत निरस्त किए गए। मतगणना शुक्रवार की सुबह आठ बजे से 11 बजे तक ब्लॉक कार्यालय में हुई। शुरुआती दो राउंड में नीरज कुमार 192 मतों से आगे चल रहे थे। लेकिन तीसरे और चौथे राउंड में मालती देवी ने बाजी पलट दी। विजेता मालती यादव पूर्व प्रधान मनोज कुमार यादव की पत्नी हैं। मनोज यादव की दिसम्बर 2024 में मृत्यु के बाद यह पद रिक्त था। इस परिवार का राजनीतिक इतिहास रहा है। मालती देवी की सास फूलमाला 2001 से 2005 तक प्रधान रहीं। उनके ससुर बृजेश यादव 2001 से 2010 तक ब्लॉक प्रमुख रहे। मालती के पति मनोज यादव 2010 से 2015 तक और 2021 से 2025 तक प्रधान पद पर रहे। एसडीएम और आरओ संजय कुमार ने मालती यादव को विजय प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## पत्नी को मारने के लिए 5 लाख की फिरौती, पति सहित पांच गिरफ्तार

**बागपत।** बागपत जनपद में बाइक सवार दम्पत्ति पर हमला करने वाले बदमाश मुठभेड़ बाद गिरफ्तार कर लिए गए है। पुलिस को तहरीर देने वाला ही गोलीकांड का मास्टरमाइंड निकला है। वादी गौरव ने अपनी पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए 5 लाख की सुपारी दी थी। जिसमे 5 आरोपी गिरफ्तार किए गए है एक फरार है। यह हमला नौ फरवरी को हुआ था। बागपत एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि गाजियाबाद निस्तौली निवासी गौरव ने सूचना दी थी कि उसके परिवार पर फायरिंग हुई है। दोघट थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाश उसकी पत्नी और बेटी पर गोलियां चलाकर फरार हो गए है। दोघट पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू की तो वादी ही गोलीकांड का मास्टरमाइंड निकला। गौरव ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसकी पत्नी नीतू के साथ उसका झगड़ा रहता है। पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए उसने तांत्रिक बाबा कैलाश से बात की। तांत्रिक बाबा ने 5 लाख में इसकी सुपारी सोनू पुत्र भानुप्रताप को दे दी। सोनू, देवेंद्र, पंकज, सौरव व तांत्रिक कैलाश ने मिलकर गौरव की पत्नी को जान से मारने की योजना बनाई। गौरव ने बताया कि योजना के अनुसार देवेंद्र व सौरव पैशन प्रो. मोटरसाइकिल से दाहा बरनावा मार्ग मोड़ पर पहुंचे और मेरी गाड़ी में साइड मार दी। गौरव ने गाड़ी से उतरकर उनके साथ झगड़ा शुरू कर दिया। झगड़ा देखकर गौरव की पत्नी नीतू और बेटी आदिरा गाड़ी से उतरे तो दोनों शूटरों ने उन पर गोली चला दी और फरार हो गए। बदमाशों की गोली से उसकी पत्नी और बेटी दोनों बच गए। मुठभेड़ में दो गिरफ्तार दोघट पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी की है। दो आरोपी देवेन्द्र व सोनू को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया ।

# राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मुक्केबाजी प्रतियोगिता में विमलेश ने जीता स्वर्ण पदक

❐ उत्तर प्रदेश सब जूनियर राज्य स्तरीय बालक मुक्केबाजी प्रतियोगिता–2025

❐ 43 किग्रा भार प्रतियोगिता में रहा अव्वल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ निवासी मुक्केबाजी कोच सिकंदर पटेल से मुक्केबाजी सीख रहे जनपद के मठिया जयकिशुन निवासी विमलेश यादव ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर नाम रोशन किया है। उक्त गांव निवासी अशोक यादव का पुत्र विमलेश का चयन उत्तराखंड के काशीपुर स्थित साई ट्रेनिंग सेंटर में अप्रैल 2024 में काशीपुर ब्वायज हास्टल के लिए हुआ। वहां तैनात कोच सिकंदर पटेल से विमलेश मुक्केबाजी की बारीकियां सीख रहा है। गत 13 फरवरी से 16 फरवरी 2025 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में उत्तर प्रदेश सब जूनियर राज्य स्तरीय बालक मुक्केबाजी प्रतियोगिता-2025 के 43 किग्रा भारवर्ग में गोरखपुर मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए विमलेश ने स्वर्ण पदक जीत अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उक्त प्रतियोगिता में 14 टीमों से 200 मुक्केबाजों ने भाग लिया था। विमलेश की सफलता पर कोच धीरेंद्र सिंह, नीतिश कुमार, मोहम्मद आजम, पंकज आदि ने शुभकामना दी है।

# शिवांगी सिंह ग्राम प्रधान निर्वाचित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर। विकास खण्ड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत पडौली के प्रधान पद के उप चुनाव का मतगणना ब्लाक सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें शिवांगी सिंह पत्नी रूद्र प्रकाश सिंह अपने निकटतम प्रत्याशी निशा देवी पत्नी अंकित पाण्डेय को 351 मतों से पराजित कर प्रधान पद पर काबिज हुईं। उपचुनाव के मैदान में दो प्रत्याशी अपने अपने भाग्य आजमा रहे थे। प्रधान पद शती देवी पत्नी विद्या प्रकाश सिंह के मृत्यु के उपरांत रिक्त हुआ था। शुक्रवार को ब्लाक सभागार कप्तानगंज में आर ओ सत्येन्द्र यादव ए.आरो.आदित्य शर्मा के देख- रेख में मतगणना सुबह 8 बजे से प्रारम्भ हुई। मतगणना लगभग 12.30 बजे पूर्ण हुईं कुल मतदाता 2752 थे द्य जिसमे 1532 मत पड़े थे द्य जिसमे 37 मत अवैध पाया गयाद्य जहाँ शिवांगी सिंह पत्नी रूद्र प्रकाश सिंह को 923 मत मिला, वहीं निकटतम प्रत्यासी निशा देवी पत्नी अंकित पाण्डेय को 572 मत मिला जिसमे शिवांगी सिंह अपने निकटतम प्रत्याशी निशा देवी को 351 मतों से पराजित कर प्रधान पद पर जीत हासिल की। शिवांगी सिंह के विजयी होने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी तथा फुल मालाओ से जोरदार स्वागत किये। इस दौरान एडीओ पंचायत रविन्द्र कुमार, संतराज यादव, विरेन्द्र गुप्ता,रोहित सिंह सहित,अन्य समर्थक गण मौजूद रहे।

# अंतिम स्नान महाशिवरात्रि को लेकर एडीजी रेलवे ने दिए दिशा निर्देश

एजेंसी



कानपुर। संगमनगरी प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ मेले के चलते दे शभर का रेल नेटवर्क पर काफी दबाव पड़ रहा है। 26 फरवरी को अंतिम स्नान होना है। जिसे लेकर प्रयागराज में अनुमानित भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं को प्रयागराज तक सफलतापूर्वक पहुचाने और पूर्व में रेलवे स्टेशन पर घटित हुई घटनाओं के बाद से रेल प्रशासन रणनीति बनाकर कार्य कर रहा है। इन व्यवस्थाओं का जायजा लेने और सम्बंधित अधिकारियों को एडीजी रेलवे प्रकाश डी ने सेंट्रल स्टेशन का जायजा लेते हुए जीआरपी और आरपीएफ को कई दिशा निर्देश दिए। संगमनगरी प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ स्नान में अब तक करोड़ों श्रद्धालु पुण्य कमा चुके हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के चलते इसका असर रेलवे स्टेशन पर देखा जा रहा है। पूर्व में राजधानी दिल्ली में मची भगदड़ के बाद रेलवे ने ऐसी किसी स्थिति से निपटने के लिए रणनीति बनाकर काम करना शुरू कर दिया है। 26 फरवरी को होने वाले स्नान से पहले अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचकर स्थितियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर बढ़ते हुए दबाव को देखते हुए प्लेटफार्म पर ट्रेन आने से पहले यात्रियों की भीड़ न लगने पाए। इसके लिए ट्रेन आने से पहले श्रद्धालुओं को स्टेशन के बाहर ही रोक दिया जा रहा है। ट्रेन के आते ही यात्रियों को प्लेटफार्म तक आने की अनुमति दी जा रही है। जिससे की प्लेटफार्म पर अनावश्यक भीड़ न लग पाए साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस बल तैनात है। अंत में उन्होंने प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों में न पड़े। ट्रेन आने पर अपनी बारी का इंतज़ार करते हुए ट्रेन में ही दाखिल हों, ताकि किसी भी तरह की कोई समस्या उत्पन्न न हो सके।

# राम कथा श्रवण मात्र से मिलता है मोक्ष:कंचन किशोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। विकास खण्ड कप्तानगंज के सोमली ग्राम सभा में लगातार बारहवें वर्ष चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ के तीसरे दिन कथा का रसपान कराते हुए कथा बाचिका कंचन किशोरी ने दशरथ द्वारा पुत्र प्राप्ति हेतु किये गये यज्ञ तथा रामजन्म प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया एवं रामलीला कलाकारो द्वारा रावण मंदोदरी विवाह तथा देवताओं पर रावण विजय की अलौकिक प्रस्तुती कर दर्शको का मन मोह लिया । सोमली धाम में चल रहे महायज्ञ के तीसरे दिन कथा का रसपान कराते हुए कंचन किशोरी ने कहा महाराजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ किया । महाराजा दशरथ ने श्यामवर्ण घोड़े को चतुररंगिनी सेना के साथ छोड़ने का आदेश दिया ।महाराज ने समस्त मनस्वी विद्वान ऋषि मुनियों तथा वेद विज्ञ प्रकांड पंडितों को बुलावा भेजा ।वह चाहते थे कि सभी यज्ञ में शामिल हो यज्ञ का समय आने पर महाराज दशरथ सभी अभ्यागतों और अपने गुरु वशिष्ट समेत अपने परम मित्र अंग देश के अधिपति लोभपाद के जामाता श्रृंग ऋषि के साथ यज्ञ मंडप में पधारे । फिर विधिवत यज्ञ शुभारंभ किया गया । समाप्ति के बाद समस्त पंडितो ब्राह्मण ऋषियों आदि को यथोचित धन-धान्य आदि भेंट की गई । तत्पश्चात उन्हें सादर विदा दिया गया । महराज ने यज्ञ की समाप्ति के बाद समस्त पंडितों ब्राह्मण ऋषियों आदि को यथोचित धन-धान्य दिया ।यज्ञ के प्रसाद में बनी खीर अपनी तीनों रानियां को दी । प्रसाद ग्रहण करने के बाद तीनों रानियां गर्भवती हो गई ।सबसे पहले महाराज दशरथ की बड़ी रानी कौशल्या ने एक शिशु को जन्म दिया । जो बेहद ही काम तेज्वी नीलबर्ण और तेजोमय थे ।शिशु का जन्म चैत मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की डीएम ने की समीक्षा

❑ बैकों को प्रगति में सुधार लाने के दिये गये निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । प्रदेश में पूंजी निवेश को आर्कषित करने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा लागू की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा हेतु वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बैंकों को निर्देश दिया कि योजनान्तर्गत अधिक संख्या में प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों के समयबद्ध निस्तारण के लिए सभी बैंक ऐसा मैकेनिज़्म डेवलप करें कि आवेदन पत्रों की स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही निर्बाध रूप से संचालित होती रहे। बैंकवार प्रेषित आवेदन-पत्रों की स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही की समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद का अग्रणी बैंक होने के बावजूद इण्डियन बैंक की विभिन्न शाखाओं में जहां स्वीकृति हेतु 168 आवेदन लम्बित होने तथा सर्वाधिक 97 आवेदन निरस्त करने की स्थिति पर डीएम मोनिका रानी ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए निर्देशित किया गया कि तत्काल प्रगति में सुधार लाया जाय। इसी प्रकार बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, एच.डी.एफ.सी. तथा बैंक ऑफ इण्डियन में भी अधिक संख्या में आवेदन लम्बित होने पर डीएम ने नाराज़गी जताते हुए हुए यथा स्थिति से सम्बन्धित बैंकों के स्टेट हेड को अवगत कराने हेतु पत्र भिजवाये जाने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान आर्यावर्त बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक द्वारा योजनान्तर्गत की गई स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही संतोषजनक होने तथा बैंक ऑफ बड़ौदा तथा इण्डियन बैंक द्वारा स्वीकृति एवं वितरण में मामूली सुधार को डीएम ने ना काफी बताते हुए सम्बन्धित बैंकों को प्रगति में और सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा को निर्देश दिया कि सभी बैकों द्वारा निरस्त किये गये आवेदन-पत्रों, स्वीकृति में विलम्ब तथा स्वीकृति के पश्चात वितरण न किये गये आवेदन-पत्रों की कारणों सहित सूची मंगायी जाये। डीएम ने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि योजनान्तर्गत स्वीकृत आवेदन-पत्रों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित कराया जाय। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अन्तर्गत 01 लाख युवाओं को प्रतिवर्ष तथा 10 वर्ष में कुल 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार के अवसर, प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्री चन्द्र बैकों की कार्यप्रणाली पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए सभी बैंकों को निर्देश दिया कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की इस योजनान्तर्गत अधिक से अधिक आवेदन-पत्रों में वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर लीड बैंक प्रबन्धक, उप निदेशक कृषि तथा विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक मौजूद रहे।

# केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री के प्रतिनिधि कमलेश पाण्डेय ने गोण्डा रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

❑ रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ी,टूटी फर्श व शौचालय को दुरुस्त कराने का शुरू कराया गया काम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर करीब आठ साल पहले लगाई गयी स्वचालित सीढ़ी एस्के लेटर खराब होने के साथ ही अन्य समस्याओं को केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने गंभी रता से लेते हुए अपने प्रतिनिधि कमलेश पाण्डेय को गो ण्डा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं को त त्काल प्राथमिकता पर दुरूस्त कराने का निर्देश दिया।केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं का ख्याल रखा जाए और उनकी सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहें। गोण्डा रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्थाओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अपने प्रतिनिधि कमलेश पाण्डेय को निर्देश दिया कि वे रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करें और जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बैठक कर अव्य वस्थाओं एवं खामियों को तत्काल प्रभाव से दुरूस्त कराएं जिससे यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत एवं असुविधा का सामना न करना पड़े।केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री के प्रति निधि कमलेश पाण्डेय के द्वारा गोण्डा रेलवे स्टेशन का नि रीक्षण किया गया।इस दौरान मिली अव्यवस्थाओं को दुरू स्त कराने के लिए कहा।उन्होंने रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की और बंद चल रही स्वचालित सीढ़ी (एस्के लेटर) को दुरूस्त कराकर चालू कराने, शौचालय की व्यवस्था को बेहतर करने, टूटी फर्श का निर्माण कार्य अविलंब शुरू कराने की बात कही। केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के निर्देश पर रेलवे स्टेशन गोण्डा पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का काम शुरू करा दिया गया है।केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के प्रतिनिधि कम लेश पाण्डेय ने बताया कि राजा भैया के निर्देश पर उन्होंने गोण्डा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं को ठीक रखने के लिए कहा, जिस पर अमल करते हुए रेलवे खामियों को दूर करने में जुट गया है। उन्होंने बताया कि टूटी फर्श के साथ ही स्वचालित सीढ़ी को भी रेलवे द्वारा दुरूस्त कराया जा रहा है।

# क्या खत्म हो गया गोण्डा पुलिस का इकबाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा। हत्या दर हत्या,फिर हत्या।जिले में ताबड़तोड़ हो रहीं हत्या की घटनाओं ने एक बार फिर लोगों को अतीत की याद दिलाने लगी है।एक घटना की गुत्थी सुलझती नहीं,अपराधी दूसरी घटना को अंजाम दे देते हैं।इन अपरा धियों पर शिकंजा कसना व मामलों की अनसुलझी गुत्थी सुलझाना गोण्डा पुलिस के लिये चुनौती बनती जा रही है। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपराधी हर घटना को अंजाम देकर इस कदर आराम से निकल जाते हैं जैसे पु लिस प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं हो।लगातार हो रही दिन दाहाड़े हत्या,चोरी,फायरिंग की घटना से जिले के लो गों में यह चर्चा होने लगी है कि क्या गोण्डा पुलिस का खौ फ,इकबाल खत्म हो चुका है।ऐसा नहीं कि घटना के बाद पुलिस मूकदर्शक बनी है।इसी महीने घटित दिनदहाड़े नग र कोतवाली थाना क्षेत्र गोंडा-बहराइच रोड पर एक व्यक्ति कि मामूली विवाद में हत्या क़र हो जाती हैं।वैसे तो पुलिस ने कई मामलों में तो खुलासा कर दिया है लेकिन 24 नवं बर 2021 की रात में इमलिया गुरदयाल कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में एक सिर फिरे आशिक ने तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया था लेकिन अभी तक मुख्य आरोपी गोण्डा पुलिस की गिफ्ट से दूर है।जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के सेल्हरी गांव के पास सड़क किनारे एक बीस वर्षीय युवती का शव सड़क पर बोरे में भरा हुआ मिला था पुलिस की कई टीम में लगाई गई लेकिन अभी तक खुला सा नहीं हुआ है। जिले के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में स पा नेता लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव लालचंद गौतम पर मंगलवार को दबंगों ने हमला क़र दिया था।इन सबके बावजूद बेखौफ अपराधियों ने परसपुर थाना क्षेत्र में घूर लगाने के विवाद को लेकर फायरिंग व मारपीट हुई जिसमें कई लोग घायल हुए हैं ऐसे कई मामले हैं जिसको गोंडा पुलिस ने खुलासा करने के बजाय उन फाइलों को अल मारी में बांधकर रख दिया है।

# आईजी साहब गोण्डा में खतरे में यात्रियों की जान, डग्गामार वाहनों पर पुलिस मेहरबान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। पुलिस ने पिछले दिनों तमाम ई-रिक्शा चालकों को पकड़ लिया था।उनके ई-रिक्शा थाने में खड़े करा लिए। चालकों से बिना लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के ई-रिक्शा न चलाने को कहा,लेकिन डग्गामार कमांडर जीप,मार्शल,मै जिक वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं करती।तमाम टाटा मैजिक वाहन और टेपों चालक क्षमता से तीन गुनी सवारि यां भरकर खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

**रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर चल रहे डग्गामार वाहनों के स्टैंड..**

गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर दिन भर आरपीएफ और जीआरपी पुलिस तैनात रहती है।रेलवे स्टेशन के मु ख्य द्वार पर अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहे हैं।खास बात यह है कि वहीं यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है।व ही दूसरी ओर संबंधित विभाग कार्रवाई के बजाय क्षेत्र का हवाला देकर उलझा रहे हैं जीआरपी के अधिकारी के द्वा रा सर्कुलेटिंग एरिया के बाहर नगरीय सीमा का हवाला दे कर नगर पालिका व जिला पुलिस पर पल्ला झाड़ रहे हैं और बता रहे हैं यह टैक्सी स्टैंड बड़गांव पुलिस चौकी क्षेत्र में आता है।वही सूत्र बता रहें हैं कि रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर लगने वाले अवैध टैक्सी स्टैंड पर प्रत्येक टैक्सी से वसूली की जाती है जो हर महीना पुलिस को पहुंचाया जा ता है।

**थाने व चौकी के सामने से सवारियां लटका कर निकलते हैं वाहन चालक,**

गोण्डा से धानेपुर,बाबागंज, उतरौला जाने वाले डग्गामार वाहन,टाटा मैजिक,टेंपो थाने व चौकी के सामने से निकल ते हैं। कई बार वाहनों पर ऊपर समान को लदाहोता हैं और सवारियां भी लटकी होतीं हैं,लेकिन वसूली बाज ठेकेदार की सांठगांठ के चलते पुलिस वाहन चालकों को रोक कर समझाने तक की जरूरत नहीं समझती। चेकिंग के नाम पर सिर्फ बाइकों को ही रोका जाता है।डग्गामार वाहन चालक आराम से निकलते रहते हैं। कई बार हादसे हो चुके हैं लेकिन फिर भी गोंडा पुलिस नहीं जाग रही है।

**मुख्यमंत्री के आदेश पर भी नहीं हटे टैक्सी स्टैंड**

मुख्यमंत्री ने आदेश दिया था कि उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले में और कहीं भी अवैध टैक्सी स्टैंड नहीं चलेंगे।इसके बावजूद भी गोण्डा जिले में कई स्थानों पर अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहे हैं।सूत्र बता रहे हैं कि गुरु नानक चौराहे पर सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के सामने बनी दुकान के सामने सड़क पर खड़ी हो रही छोटी गाड़ी टैक्सियां कुछ पर पुलिस लिखा क़र दबंगई से सड़क पर ख़डी करके चला रहे हैं अपनी गाड़ियां उसी में एक व्यक्ति है जो अभी हाल में ही ट्रैफिक में तैनात थे अब उन्होंने अपनी पोस्टिंग नगर कोतवाली में कराकर प्रत्येक छोटी गाड़ियों से सौ रू पये की वसूली करवाते हैं।यह पुलिस की शह पर ठेकेदार प्रतिमाह करीब एक लाख रुपये की अवैध वसूली करते हैं।रुपये देने के बाद गोण्डा से लखनऊ तक वाहन चालक खुलेआम सात के परमिट पर दस सवारियां भरकर चलते हैं। कई बार हादसे होने के बाद भी पुलिस और एआरटीओ मैजिक वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं करते हैं।

# डीआरएम ने किया गोंडा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, सुरक्षा और खानपान की गुणवत्ता की समीक्षा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। लखनऊ मंडल के रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने गों डा रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण।उन्होंने सबसे पहले रे लवे सुरक्षा बल और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।डीआरएम ने सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।गोण्डा रेलवे स्टेशन के आसपास के अराजक तत्वों और चोरों पर कार्रवाई करने को कहा।रात में बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ अभियान च लाने के आदेश दिए।उन्होंने गोण्डा रेलवे स्टेशन पर लगे खानपान स्टालों का भी औचक निरीक्षण किया।स्टॉल सं चालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने की हिदायत दी गई।लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।रेलवे स्टेशन की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।नियमित रूप से सफाई अभि यान चलाने को कहा गया।रेलवे स्टेशन पर अनधिकृत पा किंग पर रोक लगाने के लिए जीआरपी को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।लखनऊ मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि यह उनका कार्यभार संभालने के बाद पहला निरीक्षण है।उन्होंने कहाँ कि यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और किसी भी तरह की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

# अधिवक्ता संशोधन बिल के असंवैधानिक अधिकारों के विरुद्ध वकीलों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के असंवैधानिक व मौलिक अधिकारों के विरुद्ध देश भर के अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। इसी क्रम में भारतीय विधिज्ञ परिषद दिल्ली एवं राज्य विधिक परिषद उत्तर प्रदेश के आवाहन पर तहसील नानपारा में भी अधिवक्ता संघ द्वारा प्रस्तावित बिल की प्रतियां जलाई गई तथा सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए अधिवक्ता संशोधन बिल को अधिवक्ताओं के हित में लाने के लिए असंवैधानिक प्रावधानों के संशोधन पर विरोध जताया गया। तहसील नानपारा परिसर में अधिवक्ता सुरक्षा बिल में कुछ ऐसे प्रावधान सम्मिलित किए गए हैं जिनसे अधिवक्ताओं का अहित होना संभव है जिसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से संघ के एल्डर कमेटी अध्यक्ष रूपनारायण जायसवाल, निवर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद अरशद, वर्तमान अध्यक्ष निरंकार प्रसाद जायसवाल सहित तमाम पदाधिकारी एवं अधिवक्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी नानपारा अंजनी यादव को सौंपा गया जिसके माध्यम से मांग की गई की अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 में सहित संवैधानिक प्रावधानों को निरस्त किया जाए ताकि अधिवक्ता हित में निडर होकर वादकारियों की ओर से पैरवी करें तथा सुरक्षा की भावना का एहसास बना रहे। प्रदर्शन के दौरान रामगोपाल वर्मा, ओंकार नाथ मिश्रा, पतिराम गौतम, चंद्रिका यादव, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, नंदलाल शिल्पकार, मनीष मिश्रा, प्रेम कुमार त्रिपाठी, प्रेम श्रीवास्तव, हरिओम शंकर शुक्ला, गिरधारी वर्मा सहित तमाम अधिवक्ता सम्मिलित हुए।

## छत से गिरकर किशोर की मौत

**मीरजापुर।** चील्ह थाना क्षेत्र के मल्लेपुर गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में किशोर की मौत हो गई। मल्लेपुर निवासी संतोष कुमार यादव का पुत्र प्रियांशु यादव (14) सुबह करीब 10 बजे घर की छत पर गया था। जहां अचानक उसका पैर फिसल गया। संतुलन खोने से वह छत से सीढ़ियों पर गिरते हुए नीचे आ गिरा। उसे गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने घायल प्रियांशु को तुरंत निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर मीरजापुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## शहीद सेना सम्मान भारत साईकिल यात्रा पर निकले अभिषेक, हरदोई पहुंचे

**हरदोई।** शहीद सैनिकों के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए शहीद सेना सम्मान भारत साईकिल यात्रा पर देवरिया से निकले 24 वर्षीय अभिषेक अपनी यात्रा के 68वें दिन गृह जनपद हरदोई पहुंचे। शुक्रवार को हरदोई कलेक्ट्रेट परिसर पर उनका उनका स्वागत जिला अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने किया। जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर उनको आगे की यात्रा के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि अभिषेक का यह जुनून सैनिकों का उत्साहवर्धन करेगा। वीर सैनिकों का यह आंतरिक समर्थन भी हमारी सेना की ताकत है। अभिषेक अपनी संपूर्ण यात्रा के दौरान देश के 31 राज्यों और 61 छावनी होते हुए कुल 47 हजार किलोमीटर की दूरी तयकर नौ सौ दिनों में यात्रा समाप्त करेगें। वे अपने साथ एक टेंट लेकर चलते हैं, जिसमें वह रात्रि विश्राम करते हैं। रात्रि विश्राम के लिए वह किसी की सहायता भी नहीं लेते हैं।

## मिर्ज़ामुराद में यात्रियों से भरी क्रूजर खड़ी ट्रक से टकराई, पॉच यात्रियों की मौत

**वाराणसी।** मिर्ज़ामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर के समीप वाराणसी—प्रयागराज राजमार्ग पर शुक्रवार को तेज रफ्तार श्रद्धालुओं से भरी क्रूजर वाहन खड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में क्रूजर पर सवार 05 यात्रियों की मौत हो गई। वहीं, सात यात्री घायल हो गए। सूचना पाते ही डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार, एडीसीपी आकाश पटेल भी मौके पर पहुंच गए।अफसरों ने घायल यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाने के बाद शवों को कब्जे में ले लिया। सभी यात्री कर्नाटक के बिदर से वाराणसी आए। यहां बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान के लिए जा रहे थे। क्रूजर की स्पीड इतनी तेज थी कि आगे बैठी एक महिला यात्री का सिर धड़ से अलग हो गया था। क्रूजर जीप में चालक समेत 15 लोग बैठे थे। एडीसीपी आकाश पटेल के अनुसार हादसे में पॉच लोगों की मौत हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रूपापुर हाइवे पर ट्रक खड़ा था। सुबह—सुबह वाराणसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार क्रूजर जीप अनियंत्रित होकर ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि क्रूजर का अगला हिस्सा पूरा ट्रक से चिपक गया। क्रेन को बुला कर ट्रक और क्रूजर को अलग किया गया। माना जा रहा है कि ड्राइवर को नींद की झपकी आने से हृदय विदारक हादसा हो गया। पुलिस अफसरों के अनुसार दुर्घटना में कर्नाटक बीदर निवासी संतोष कुमार (50) और उनकी पत्नी सुनीता (45) , दो पुत्र सहित एक अन्य है। घायलों में खुशी (10), कविता (48), सुलोचना (50), अनीता (50), सुजाता (32),वाहन चालक व अन्य है। घायलों को निकट के कछवा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बीएचयू ट्रामा सेंटर में भेजा गया। कर्नाटक पुलिस को भी दुर्घटना की जानकारी दे दी गई है। डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार व एडीसीपी आकाश कुमार पटेल ने मौके पर छानबीन के बाद कछवां अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना।

## रादाबाद रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों से लगभग 1,06,000 यात्रियों ने की प्रयागराज महाकुम्भ की यात्रा

**मुरादाबाद।** प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए मुरादाबाद रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों से लगभग 1,06,000 यात्रियों ने यात्रा की। जिसमें मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से लगभग 20,000 यात्री, शाहजहांपुर से 30,000, हरदोई से 18,000, हरिद्वार से 11,000, देहरादून से 9,000, बरेली व चंदौसी से 7000–7000, योग नगरी ऋषिकेश से 4000? यात्री ट्रेनों के द्वारा महाकुम्भ में पहुंचे। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि मुरादाबाद मंडल से अनेक संख्या में अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट द्वारा यात्रियों को महाकुम्भ मेले के लिए भेजा गया है ऋमहाकुम्भ के शुरूहोने से 12 फरवरी तक मंडल के प्रमुख स्टेशनों से लगभग लगभग 1,06,000 यात्रियों को प्रयागराज क्षेत्र में महाकुम्भ के लिए भेजा गया है। उन्होंने आगे बताया कि मंडल के स्टेशनों से महाकुम्भ के लिए जाने वाले यात्रियों को मंडल के स्टेशनों एवं गाड़ियों में महाकुम्भ बुकलेट वितरित करने का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। इस बुकलेट में मुख्यतः स्पेशल गाड़ियाँ, मेला क्षेत्र की जानकारी, प्रयागराज क्षेत्र के सभी स्टेशन, प्रयागराज के पर्यटन स्थल आदि के बारें में जानकारी प्रदान की गयी है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने कहा कि स्टेशनों पर नियमित रूप से एलाउंसमेंट द्वारा, टिकट चेकिंग एवं रेलवे सुरक्षा बल, सहयोग केंद्र तथा हेल्प डेस्क द्वारा महाकुम्भ जाने वाली गाड़ियों के बारें में जानकारी प्रदान की जा रही है।

# चाय के असुरक्षित होने के संदेह पर संग्रहित किये गये नमूने

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बहराइच । सहायक आयुक्त (खाद्य)-2 ने अमर सिंह ने बताया कि नानपारा बाजार में लोबोसा मिक्स ब्राण्ड की रंगीन चाय बिकने की अधिसूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों का गठन कर नानपारा तहसील में पिछले कई दिनों से छापामार कार्यवाही की गयी। अलग-अलग दिनों में चार खाद्य कारोबारकर्ता लोबोसा मिक्स ब्राण्ड के गोल्डेन स्पेशल मिक्स एवं गार्डे न फ्रेश के नाम से फ्लेवर्ड टी कंसंट्रेट बिक्री करते हुए पाये गये। उक्त खाद्य कारोबारकर्ता/विक्रे ता द्वारा बताया गया कि उक्त चाय बरेली से ट्रांसपोर्ट के माध्यम से आती है एवं उनके द्वारा 05-05 किग्रा0 के दो-तीन पैकेट का आर्डर किया जाता था तथा विक्रय होने के उपरान्त पुनः आर्डर दिया जाता था। उक्त चाय के असुरक्षित होने के संदेह पर नमूना संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किये गये तथा अवशेष 21 किग्रा चाय सीज की गयी। खाद्य विश्लेषक द्वारा गार्डे न फ्रेश, लोबोसा मिक्स ब्राण्ड की फ्लेवर्ड टी कंसंट्रेट (बैच सं0-0010) के एक नमूने की जांच रिपोर्ट प्रेषित की गयी, जो कि विश्लेषण में असुरक्षित पायी गयी। उक्त जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात प्रतिषेध आदेश जारी कर उक्त चाय की विक्री को जनपद बहराइच में प्रतिबन्धित कर दिया गया है तथा उक्त की सूचना सहायक आयुक्त (खाद्य), बरेली मण्डल, बरेली तथा सहायक आयुक्त (खाद्य)-।।, बरेली को प्रेषित की गयी है। लोबोसा मिक्स ब्राण्ड की गार्डे न फ्रेश पलेवर्ड टी कंसंट्रेट (बैच सं0-0010) की जनपद में विक्री की सघन जांच की जा रही है। भविष्य में यदि कोई भी दुकानदार उक्त चाय की विक्री करता हुआ पाया जाता है तो नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील की जाती है कि लोबोसा मिक्स ब्राण्ड की गार्डे न फ्रेश फ्लेवर्ड टी कंसंट्रेट (बैच सं0-0010) की जनपद में विक्री न करें। अन्यथा की दशा में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेग।

# सरकार–ए–मदीना कॉन्फ्रेंस में इस्लाहे मुआशरे पर हुए बयानात



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत इमामगंज बाजार में अंसारी हार्डवेयर की ओर से सरकार-ए-मदीना कॉन्फ्रेंस का आयोजन मौलाना अय्यूब मिस्बाही की सरपरस्ती में आयोजित हुआ जिसका संचालन इंसाफ रजा नेपाली ने किया। कंफ्रेंस में बतौर मुकर्रिरे खुसूशी मुफ्ती गुलाम नबी नानपारवी रहे। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत तिलावते कलामे पाक से कारी इकरार रज़ा ने किया। हाफिज ओ कारी नफ़ीशुल कादरी, हाफिज अली रज़ा नानपारवी, नात ख्वां अनवार इकरार शिवपुरी, मोहम्मद साबिर इमामगंज आदि ने नात ओ मनकबत पेश किया। कॉन्फ्रेंस को खिताब करते हुए मौलाना हजरतदीन बहराइची ने इस्लाहे मुआशरा पर बयान फरमाया तो वही मुफ्ती गुलाम नबी ने दीन की अहम बाते बताई। इनके अलावा मौलाना आरिफ रिज़वी इमामगंज, हाफिज ओ कारी शाकिर रज़ा बहराइची ने भी कॉन्फ्रेंस को खिताब किया। कॉन्फ्रेंस में हाजी अनवर अहमद, रिजवान अंसारी, अशफाक अंसारी, सगीर अहमद अंसारी, कमाल अहमद, शोएब अहमद, नूर आलम, इमरान, अय्यूब अंसारी पत्रकार, खैबर अंसारी, आरिफ अंसारी, राजन अंसारी, अनस अंसारी, चांद राईनी, मुख्तार कुरैशी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

# विश्व प्रकृति निधि एवं गन्ना विभाग के सौजन्य से गन्ना किसान गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विश्व प्रकृति निधि डब्लू डब्लू एफ एवं गन्ना विकास विभाग के सौजन्य से पीलीभीत टाइगर रिज़र्व से लगे ग्राम गढ़ा लालपुर में बसंतकालीन गन्ना बुवाई के सम्बन्ध मे एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी मे कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ यस यस ढाका ने किसानो से गन्ना बोने से लेकर फसल कटाई तक की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान भाई कीट व्याधि रहित बीज का चयन करे। बोने से पहले बीज एवं भूमि का शोधन अवश्य करे स ऐसा करने से बीज एवं भूमि जनित बीमारी नहीं लगती है। बुवाई हमेशा एक आंख के टुकड़े से करे। ख़ुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा बताया गया कि जनपद मे इस वर्ष 46600 हे. में गन्ना बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए 28.25 लाख कुं बीज की आवश्यकता है। बीज का आरक्षण कर लिया गया है। इसमें 13.85 लाख कुं बीज गन्ना विभाग एवं चीनी मिलो द्वारा दिया जायेगा तथा 14.40 लाख कुं बीज स्वयं किसानो द्वारा अपने खेत पर आरक्षित किया गया है। किसानो को कोशा 13235, कोशा 17231, कोशा 18231,को लख 14201, को 15023,को लख 15466 जैसी उन्नतिशील गन्ना किस्मो का बीज किसानों को मिलेगा। वर्तमान मे गन्ना बुवाई तेजी से हो रही है। अब तक जिले में 4600 हे. में गन्ना बुवाई की जा चुकी है। बसंतकालीन गन्ना बुवाई के साथ उर्द,मूंग,खीरा, ककड़ी,भिंडी,तोरई, खरबूजा,सूरजमुखी आदि फसलों की सहफसली खेती भी की जा सकती है। सहफसली खेती से अधिक आमदनी भी ली जा सकती है। मनीष सिंह डीएफओ पीलीभीत टाइगर रीज़र्व ने बताया कि गढ़ा लालपुर के जो किसान पहली बार गन्ना बोना चाह रहे है उनको गन्ना बीज निशुल्क दिया जायेगा। इसके लिए इच्छुक किसान इको डेवलपमेंट कमेटी से सम्पर्क कर सकते है। के बी शर्मा केन हेड एल एच चीनी मिल गोष्ठी मे संजय श्रीवास्तव ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर,नरेश कुमार, राबिन सिंह, बनवारी लाल अध्यक्ष इको डेवलपमेंट कमेटी, रूद्र प्रताप सिंह, नेम चंद्र निरंजन सिंह व अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।




# उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्ति जज के आवास पर बैठक हुई आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जमात ए इस्लामी हिन्द की तरफ से चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत रिटायर्ड जज मुसव्वे अहमद के घर पर एक बैठक हुई।जिसमें मोहल्ले के लोग सम्मिलित हुए लोगों को सम्बोधित करते हुए कन्वेनर मोहतशिम रज़ा खां ने अभियान का परिचय कराया है।इस मौके जिलाध्यक्ष नजमुल हसन क़ादरी ने नशे के समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और समाज को इससे बचाने के लिए हर सम्भव प्रयास करने को कहा इस मौके पर रिटायर्ड जज मुसव्वेअहमद,अब्दुल मोहित, तारिक़ मक़्बूल सहित अनेक मोहलले के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे हैं।

## देव स्वरूप आर्य बने बसपा के जिलाअध्यक्ष समर्थकों में खुशी का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्य पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए उनको पीलीभीत जिला अध्यक्ष पद से नवाजा है। देव स्वरूप आर्य की गिनती बसपा के दिग्गज नेताओं में होती है।उच्च शिक्षित मृदुल भाषा के धनी देव स्वरूप आर्य की जनपद में ही नहीं बल्कि पार्टी हाई कमान में भी मजबूत पकड़ है।जिसके चलते उनको फिर से जनपद पीलीभीत की कमान सौंपी गई है।देव स्वरूप आर्य ने लगातार पार्टी हित में समय-समय पर संगठन को मजबूत करने के लिए मेहनत की है।देव स्वरूप आर्य ने पूरनपुर,पीलीभीत,बीसलपुर, जहानाबाद,अमरिया,मझोला बरखेड़ा,लालौरीखेड़ा, बिलसडा सहित पूरे जनपद पीलीभीत संगठन को एक मजबूत ताकत दी थी। अपने कार्यकाल में जगह-जगह पर मीटिंग लगाकर बसपा का जनाधार बढ़ाने का कार्य किया था।उनकी इसी मेहनत और लगन को देखते हुए पार्टी हाई कमान ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताकर जनपद की कमान सौंपी है।देव स्वरूप आर्य ने बताया की पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी है।उसको पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे और आने वाले चुनाव में बसपा प्रत्याशी को जीत दिलाने का काम करेंगे। उनके जिला अध्यक्ष बनने की खबर जैसे ही उनके समर्थकों पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियो को हुई।तो एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद देने का सिलसिला लगातार जारी है।

# सामुदायिक शौचालय और सचिवालय नियमित खुलना चाहिये : उप निदेशक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पंचायती राज विभाग अयोध्या मण्डल के उप निदेशक ने ग्राम पंचायत आजादपुर और खारा का स्थलीय निरीक्षण किया

अमेठी । पंचायती राज विभाग अयोध्या मण्डल के उप निदेशक अरविंद कुमार ने शुक्रवार को विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत आजादपुर और खारा में कराये गये विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण और भौतिक सत्यापन किया। उप निदेशक अरविंद कुमार ने पंचायत भवन के साथ ही शौचालय और गौ आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुये अभिलेखों का अवलोकन कर मातहतों को दिशा निर्देश दिया।पंचायती राज विभाग अयोध्या मण्डल के उप निदेशक अरविंद कुमार ने ग्राम पंचायत आजादपुर के साथ ही खारा में एस एल डब्ल्यू एम योजना के द्वारा कराये गये विकास कार्यो का बारीकी के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उप निदेशक ने पंचायत भवन, कामन सर्विस सेंटर, आरआरसी सेंटर, सामुदायिक शौचालय,रखरखाव रजिस्टर,



कम्प्यूटर, पेंशन, नाली निर्माण कार्य आदि की गहनता के साथ पड़ताल की। इन दोनों ग्राम पंचायतों में कराये गये विकास कार्यो को देखकर वह काफी खुश नजर आये और कहा कि ग्रामीणों को जन्म मृत्यु और अन्य प्रमाण पत्र के साथ ही परिवार रजिस्टर की नकल समय से प्रदान की जाय इसके लिये ग्रामीणों को ब्लाक की परिक्रमा करने की शिकायत नही मिलनी चाहिये। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन नियमित खुलना चाहिये और ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जानी चाहिये। इस मौके पर ग्राम प्रधान आलिया बानो, फूल कली,ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार, लाल चंद्र सरोज,फकीर अहमद उर्फ मिस्टर, अखिलेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने एक सौ दस ग्राम स्मैक के साथ तीन युवकों को धरदबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना और जामो पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक सौ दस ग्राम स्मैक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को उप निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अश्वनी मिश्रा पुत्र मुकेश मिश्रा निवासी ग्राम त्रिलोकीपुर मजेर नन्दौर थाना मुसाफिरखाना को धरौली चौराहा के पास से समय करीब ढाई बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया जिसकी । तलाशी में पैंतीस ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसी क्रम में उप निरीक्षक विनय कुमार दीक्षित मय हमराही द्वारा मुखबिर की सूचना पर विकास तिवारी उर्फ विक्कू पुत्र स्वर्गीय कालिका प्रसाद निवासी सूरपुर काशीपुर थाना मुसाफिरखाना को ग्राम बेन सिंह पुरवा के पास से रात्रि में गिरफ्तार किया गया जिसकी तलाशी में पचास ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इसी क्रम में थाना जामो पुलिस ने उमरपुर पुलिया के पास से रहीस पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी ग्राम सूरतगढ़ मजरे गोरियाबाद थाना जामो उम्र करीब बत्तीस वर्ष को पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

### जनपद में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का 22-23 फरवरी को गांधी प्रेक्षागृह में किया जायेगा आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन दिनांक 22-23 फरवरी को अपराह्न 02 बजे से गांधी प्रेक्षागृह गांधी स्टेडियम पीलीभीत में किया जायेगा। भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम में अन्तर्गत संस्कृति-पर्यटन विभाग उ.प्र. एवं स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से भारत-नेपाल सीमावर्ती जनपदों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों के बीच प्रदेश की समृद्व सांस्कृति विरासत को संरक्षित करने एवं देशप्रेम की भावना को प्रवाहित करने के उद्देश्य से सांस्कृति व राष्ट्रभक्ति पूर्ण आयोजन कराया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में भारत-नेपाल सांस्कृतिक मैत्री यात्रा, भारत-नेपाल लोकप्रिय गायन की प्रस्तुति, भारत-नेपाल के लोक नृत्यों की प्रस्तुति, भारत-नेपाल सांस्कृतिक चित्र प्रदर्शनी,भारत-नेपाल सांस्कृतिक परिधान शो, पर्यटन व्यू क्लिक ऑन स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भारत-नेपाल फ्यूजन बैण्ड शो,उत्तर प्रदेश के लोकरंग, व्यंजन एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी, नृत्य नाटिका-रघुनंदन, समुद्रमंथनम का आयोजन किया जायेगा। आम जनमानस से अनुरोध है कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

### 14 फुट की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का हुआ आयोजन उपस्थित रहे चेयरमैन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राम जानकी मंदिर पूरनपुर पर विपिन सक्सेना एवं उनके पुत्र सजल सक्सेना के सौजन्य से बनी भगवान शंकर की 14 फुट की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्राण प्रतिष्ठा पूजन पश्चात भंडारे का भी आयोजन हुआ।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार पूरनपुर हबीबुर्ररहमान,नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी,बाबा राघव दास, सभासद सौरभ सक्सेना, सभासद सुशील गुप्ता, सभासद अनुज कुमार गुप्ता, सभासद गौरव जायसवाल, सभासद सूरज बाथम, सभासद उदित सिंह, शलभ सक्सेना,एड. संजय विश्वास, विवेक तिवारी व अन्य क़ई सम्मानित भक्त जन उपस्थित रहे हैं।

### खेत में मिले गोवंश पशु के अवशेष मामले में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवंतापुर कुलुआगाढ़ा निवासी बलबीर सिंह के खेत में तस्करों ने गोवंशीय पशु का वध कर दिया था। इसके बाद सिर और खाल मौके पर ही फेंक दी गई थी। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी थी। इस पर क्राइम इंस्पेक्टर गजेंद्र पाल सिंह पुलिस के साथ पहुंचे थे। मौके पर पशु की खाल और सिर सहित अन्य अवशेष मिले थे। मामले में पुलिस ने खेत स्वामी की ओर से अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्राइम इंस्पेक्टर गजेंद्र पाल ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जाँच की जा रही है।

### एसपी की कार्रवाई के बाद आइलेट्स संचालकों में खौफ,रात्रि के समय हटाए जा रहे बैनर पोस्टर वीडियो वायरल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कई वर्षों से विदेश भेजने के नाम पर फर्जी दस्तावेज बनाकर युवाओं को विदेश भेजने व लाखों की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का खुलासा कर जेल भेज दिया था। उसके बाद से धोखाधड़ी करने वाले आइलेट्स सेंटरों पर एसपी की कार्रवाई जारी है। और इसी खौफ के से आइलेट्स संचालक अब रात्रि के समय में आइलेट्स सेंटरों से बैनर पोस्टर हटाकर उनको खाली कर रहे है।जिसका वीडियो शुक्रवार 8 बजे सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### नवविवाहिता ने पति समेत पांच ससुरालियों पर दर्ज कराया मुकदमा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव पूरे दीन सिंह मजरे पन्हौना की एक नव विवाहिता ने पति समेत पांच अन्य ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे दीन सिंह मजरे पन्हौना निवासी रमेश पाल ने अपनी सुपुत्री अनुष्का पाल की शादी बीते वर्ष की छब्बीस फरवरी को रमन पाल पुत्र राम करन निवासी ग्राम रामपुर पंवारा थाना शिवरतनगंज के साथ की थी और शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दहेज सामग्री उपहार स्वरूप दिया था। नवविवाहिता अनुष्का पाल ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि शादी कुछ दिन के बाद से ही पति व अन्य ससुरालियों द्वारा गाली गलौज के साथ ही प्रताड़ित किया जाने लगा। नव विवाहिता ने बताया कि ससुरालियों द्वारा दुकान करने के लिये जमीन खरीद कर दो या सिंहपुर में रोड पर स्थित मकान के बगल जमीन दो इसी बात को लेकर आये दिन परेशान करते रहे बीती छब्बीस नवम्बर को ससुरालियों द्वारा गाली गलौज करते हुये पिटाई कर दी गई तो मायके पक्ष के लोगों के साथ वह मायके लौट आई। पुलिस ने नव विवाहिता अनुष्का पाल की तहरीर पर पति रमन पाल, सास अनीता पाल, ससुर रामकरन पाल,जेठ अमन पाल व जेठानी सुषमा पाल निवासीगण ग्राम रामपुर पंवारा थाना शिवरतनगंज जिला अमेठी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

## संघर्ष जितना बड़ा होगा, सफलता उतनी शानदार मिलेगी : डॉ संगीता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर । आपको शिक्षा के साथ संस्कार भी मिला है । मेहनत और अनुशासन जरूरी है। चाहे कुछ भी बनिए परंतु एक अच्छा इंसान बनना जरूरी है। संघर्ष जितना बड़ा होगा सफलता उतनी शानदार मिलेगी । यह विचार छात्राओं के आशीर्वाद समारोह मे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ संगीता श्रीवास्तव ने कही। नगर में स्थित रामराजी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज मे गुरुवार को कक्षा 12 की छात्राओं का आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम का आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रबंधक डॉक्टर तूलिका गुप्ता ने कहा कि सकल पदारथ है जग माही कर्महीन नर पावत नाही। मेहनत से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है । उन्होंने आगे कहा कि यहां से जाने के बाद सबका अपना अलग-अलग क्षेत्र होगा । आगे चलकर कोई



डॉक्टर, इंजीनियर, प्रो़फ़ेसर नेता, अभिनेता बनेगा । समारोह की अध्यक्ष एवं विद्यालय की कोषाध्यक्ष मनीषा गुप्ता ने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रीति प्रकाश ने छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया । छात्रा आस्था ने अपने गीत आँखों मे आँसू है, फिर भी विदा करते है के गीत ने सबको भाव विभोर कर दिया। आचार्य द्य रोली श्रीवास्तव एवं चित्रा मिश्रा ने छात्राओं को परीक्षा में होने वाली सावधानियां पर विस्तार से बताया। इसके पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्य रेखा सिंह ने आए हुए अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया।

## अधिवक्ता एक्ट में संसोधन के विरोध में बार एसोशिएसन ने दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। एडवोकेट एक्ट में हुए संशोधन के विरोध में शुक्रकार को तहसील बल्दीराय के अधिवक्ताओं ने न्यू बार एसोशिएसन के अध्यक्ष मनोज सिंह के नेतुत्व में विधि मंत्री भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी की न उपस्थिति में पूर्ति निरीक्षक बल्दीराय निर्भय सिंह को सौंपा। अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ताओ ने ज्ञापन में अधिवक्ता के पूरे परिवार को एडवोकेट एक्ट का प्रावधान देने, लोकतांत्रिक स्वरूप को यथावत बनाए रखने, 10 लाख का मेडिकल क्लेम देने और अधिवक्ता की मृत्यु पर बीमा की धनराशि देने तथा नियम बनाने का अधिकार जो पूर्व में एडवोकेट एक्ट में था उसे बहाल करने, पंजीकरण के समय की



धनराशि 500 वापस किए जाने समेत अन्य मांगो को पूरा करने के लिए सरकार से मांग की है। इस अवसर पर बार एसोशिएसन बल्दीराय अध्यक्ष मनोज सिंह, महामंत्री वृजेश यादव, ध्रुव राज पांडे, अनिल यादव, बृजेश दुबे, आनंद तिवारी, अखिलेश पाठक, आशीष सिंह, सर्वोदय सिंह, श्रीकांत दुबे, द्वारिका यादव, अविनाश तिवारी, राजेश प्रताप सिंह, कृष्णकुमार तिवारी, कफील खान, अजय दुबे, बृजनंदन सिंह, गिरजा शंकर, रामकुमार यादव, वृज किशोर मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अगौना के उप चुनाव में अयोध्या प्रसाद ने छत्तीस वोटों से जीत दर्जकर बने प्रधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । विकास खण्ड तिलोई मुख्यालय पर शुक्रवार को ग्राम पंचायत अगौना में प्रधान पद के उप चुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई जिसमे अयोध्या प्रसाद ने छत्तीस मतों से जीत हासिल कर प्रधान पद पर निर्वाचित हुये हैं। आरओ ने नव निर्वाचित ग्राम प्रधान को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। मतगणना के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ डटा रहा। विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत अगौना के ग्राम प्रधान रहे गयादीन का बीते दिनों निधन हो गया था उनकी मौत से सीट रिक्त हो गई थी।बीते बुधवार को एक हजार चार सौ तिरपन मतदाताओं ने मतदान किया था। विकास खण्ड तिलोई मुख्यालय पर शुक्रवार की सुबह आठ बजे से स्थानीय पुलिस प्रशासन की निगरानी में मतगणना का कार्य प्रारम्भ हुआ। ग्राम प्रधान के इस



उप चुनाव में वैसे तो आधा दर्जन प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे थे लेकिन यह चुनाव प्रधान पद के प्रत्याशियों से ज्यादा समर्थकों के लिये प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया था। पूर्व ग्राम प्रधान रवि तिवारी द्वारा समर्थित प्रत्याशी राजकुमारी तो संदीप शुक्ला समर्थित प्रत्याशी अयोध्या प्रसाद के बीच कड़ा मुकाबला रहा। शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय पर हुई मतगणना में मिले परिणाम में अयोध्या प्रसाद को सात सौ चौबीस मत तो राजकुमारी को छह सौ अठासी मत हासिल हुये जिसमें अयोध्या प्रसाद ने राजकुमारी को छत्तीस मतों के अंतर से जीत हासिल की है। रिटर्निंग आफिसर नलिन राज ने विजयी प्रधान पद प्रत्याशी अयोध्या प्रसाद को प्रमाण पत्र सौंपा। नव निर्वाचित ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद के प्रतिनिधि संदीप शुक्ला ने कहा कि गांव के सम्मानित मतदाताओं की जीत है उन्होंने विजय श्री हासिल करने के बाद गांव के कई धार्मिक स्थलों पर पूजा पाठ किया। ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी है।

## डेढ़ किलो गांजा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

अमेठी । थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने अंडर ब्रिज कांदूनाला के पास से डेढ़ किलोग्राम गांजा के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शुक्रवार को उप निरीक्षक दिवाकर मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पप्पू पुत्र अख्तर निवासी ग्राम नया का पुरवा मजरे खैरातपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब करीब छियालिस वर्ष को अण्डर ब्रिज कादूनाला के पास से दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक किलो पांच सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# अश्लीलता का कारोबार

हाल ही में यूट्यूब के एक कथित कॉमेडी शो से उठे राष्ट्रव्यापी विवाद के बाद आरोपी यूट्यूबर को गिरफ्तारी से राहत देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में आरोपी से कहा कि उसने अपने दिमाग में भरी गंदगी को उगला है। अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया के बयान पर कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसकी बातों से बेटियों, बहनों और माता-पिता को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने केंद्र सरकार से पूछा कि वह सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने की योजना बताएं। अन्यथा इस मामले में कोर्ट देखेगा। उल्लेखनीय है कि यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना के एक शो 'इंडियाज गॉट टेलेंट' के एक एपिसोड को लेकर पिछले दिनों खासा विवाद हुआ। जिसको लेकर पूरे देश में तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई। कई राज्यों में अश्लील टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। दरअसल, रणवीर ने एक प्रतिभागी से उसके माता-पिता के निजी संबंधों को लेकर आपत्तिजनक सवाल किए थे। इस अमर्यादित व अश्लील टिप्पणी को लेकर देशव्यापी आलोचना की जा रही है। कालांतर यूट्यूब को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नोटिस के बाद इस एपिसोड को हटाना पड़ा था। दरअसल सोशल मीडिया पर ऐसी अश्लील व अभद्र टिप्पणी करने का यह पहला मामला नहीं है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अनाप-शनाप बकने का सिलसिला पिछले लंबे समय से सोशल मीडिया पर चल रहा है। दरअसल, कई कॉमेडियन व कलाकार विभिन्न कार्यक्रमों में ऐसी बकवास करते रहते हैं ताकि उन्हें नकारात्मक चर्चा से व्यापक पहचान मिल सके। लगातार कोशिश होती रहती है कि वर्जित विषयों को कार्यक्रमों में शामिल करके तरह-तरह के विवाद खड़े किए जाएं। दरअसल, टीवी चौनल भी टीआरपी के गंदे खेल में ऐसे हथकंडे अपनाने से नहीं चूकते, जो विवाद पैदा करें। ऐसे कॉमेडी कार्यक्रमों की लंबी शृंखला है जो अश्लीलता, फूहड़ता और अभद्रता को अपने विषय वस्तु बनाते हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर वर्जना तोड़ते कार्यक्रमों की बाढ़ सी आई हुई है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया में संपादक नामक संस्था का कोई स्थान नहीं है। जिसके चलते अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देकर तमाम वर्जित विषयों व संवादों को तरजीह दी जा रही है। एक हकीकत यह भी है कि अभद्र, अश्लील, आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट से सोशल मीडिया कंपनियों को भी मुनाफा होता है। कार्रवाई की मांग किए जाने पर ये विदेशी कंपनियां अमेरिकी कानून को अपना कवच बनाने का प्रयास करती हैं। विगत में भी एक विवाद के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी डिजिटल कंपनियों को शिकायत अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। यद्यपि आईटी मंत्रालय को आपत्तिजनक एप्स और कंटेंट को ब्लॉक करने का अधिकार है। लेकिन इसके बावजूद सोशल मीडिया की निरंकुश भूमिका को देखते हुए एक सख्त कानून की जरूरत महसूस हो रही है। इसके अभाव में ऐसे विवादित कार्यक्रम सुर्खियों में आते रहते हैं। हो-हल्ला होने के बाद प्राथमिकी दर्ज होती है, लेकिन बहुत कम मामलों में आरोपियों को सजा हो पाती है। उन्हें कानूनी संरक्षण देने वाले भी खुलकर सामने आते हैं। यही वजह है रणवीर इलाहाबादिया वाले मामले में शीर्ष अदालत ने उनको लेकर सख्त टिप्पणियां की हैं। नीति-नियंताओं को इस सामाजिक प्रदूषण को रोकने के लिये कारगर कानून बनाने होंगे ताकि आरोपियों को समय से सजा मिल सके। जिससे रातों-रात फ़ेमस होने की होड़ में सामाजिक विकृतियों व कुंठाओं को प्रश्रय न मिले। सदियों से सहेजे गए जीवन मूल्यों व सभ्याचार का संरक्षण करना समाज की भी जिम्मेदारी है। यदि इसकी महीन लक्ष्मण रेखा का अतिक्रमण होता है तो सामूहिक प्रतिरोध जरूरी है। नीति-नियंताओं को भी इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। तकनीकी क्रांति व विकास का मतलब यह कदापि नहीं है कि हम पश्चिम की विकृतियों व यौन कुंठाओं का अंधानुकरण करें।

# मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता की चुनौतियां

**राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं।**

भारतीय जनता पार्टी ने फिर एक बार दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है, वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा-दीक्षा दिल्ली में हुई है। रेखा गुप्ता से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता पुरानी संघ से जुड़ी नेता रही हैं, दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीतिक सफर शुरु करने वाली रेखा गुप्ता कोमल स्वभाव, खुशमिजाज, संवेदनशील लेकिन बेबाकी, बेखौफ एवं बुलन्द आवाज में अपनी बात रखने का उनका माद्दा उनको एक खास पहचान देता है। निश्चित ही दिल्ली का नया मंत्रिमण्डल सशक्त एवं कार्यक्षम है। वैसे एक बड़ी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थी, तो वह नरेंद्र मोदी थे। दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। उनका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व ही दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखेगा। प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्रराज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैं, इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैं, कपिल मिश्रा ब्राह्मण तो सिरसा सिख। भाजपा ने सभी वर्गों को मंत्रिमण्डल में जगह दी है। मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, साफ प्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देना, प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना, वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी। इसके साथ ही रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए भी ये संदेश भी देना होगा कि वे कठपुतली मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके लिए उन्हें शीला और सुषमा का उदाहरण सामने रखकर नयी रेखाएं खिंचनी होगी। भले ही मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ रेखा गुप्ता दिल्ली के दिलों पर छा गईं हो, एकाएक उनके फॉलोअर्स की रफ्तार देख हर कोई हैरान हो, उन्होंने दिग्गजों को पछाड़ा हो, लेकिन असली परीक्षा अब होगी और वह परीक्षा है उनका काम करने का तरीका एवं दिल्ली को दुनिया की अव्वल राजधानियों में शुमार कराने का। रेखा गुप्ता के सामने विपक्ष आम आदमी पार्टी के आक्रामक विरोध से निपटने की भी चुनौती होगी। 22 विधायक और 43 फीसदी मत प्रतिशत वाली आप विधानसभा के भीतर बाहर सरकार के विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन बाहरी चुनौतियों के साथ ही पार्टी के भीतर वो नेता जिनकी नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर थी, उनके भीतरघात से भी सजग रहने व निपटने की चुनौती होगी। हालांकि, मौजूदा भाजपा नेतृत्व के दौर में भीतरघात बहुत असरदार नहीं बचा है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा नेताओं की ही एक जमात उन्हें विफल होते भी देखना चाहेगी। मुख्यमंत्री को उन पर भी नजर रखनी होगी। आखिरी



सबसे बड़ी चुनौती नौकरशाही पर सार्थक नियंत्रण और उसे जनोन्मुखी बनाने की होगी। साथ ही दिल्ली के सभी वर्गों समूहों और क्षेत्रों में संतुलन साधते हुए विकास करने की होगी। दिल्ली देश की राजधानी और केंद्र के सीधे नियंत्रण में है, इसलिए उनके हर काम पर देश एवं दुनिया के मीडिया के साथ-साथ केन्द्र की नजर रहेगी, इसलिए उन्हें फूंक फूंक कर कदम रखने होंगे। दिल्ली का विकास केजरीवाल सरकार के दौर में अवरुद्ध रहा है। जीत के बाद विजयी भाषण में प्रधनमंत्री मोदी ने यमुना को लेकर कई बड़े वादे किए हैं, जिनपर रेखा गुप्ता सरकार को खरा उतरना होगा। तय डेडलाइन पर यमुना का जीर्णोद्धार हो पाए इसका इंतजार दिल्ली की जनता कर रही है। दिल्ली की जनता यमुना नदी को अहमदाबाद की साबरमती नदी की तर्ज पर सौन्दर्यकरण के साथ विकसित होते हुए देखने को उतावली है। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में इस वक्त सड़क कॉरिडोर प्रस्तावित है। इसके अलावा दिल्ली में कई स्थानों पर सड़कों का बुरा हाल है। इन सड़कों को दुरुस्त कराना भी एक बड़ी जिम्मेदारी होगी। दिल्ली में पूर्ववर्ती आप सरकार ने चार अस्पताल बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन इसे पूरा नहीं किया जा सकता है। वहीं, आयुष्मान आरोग्य मंदिर से जुड़ी योजना भी लागू करना होगा। दिल्ली में जिस प्रकार सार्वजनिक परिवहन की जरूरत बढ़ती जा रही है, उस अनुरूप बसों की संख्या बढ़ानी होगी। दिल्ली में कूड़े के पहाड़ और वायु प्रदूषण बड़ी समस्या रही है। भाजपा इन मुद्दों पर आप पर हमलावर रही है लेकिन अब जब खुद भाजपा सत्ता में आ गई है तो इसके लिए कोई बहाना दिल्ली की जनता को रास नहीं आएगा। वायु प्रदूषण के कारण ना केवल लोगों के स्वास्थ्य प्रभावित हो रहे हैं बल्कि बच्चों के स्कूल बीच सेशन बंद भी कराने पड़ते हैं। भाजपा ने चुनाव के वक्त अपनी पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। रेखा गुप्ता अपनी टीम की छवि कितनी साफ, अहंकारमुक्त एवं पारदर्शी रख पाती हैं, यह भी उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। वहीं, आप सरकार में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच कराना भी इसकी जिम्मेदारी होगी। महिलाओं एवं युवाओं के मुद्दों को लेकर भी उन्हें संवेदनशीलता दिखानी होगी। निश्चित ही मुख्यमंत्री का ताज फूलों से ज्यादा कांटोंभरा ताज है, लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रयोगशाला में तपकर निकली रेखा गुप्ता दिल्ली के शासन को एक नई आभा देकर सभी चुनौतियों से पार पायेगी, इसमें सन्देह नहीं है। **–ललित गर्ग**

# महाकुंभ के बहाने सनातन के अपमान की पराकाष्ठा

**मृत्युंजय दीक्षित**

प्रयागराज में दिव्य- भव्य महाकुंभ के आयोजन की तैयारियों के समय से ही इंडी गठबंधन के सभी दलों के नेता किसी न किसी बहाने इसकी आलोचना कर रहे थे किन्तु इसके सफलतापूर्वक संचालित होते हुए देखने के बाद तो वो इसको विफल करने के लिए तरह तरह के प्रयास कर रहे हैं और अपने वक्तव्यों से महाकुम्भ मेले की आड़ में सनातन धर्म और हिन्दू आस्था का निरंतर अपमान कर रहे हैं। खडगे के क्या कुम्भ में नहाने से गरीबी दूर होगी, से शुरू हुआ ये अपमान अब महाकुम्भ को मृत्यु कुम्भ कहने तक जा पंहुचा है। बिहार के चारा घोटाले के मुख्य आरोपी न्यायपालिका की दया से जमानत पर बाहर घूम रहे बिहार के पूर्व मुख्यमं.त्री लालू प्रसाद यादव ने महाकुंभ को फालतू का कुंभ कहा और फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी सीमाओं को पार करते हुए महाकुंभ को मृत्युकुंभ कह डाला जिससे संपूर्ण हिंदू समाज आक्रोशित है। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में अंधे हो चुके इन सभी दलों के नेताओं को यह महाकुंभ इसलिए रास नहीं आ रहा है क्योंकि यह अब तक का सर्वाधिक सफल महाकुंभ बनने जा रहा है। इस महाकुंभ से सनातन हिंदू समाज की एकता का जो ज्वार उभरा है उससे मुस्लिम परस्त दलों को अपना भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस प्रकार से महाकुंभ को मृत्युंकुभ कहा है उससे यह साफ प्रतीत हो रहा है कि उन्हें अब 2026 में राज्य के विधानसभा चुनावों में संभावित हिन्दू एकता से भय लगने लगा है। इंडी गठबंधन के कई दलों के प्रमुख नेता जहाँ महाकुंभ की आलोचना कर रहे हैं वहीं उन्हीं दलों के बहुत से नेता वीवीआईपी टीट्रमेंट के साथ गंगा नदी में पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, डी.के. शिवकुमार, अजय राय, सचिन पायलट यह सभी माँ गंगा में डुबकी लगा चुके हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी ने तो महाकुंभ के खिलाफ एक नियमित अभियान ही चला दिया है। सपा के प्रवक्ता टीवी चैनलों पर कह रहे है कि हम विरोधी दल हैं हमारा तो काम ही सरकार से व्यवस्थाओं पर सवाल करना है । तो सरकार पर सवाल करो ना, सनातन पर क्यों कर रहे हो? सपा के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी महाकुंभ के खिलाफ खूब दुष्प्रचार किया जा रहा है। महाकुंभ -2025 पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए सपा सांसद अफजाल अंसारी पर मुकदमा तक दर्ज हुआ है क्योंकि उन्होंने कहा था कि संगम पर भीड़ देखकर लगता है कि स्वर्ग हाउसफुल हो जायगा। उत्तर प्रदेश विधान सभा सत्र में बोलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को फालतू कुंभ और मृत्यु कुंभ बताने वालों को सटीक और कड़ा जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि सनातन का आयोजन भव्यता से करना अगर अपराध है तो ये अपराध मेरी सरकार ने किया है आगे भी करेगी। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में सपा पर हमलावार होते हुए कहाकि सोशल मीडिया हैंडल देखें तो वहां की भाषा उनके संस्कारों को प्रदर्शित करती है यह भाषा किसी सभ्य समाज की नहीं हो सकती। ये लोग अकबर का किला जानते थे लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप नहीं जानते थे, ये इनके सामान्य ज्ञान का स्तर है। मुख्यमंत्री ने कहा इतने बड़े सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया। मुख्यमंत्री ने संगम जल की गुणवत्ता पर उठाये जा रहे सभी सवालों का जवाब देते हुए कहाकि संगम का पानी न केवल नहाने के लिए अपितु आचमन के लिए भी उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि संगम व महाकुंभ को बदनाम करने के लिए लगातार झूठा अभियान चलाया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि संगम और उसके आसपास के सभी पाइप और नलों को टेप कर दिया गया है और पानी को शुद्ध करने के बाद ही छोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पानी की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है। आज की रिपोर्ट के अनुसार संगम के पास बीओडी की मात्रा 3 से कम है और घुलित ऑक्सीजन 8-9 के आसपास है। इसका तात्पर्य यह है कि संगम का पानी न केवल नहाने के लिए अपितु आचमन के लिए भी उपयुक्त है। हिंदू विरोधी इंडी गठबंधन के नेताओं की हिंदू आस्था पर आघात करने की आदत बन चुकी है। यह सभी दल हीन भावना से ग्रसित हो चुके हैं इन्हें हिंदू समाज का उत्थान, हिंदू समाज का वैभव पसंद नहीं आ रहा है, जाग्रत, एकता से युक्त, एकरस हिंदू समाज इनको पसंद नही आ रहा है इन सभी दलों को मां गंगा की अविरल धारा में अपनी राजनीति समाप्त होती नजर आ रहा है जिस कारण यह सभी एक स्वर में महाकुंभ को मृत्युकुंभ बताने लग गये हैं।

## सेहत मंत्र

# दिल को रखना है पूरी तरह स्वस्थ तो पिएं अनार का जूस

इस बात से तो हम सभी वाकिफ है कि फलों का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। लेकिन अक्सर देखने में आता है कि लोग हमेशा फलों के रस की बजाय उन्हें यूं ही खाने की सलाह देते हैं क्योंकि इससे उनके स्वास्थ्य लाभ काफी कम हो जाते हैं। दरअसल, अधिकतर फलों के छिलकों में एंटी-ऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं और जब उनका रस निकाला जाता है तो वह एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी निकल जाते हैं। लेकिन अनार के रस के साथ ऐसा नहीं होता। अनार का रस भी सेहत के लिए उतना ही लाभकारी है, जितना इसके दानों का सेवन करना। अनार का रस दिल की सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। यह धमनियों में रूकावट के जोखिम को कम करता है। जिससे हृदय या मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह बेहतर तरीके से होता है। इसके अतिरिक्त यह खराब कोलेस्टॉल की मात्रा को भी कम करता है तथा अच्छे कोलेस्टॉल की मात्रा को बढ़ाता है। अनार के रस के सेवन का एक लाभ यह भी है कि यह रक्त में शर्करा के स्तर को नहीं बढ़ाता, जबकि अन्य फलों के रस का सेवन करने से ऐसा होता है। इसलिए मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति भी इसका सेवन बेफिक्र होकर कर सकते हैं। जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या रहती है, उन्हें अनार के रस का सेवन करना चाहिए। दरअसल, यह एक प्राकृतिक एस्पिरिन है, जो रक्त के जमाव और रक्त के थक्का बनने से रोकता है। साथ ही यह रक्त को पतला करके उसके प्रवाह को बेहतर बनाता है, जिससे व्यक्ति को ब्लड प्रेशर की समस्या नहीं होती। अनार के रस का इस्तेमाल दस्त के उपचार के रूप में भी किया जा सकता है। दरअसल, यह एंजाइम्स के स्राव में अहम भूमिका निभाता है और पाचन प्रक्रिया को सही करता है। अगर किसी व्यक्ति को अपच की शिकायत हो तो उसे एक टीस्पून शहद का सेवन एक गिलास अनार के रस में मिलाकर करना चाहिए। अनार के रस में एंटी-बैक्टीरिल और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं, जो वायरस व बैक्टीरिया से लड़ने में मददगार होते हैं।

## धर्म मंत्र

# गृहस्थ लोग महाशिवरात्रि को शिव की विवाह वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं

महाशिवरात्रि का पर्व भारत के सभी प्रदेशों में धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मॉरिशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। महाशिवरात्रि का व्रत फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को किया जाता है। महाशिवरात्रि भगवान शिव का त्यौहार है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि मे भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है। माना जाता है कि इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते हैं। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़े तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये उस दिन फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का सीजन होने से गांवों में लोगों द्वारा गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हें आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं। योगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबर्दस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है, जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं, पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं, जिसे आप ब्रह्मांड और आकाश गंगाओं के रूप में जानते हैं।

## पर्यटन



# रफ्तार भरी जिंदगी में सुकून से दो पल बिताने के लिए बेहतरीन जगह है तीर्थन वैली

दुनिया में आपने कई लखपति या करोड़पति लोगों के बारे में सुना तो जरुर होगा लेकिन क्या आपने कभी ऐसी जगह की कल्पना की है जहां का हर व्यक्ति करोड़पति हो। जी हां, आज हम आपको ऐसे ही गांव के बारे में बताएंगे जहां का हर व्यक्ति करोड़ों में खेलते है। हम बात कर रहे है चीन के जियांगसू प्रांत में स्थित वाक्शी गांव की। यह गांव दुनिया के बाकी गांवों से बहुत ही अलग है। इस गांव को देखने के लिए दुनिया भर से लोग आते है ताकि वह समझ सकें कि यहां के लोग इतने अमीर कैसे है। ज्यादातर लोगों के मन में गांव के बारे में सोच कर यहीं ख्याल आता है कि गांव की सड़के कच्ची, बिजली-पानी की पूरी सुविधा नहीं होगी लेकिन इस गांव में उपलब्ध सुविधाएं इसे बाकी शहरों से भी अलग बनाती है। इन्हीं सुविधाओं के कारण यह गांव दुनियाभर में सुपर विलेज के नाम से जाना जाता है। इतना ही नहीं, इस गांव में रहने पर अथॉरिटी की ओर कार और विला दिया जाता है, लेकिन गांव छोड़ने पर उसे न केवल यह चीजें बल्कि अपनी सारी संपत्ति छोड़नी पड़ती है। यहां के हर नागरिक के पास एक आलीशान घर और चमचमाती गाड़ी है। इस गांव में तकरीबन 2 हजार के लोग रहते है। इस गांव के हर व्यक्ति के खाते में तकरीबन 1.50 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जमा है। गांव के बीचों-बीच एक 72 मंजिला इमारत है जो की आकर्षण का केंद्र है। यहां के अधिकतर घर बाहर से देखने में एक जैसे ही है। यहां पर टेक्सी और थीम पार्क भी उपलब्ध है। यह गांव करोड़ों डॉलर की कंपनियों का गढ़ माना जाता है जिसमें स्टील और शिपिंग जैसी मुख्य कंपनियां शामिल है। यह दुनिया का पहला ऐसा गांव है जो पूरी तरह से मॉडल और सोशलिस्ट है। गांव की स्थापना 1960 में वू रेनबाओ नाम के नेता ने की थी। इस समय यह गांव कितना भी अमीर क्यों न हो शुरुआत में यह गांव बहुत गरीब था। गांव को इस तक पहुंचाने के पीछे कम्युनिस्ट पार्टी के स्थानीय सचिव वू रेनाबो का हाथ है। रेनाबो ने कंपनी का गठन करके सामूहिक खेती को बढ़ावा दिया और फर्टिलाइडर स्प्रे कैन की फैक्ट्री लगा कर लोगों को रोजगार दिया।

# महादेवा फाल्गुनी मेला को लेकर प्रशासन अलर्ट मूड में



❑ डीएम एसपी बराबर ले रहे जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। प्रसिद्ध शिवधाम महादेवा के फाल्गुनी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के आगमन के दृष्टिगत प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को सजग है।इसी क्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ मेला परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया।तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एडवोकेट ऐक्ट के प्रस्तावित संशोधन कतई नहीं स्वीकार : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के पूर्व चेयरमैन वा वर्तमान में सदस्य तथा पूर्व में हापुड़ में हुए पुलिस ,वकील संघर्ष प्रकरण पर इस्तीफा देने वाले अखिलेश अवस्थी भी 21 फरवरी को बाराबंकी के दौरे पर निकले और आंदोलनरत प्रदर्शनकारी वकीलों के साथ खड़े दिखे। श्री अवस्थी ने बकायदा प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे नए एडवोकेट ऐक्ट को अधिवक्ता विरोधी करार दिया और कहा कि किसी भी सूरत में इस काले कानून को बर्दास्त नहीं किया जायेगा।उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का देश की आजादी से लेकर उत्थान तक बड़ा योगदान है लेकिन केंद्र सरकार वकीलों के विरुद्ध ही इस तरह के संशोधन लाकर अधिवक्ता विरोधी चेहरा दिखा रही,उन्होंने कहा की कुछ ब्यूरोक्रेट इस तरह के कानून की गलत प्रस्तावना पेश की है जिसे निरस्त किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज आशा भरी नज़रों से केंद्र सरकार की ओर देख रहा था कि एडवोकेट प्रोटेक्सन एक्ट लागू होगा,वकीलों को दस लाख रूपये फ्री बीमा का लाभ मिलेगा लेकिन यह कुछ न देकर दमन कारी अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधेयक का संशोधन लाकर कुठाराघात किया है।उन्होंने अफसोस जताया कि तमाम अधिवक्ताओं की आर्थिक हालत खराब होने के बावजूद उन्हें किसान सम्मान निधि वा स्वास्थ विभाग की आयुष्मान योजना का लाभ नहीं दिया जाता इसे सुधार कर अधिवक्ताओं को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाय। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान वरिष्ट अधिवक्ता अमित शुक्ला ,सुनीत अवस्थी भी मौजूद रहे।

# वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। शासन की पहल पर शुक्रवार को शिक्षा क्षेत्र सिरौलीगौसपुर के प्राथमिक विद्यालय कन्धईपुर में वार्षिकोत्सव समारोह धूम धाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार की उपस्थिति में किया।मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों का हौसला आफजाई करते कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में भी कान्वेंट स्कूलों की तरह प्रतिभा की कमी नहीं है।जरुरत बस उसे निखारने की है। यहां बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को देखकर लगता है कि विद्यालय के शिक्षकों रिजवान अहमद, श्याम जी और सिंह बहादुर सिंह ने काफी मेहनत की है। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि विद्यालय आने वाले बच्चों पर अभिभावकों को थोड़ा और ध्यान देने की जरूरत है। जिससे बच्चे समय पर विद्यालय आए। बच्चों को समय से विद्यालय भेजने के साथ ही उनकी साज सज्जा पर भी ध्यान रखना चाहिए।समारोह को शिक्षक नेता आशुतोष वर्मा एवं रामानंद रावत ने भी अपने विचार रखें।इस मौके पर ग्राम प्रधान पंकज यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव, सहित बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# पथ प्रदर्शक व समाज का आईना होता है पत्रकार :बैजनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामसनेहीघाट, बाराबंकी। भारतीय अवध प्रेस क्लब स्थापना दिवस तहसील मुख्यालय पर परम्परागत धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने संबोधित किया। आयोग अध्यक्ष श्री रावत ने कहा कि पत्रकार समाज का आइना एवं पथ प्रदर्शक होता है। पत्रकार समाज की सच्चाई को सामने लाकर पीड़ित को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आज समाज संस्कारों से दूर होता जा रहा है जिससे हमारी संस्कृति प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकार को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ माना जाता है जिसके बल पर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास एवं सबके विश्वास के सिद्धांत पर बिना जाति धर्म देखें कार्य कर रही है। वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी भोलानाथ मिश्र ने कहा कि पत्रकार समाज का सेवक होता है और उसकी लेखनी कबीर की तरह न काहू से दोस्ती न काहू से बैर के सिद्धांत पर चलती है।उन्होंने कहा कि समाज में गिरावट का असर कुछ पत्रकारों पर भी पड़ा है जिसकी वजह से उस पर ऊंगली उठने लगी है। समाजसेवी डा. भष्माप्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को पूर्व प्रमुख दिनेश कुमार सिंह व समाजसेवी वीरेंद्रसिंह उपस्थित रहे। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सूरजमणि पाण्डेय ने व्यक्त करते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर क्लब के कोषाध्यक्ष मारूति नंदन मिश्र, पूर्व प्रधान शांति देवी,वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेन्द्र कुमार सिंह, डीपी तिवारी,राम नारायण मिश्र दिनेश कुमार तिवारी, अनुराग गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता इन्द्रपताप सिंह, शीला देवी आदि मौजूद थी।

# ग्राम चौपाल में सुनी ग्रामीणों की जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा /सिद्बौर बाराबंकी। शासन की मंशा अनुरूप गांव की समस्याओं का गांव में ही निराकरण के लिए प्रत्येक शुक्रवार को क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतो में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता है इसी के क्रम में निंदूरा क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों अखईपुर और महोलिया में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत महोलिया में खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा के साथ एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने जन समस्याएं सुनी वही ग्राम पंचायत अखईपुर में एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी और सीएम फ़ेलो डॉ अलकमा ने लोगों की समस्याएं सुनी। दोनो ग्राम पंचायतो में आवास, शौचालय, परिवार रजिस्टर नकल, पेंशन को लेकर कुल 14 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिसमें से चार का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी मांग आधारित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित सचिव प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, सौरभ यादव को निर्देश दिए गए।बीडीओ ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण समय से और गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए। साथ ही ग्रामीणों को फैमिली आईडी बनवाने और अपने फोन नंबर को आधार से लिंक करवाने को लेकर जागरूक किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान कमलेश कुमार रावत , अखईपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजीत कुमार उपस्थित रहे। इधर विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ।ग्राम पंचायत भुनई रुद्र में लघु सिंचाई अवरअभियंता सोमवीर सिंह यादव,और सोहावां में एडीओ कोऑपरेटिव शैलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्राम चौपाल में ग्राम पंचायत सचिव उत्तम कुमार, विवेक सोनकर, ग्राम प्रधान,समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## ट्रक से कुचलकर बाइक सवार की मौत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को कस्बा बदोसराय के मुख्य चौराहा पर मोटरसाइकिल सवार थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम देवली निवासी राधेश्याम वर्मा 58 वर्ष पुत्र लालता प्रसाद को पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक से कुचल कर मौके पर ही मौत हुई। मृतक डाक्टर राम खेलावन निवासी मरकामऊ के घर आया था। वहीं से बदोसराय कुछ सामान लेने चला आया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार ने बताया है कि चालक व ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

## गांव पहुंचा मनीष का शव कोहराम

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी थाना क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज निवासी मनीष कुमार कैटर्स की लखनऊ में हादसे में मौत हुई थी। बेटा पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि युवक नहर में गिर गया था।

## डम्फर से कुचलकर आंगनबाड़ी की मौत

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर एक तेज रफ्तार डंपर ने पैदल जा रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री को कुचल दिया। पुलिस ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।डंपर को पुलिस ने कब्जे में लिया। कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकिया निवासी आंगनबाड़ी शिवकांती शुक्रवार को कुर्सी के पंचायत भवन में कार्यकत्रियों की बैठक में शामिल होने जा रही थी।लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग पर कुर्सी कस्बे के निकट तेज रफ्तार दो डंपर ओवर टेक कर रहे थे तभी सड़क पार कर रही शिवकांती को रौंदते निकल गया। हादसे में शिवकांती के दोनों पैर कुचल कर क्षतिग्रस्त हो गए।थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इलाज के दौरान शिवकांत की मौत हुई। परिजनों द्वारा अभी तहरीर नहीं मिली है।

## अधिवक्ता संशोधन बिल ब्रिटिश मानसिकता वाला कानून है : बार काउंसिल सदस्य

**कानपुर।** केंद्र में प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 ब्रिटिश मानसिकता वाला कानून है। यह बिल पूरी तरह से अधिवक्ताओं के विरोध में है। आज बार एसोसिएशन द्वारा कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल का पुतला फूंककर अपनी बात को सरकार तक पहुंचाने की कोशिश की है। यह बातें शुक्रवार को बार काउंसिल सदस्य अकंज मिश्रा ने कही। अधिवक्ता संशोधन बिल को लेकर देश भर के अधिवक्ताओं में आक्रोश देखने को मिल रहा है। कानपुर में भी लॉयर्स और बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में बिल के विरोध में सैकड़ो अधिवक्ताओं ने कचहरी के शताब्दी गेट से लेकर कलेक्ट्रेट ऑफिस तक जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल का पुतला फूंक कर नारेबाजी की गई। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार मनमाने तरीके से अधिवक्ताओं पर अंकुश लगाने का काम कर रही है। सरकार अपने नुमाइंदों को इस न्याय के मंदिर में स्थापित करना चाहती है। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि नियम बनाने का जो अधिकार पूर्व में एडवोकेट्स एक्ट में था। उसको यथावत स्थितियों में जारी रखा जाए। जब तक इसको वापस नही लिया जाता देश का हर एक अधिवक्ता सड़कों पर उतरकर विरोध करता रहेगा।

## 33 गोवंश बरामद, आरोपी गौ तस्कर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** मीरजापुर पुलिस ने गो-तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक डीसीएम ट्रक से 33 गौवंश को क्रूरतापूर्वक बांधकर वध के लिए ले जाते हुए बरामद किया। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन और क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना लालगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरौधा ओवरब्रिज के पास छापा मारा। जांच के दौरान पुलिस को डीसीएम ट्रक में क्रूरतापूर्वक बांधकर वध के लिए ले जाए जा रहे 33 गोवंश मिले। इस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को कब्जे में लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना लालगंज में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।गौ तस्करी में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

**फिरोजाबाद।** न्यायालय ने शुक्रवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थदंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसको अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना नारखी क्षेत्र अन्तर्गत 11 अप्रैल 2022 को अतुर्रा जसराना का रहने वाला शिवराज ने 12 साल की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले गया। परिजन उसे ढूंढते रहे, लेकिन वह नहीं मिली। बाद में पीड़िता घर लौटी तो अपनी मां को आपबीती सुनाई। पिता ने थाने में शिवराज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना के बाद शिवराज के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो प्रथम अवधेश यादव की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक अवधेश भारद्वाज ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने शिवराज को दोषी माना। न्यायालय ने उसे 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 56 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## इटावा में सड़क हादसा, चार युवकों की मौत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के थाना ऊसराहार क्षेत्र अंतर्गत सरसई नावर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक पर सवार पांच युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में चार युवकों की मौत हो गई और एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर घायल को इलाज के लिए सैफई मेडिकल भेजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि थाना ऊसराहार क्षेत्र अंतर्गत सरसई नावर मार्ग पर एक बाइक पर सवार पांच युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और तीन युवकों ने अस्पताल में पहुंचकर उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एक युवक गंभीर रूप से घायल है जिसका इलाज सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में चल रहा है। उन्होंने बताया कि मरने वाले युवकों में आशीष (17), हिमांशु (15), राहुल (22) और रोहित (18) है। मेडिकल कॉलेज में जिस युवक का इलाज चल रहा हैश उसकी पहचान प्रांशु के रूप में हुई है। सभी युवक किसी शादी समारोह से दावत खाकर लौट रहे थे। हादसे के बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मुरादाबाद में 79457 छात्र-छात्राएं देंगे यूपी बोर्ड की परीक्षा

**मुरादाबाद।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित यूपी बोर्ड की परीक्षा में मुरादाबाद में 79457 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। जनपद में 108 केंद्रों पर हाईस्कूल में 40183 और इंटरमीडिएट में 39274 विद्यार्थी रजिस्टर्ड हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि मुरादाबाद जनपद में 108 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। हाईस्कूल में 40183 और इंटरमीडिएट में 39274 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। जिले में 17 केंद्रों को संवेदनशील बताया गया है। इन पर अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की तैनाती की जाएगी। बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा बैठक में परीक्षा की ड्यूटी में लगे अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। 24 फरवरी से 12 मार्च तक यूपी बोर्ड की परीक्षाएं होंगी। परीक्षा को सुव्यवस्थित, नकलविहीन व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों के अलावा अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा के लिए सचल दल भी गठित कर दिए गए हैं। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। निगरानी के लिए कार्यालय में मॉनीटरिंग सेल भी बनाया गया है।

# उपचुनाव में प्रधान बनी रामकुमारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड की ग्राम पंचायत पलिया के प्रधान की मृत्युऔर छः माह पश्चात रिक्त पद के लिए हुए उपचुनाव मे पूर्व प्रधान की पत्नी पर ही ग्राम वासियों ने विश्वास जताया।शुक्रवार को एसडीम फतेहपुर राजेश कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति में मतगणना शुरू हुई। मतगणना में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल उपस्थित रहा। बताते हैं कि पूर्व प्रधान की पत्नी रामकुमारी गुप्ता ने ग्राम वासियों के अनुरोध पर दावेदारी प्रस्तुत की।चार लोग मैदान में उतरे। मतदाताओं ने सबको जनकारी दिया। शुक्रवार की सुबह खंड विकास कार्यालय में उपचुनाव की मतगणना प्रारंभ हुई।पूर्व प्रधान कामेश्वर गुप्ता की पत्नी रामकुमारी 586 मतों से विजई हुई। 1994 मतों में 857 मत राजकुमारी के पक्ष में पड़े।निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर विनोद कुमार यादव ने विजयी प्रत्याशी रामकुमारी गुप्ता को प्रमाण पत्र देने के साथ ही अच्छे से अपने दायित्व को निर्वहन करने की शुभकामनाएं व बंधाई दी।विजयी प्रधान रामकुमारी गुप्ता को उनके समर्थकों ने पुष्प माला पहनाकर बधाई दी।खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा,एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# मुरादाबाद नगर निगम राजस्व वसूली में उत्तर प्रदेश में अव्वल

एजेंसी



मुरादाबाद। नगर निगम मुरादाबाद ने राजस्व वसूली के मामले में प्रदेश के अन्य नगर निगमों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नगर निगम ने जनवरी-2025 में गतवर्ष के सापेक्ष 179 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 में 3.82 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 10.66 करोड़ रुपये की वसूली कर यह सफलता अर्जित की है। मुरादाबाद नगर निगम ने 8200 संपत्तियों को सीवरेज नेटवर्क सुविधा प्रदान की है। जिसमें से 69 प्रतिशत संपत्तियों से सीवर कर वसूली की गई जो प्रदेश में सर्वाधिक है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने शुक्रवार को बताया कि गृहकर वसूली में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 63 प्रतिशत के प्रभावशाली लक्ष्य को हासिल किया है, जो अन्य नगर निगमों की तुलना में सर्वोच्च है। नगर आयुक्त ने कहा कि गत वर्ष यूजर चार्ज वसूली शून्य थी, जबकि इस वर्ष 69.91 लाख रुपये की प्रभावशाली वसूली कर निगम ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसी तरह जलकर वसूली में 62 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की है। नगर आयुक्त ने दावा किया कि वित्तीय अनुशासन और कुशल रणनीति के चलते नगर निगम ने जनवरी माह तक निर्धारित 94 करोड़ रुपये के लक्ष्य का 70 प्रतिशत 63.27 करोड़ रुपये वसूल कर प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। पिछले साल इस अवधि में 37.19 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी। निगम की इस उपलब्धि पर नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में नगर निगम मुरादाबाद की सराहना की गई।

# बोर्ड परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी को समझें अधिकारी : डीएम

एजेंसी




कानपुर। 24 फ़रवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें। परीक्षा केंद्रों पर आने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कंट्रोल रूम में होने वाली हर गतिविधियों चौबीस घंटे सातों दिन संबंधित अधिकारी पर ध्यान दें। रात्रि दस बजे के बाद लाउड स्पीकर न बजने दिया जाए। यह बातें शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कही। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को चुन्नीगंज स्थित राजकीय बालिका इण्टर कालेज में बनाए गए जनपद के 123 परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कंट्रोल रूम तथा राजकीय इण्टर कालेज में बनाए गए स्ट्रांग का जायजा लिया। 24 फरवरी 2025 से हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रारंभ होगी। जो 12 मार्च को समाप्त होती कुल 12 दिनों में बोर्ड परीक्षा सम्पन्न होगी। बोर्ड परीक्षा की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। परिषदीय परीक्षा वर्ष 2025 हेतु जनपद कानपुर नगर में निर्धारित 123 परीक्षा केन्द्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग हेतु राजकीय बालिका इण्टर कालेज, चुन्नीगंज कानपुर नगर में ऑनलाइन मॉनिटरिंग कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिससे शिफ्टवार चौबीस घंटे सातों दिन परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी। परिषदीय परीक्षा वर्ष 2025 हेतु जनपद कानपुर नगर में निर्धारित 123 परीक्षा केन्द्रों के प्रश्नपत्रों को राजकीय इण्टर कालेज, चुन्नीगंज कानपुर नगर में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जनपद में निर्धारित 123 परीक्षा केन्द्रों में पुलिस अभिरक्षा में प्रश्नपत्र प्रेषित किए जाएंगे। परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसकी जिम्मेदारी केंद्र पर मौजूद संबंधित अधिकारियों की होगी।

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे वाराणसी, बाबतपुर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत



एजेंसी

वाराणसी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार अपरान्ह में वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तर राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर केन्द्रीय मंत्री नड्डा का भाजपा पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ महेन्द्रनाथ पांडेय,भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल, काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल,आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी,विधायक सौरभ श्रीवास्तव ,जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ,सुरेश सिंह, नवीन कपूर,शैलेष पांडेय आदि शामिल रहे। एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच भाजपा अध्यक्ष शहर के लिए रवाना हो गए। भाजपा अध्यक्ष सर्किट हाउस में लगभग ढाई घंटे पार्टी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। इसके बाद काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने जाएंगे। मंदिर से नमो घाट पर आयोजित काशी-तमिल संगमम् में हिस्सा लेंगे। सांस्कृतिक संध्या में शिरकत करने के बाद देर शाम बाबतपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे।

# यूपी वारियर्स की नजरें खाता खोलने और दिल्ली कैपिटल्स की शीर्ष स्थान पर





एजेंसी

बेंगलुरू। दिल्ली कैपिटल्स की नजरें महिला प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को यूपी वारियर्स को हराकर शीर्ष स्थान पर कब्जा करने पर लगी होंगी जबकि यूपी की टीम सत्र में पहली जीत दर्ज करने की कोशिश में होगी। फिलहाल अंक तालिका में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बाद दूसरे स्थान पर काबिज दिल्ली ने तीन में से दो मैच जीते हैं। दूसरी ओर यूपी वारियर्स लगातार दो मैच हारकर सबसे नीचे है। दोनों टीमों के बीच वडोदरा में हुए पिछले मैच में दिल्ली ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी। टूर्नामेंट से पहले खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही दिल्ली की टीम कप्तान मेग लानिंग के फॉर्म में लौटने से मजबूत हुई है। इसके अलावा मध्यक्रम में मरियाने कैप और अनाबेल सदरलैंड ने अच्छा योगदान दिया है। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और जेमिमा रौड्रिग्स से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन दूसरे छोर से उन्हें सहयोगी नहीं मिल पा रहा। यूपी वारियर्स की कमजोर कड़ी फील्डिंग साबित हुई है जिसके खिलाड़ियों ने तीन कैच टकपाये और कई मिसफील्ड की जिसका उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। कप्तान दीप्ति शर्मा ने पिछला मैच हारने के बाद कहा था,'' अगर हम कैच लपक पाते तो नतीजा कुछ और होता लेकिन यह सब चलता रहता है।

# कतर ओपन में कार्लोस अल्काराज को जिरि लेहेका ने हराया

एजेंसी

दोहा। शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब 25वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने उन्हें कतर ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 3-6, 6 -4 से हराया। स्पेन के 21 वर्ष के अल्काराज को 2025 में आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच ने हराया था। इस महीने की शुरूआत में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ने रोटरडम ओपन जीता था। अल्काराज ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैने अपनी टीम और कोच से बात की है। मुझे नहीं पता कि कहां कमी रह गई। उसने शानदार खेल दिखाया और उसे श्रेय दिया जाना चाहिये। अब लेहेका का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने मात्तेओ बेरेतिनी को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। इससे पहले पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर को 4-1, 3-6, 7-6 से परास्त किया। अब वह कनाडा के फ़ेलिक्स आगर एलियास्सिमे से खेलेंगे।

# ऊना के पैरा एथलीट सुनील कुमार ने पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता रजत पदक




एजेंसी

ऊना। ऊना जिले के अंब उपमंडल के ललियाड़ संतु गांव के पैरा एथलीट सुनील कुमार ने 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 17 से 20 फरवरी तक चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न स्पर्धाओं में देशभर के बेहतरीन पैरा एथलीटों ने हिस्सा लिया। सुनील कुमार की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, युवा मामले एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा तथा ऊना जिला प्रशासन ने उन्हें बधाई दी है। प्रदेश सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और होनहार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सुनील कुमार की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'चेन्नई में आयोजित 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चौंपियनशिप में ऊना जिला के अंब उपमंडल के होनहार पैरा एथलीट सुनील कुमार ने जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यह प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। मैं उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। गौरतलब है कि 24 वर्षीय सुनील कुमार बचपन से ही खेलों के प्रति जुनूनी रहे हैं। विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने साहस, दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से यह सफलता हासिल की।

# भारत का खिलौना बाजार हुआ मजबूत, वैश्विक रिटेल दिग्गज सीधे सोर्सिंग पर कर रहे दांव



एजेंसी

नई दिल्ली। अब तक भारत खिलौना निर्यात के लिए ज्यादा नहीं जाना जाता था लेकिन वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह ट्रेंड बदलता नजर आ रहा है। 'चाइना प्लस वन' नीति के तहत, वैश्विक रिटेल दिग्गज वॉलमार्ट और टारगेट कॉरपोरेशन पहली बार भारतीय खिलौना ब्रांडों से सीधी सोर्सिंग कर रहे हैं। उद्योग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, वॉलमार्ट ने 2027 तक भारत से सोर्सिंग को तीन गुना बढ़ाकर 10 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना बनाई है और खिलौनों का डायवर्सिफिकेशन इसी रणनीति का एक हिस्सा माना जा रहा है। भारत सरकार ने हाल के वर्षों में घरेलू खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे यह सेक्टर वैश्विक कंपनियों के लिए आकर्षक बनता जा रहा है। इस बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते समय भारत के खिलौना उद्योग की संभावनाओं पर भी जोर दिया, जिससे यह संकेत मिलता है कि सरकार इस सेक्टर को और मजबूती देने के लिए कदम उठा सकती है।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुन्दनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04526 | बठिण्डा | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04661 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | रायबरेली जं., लखनऊ शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, देवबंद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, राजपुरा, सरहिंद, ढंडारी कलां, जालंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन |
| 04612 | फिरोजपुर कैंट | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा, बठिंडा, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04621 | अयोध्या धाम जं. | 10:00 | अमृतसर जं. | 08:45 | लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., सहारनपुर, अंबाला कैंट जं., धुरी जं., लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं जंडियाला स्टेशन |
| 08253 | बिलासपुर जं. | 08:15 | वाराणसी | 10:00 | राजपुर जं.,दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | वाराणसी, चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नरयावली, खुरई, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबड़ा गुगोर, अटरू, बारां एवं अन्ता। |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज(टर्मि.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जंक्शन, ठाणे और दादर स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., जलगांव, मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. एवं गाजीपुर सिटी स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 06002 | गोमती नगर | 03:45 | पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन सेंट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी जं., मानिकपुर जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चीराला, ओंगोल, नेल्लूर एवं गुडूर जं.स्टेशन। |
| 05295 | दरभंगा जं. | 21:00 | झूँसी | 10:00 | समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ़्फ़रपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 07086 | आजमगढ़ | 19:45 | विजयवाड़ा | 07:30 | शाहगंज जं., वाराणसी जं., प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, वरंगल एवं खम्मम स्टेशन |
| 04815 | जोधपुर जं. | 16:20 | पाटलिपुत्र | 02:00 | गोटन, मेड़ता रोड जं., डेगाना जं., बड़ी खाटू, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ जं., चूरू, सादुलपुर जं., लोहारू, सतनाली, महेंद्रगढ़, रेवाडी जं., गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली जं., गाजियाबाद, अलीगढ जं., टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 09139 | विश्वामित्री | 08:35 | बलिया | 20:30 | वडोदरा जं., गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर जं., औंड़िहार जं. और गाजीपुर सिटी स्टेशन। |
| 05207 | बरौनी जं. | 16:30 | झूँसी | 05:30 | बछवारा जं., विद्यापतिधाम, शाहपुर पटोरी, महनार रोड, देसरी, अक्षयवट राय नगर, हाजीपुर जं., सोनपुर जं., छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी और ज्ञानपुर रोड स्टेशन। |
| 07107 | तिरुपति | 20:55 | बनारस | 15:45 | गुडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., एलुरु, ताडेपल्लिगुडेम, निडदवोल जं., राजमुंद्री, समालकोट जं., अन्नवरम, इलामंचिली, अनाकापल्ले, दुव्वाडा, पेंदुर्ती, कोट्टावलसा, विजयनगरम जं., बोब्बिली, पार्वतीपुरम, रायगढ़ा, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, संबलपुर जं., झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी जं., बरका काना, तोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डाल्टनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, सोन नगर, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, चंदौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, काशी एवं वाराणसी स्टेशन |
| 08588 | विशाखपट्टणम | 22:20 | गोरखपुर जं. | 19:30 | विजयनगरम जं., श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, छत्रपुर, बालुगाँव, खोरधा रोड जं., भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, बोइण्डा, रेढ़ाखोल, सम्बलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, चाँपा, बिलासपुर जं., पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, चुनार, वाराणसी जं., जौनपुर जं., मऊ जं. एवं देवरिया सदर स्टेशन। |

**दिनांक 23.02.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुन्दनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनंदपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ और रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04613 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुवा, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रुड़की, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं. एवं राय बरेली जं. स्टेशन |
| 04611 | फाफामऊ जं. | 19:30 | फिरोज़पुर कैंट | 16:45 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहान पुर, बरेली, मुरादाबाद, रुड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बठिंडा जं., कोट कपूरा एवं फरीदकोट स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के विभिन्न सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने छापा मारकर भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। सुरक्षाबलों ने जब्त हथियारों व विस्फोटक सामग्री को संबंधित पुलिस को सौंप दिया है।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सुगनू थाना क्षेत्र के सिंघटॉम गांव और आसपास के इलाकों में सुरक्षाबल के जवानों ने छापा मारकर एक एसएलआर (बिना मैगजीन), एक सिंगल बैरल गन, एक स्थानीय रूप से निर्मित पंपी (पाइप बम लॉन्चर), तीन नंबर 36 हैंड ग्रेनेड (बिना डेटोनेटर), दो बाओफेंग हैंडसेट, आठ टियर गैस स्मोक शेल, तीन आईईडी (लगभग आठ किलोग्राम), एक बुलेटप्रूफ वेस्ट, एक जोड़ी जंगल बूट और अन्य हथियार व गोला-बारूद बरामद किया है। इसी तरह, सुरक्षाबलों ने मयांग इंफाल थाना क्षेत्र के बेंगून यांगी सगाइसाबी इलाके से एक रीमेड 7.62 एमएम स्नाइपर राइफल, दो नौ एमएम पिस्टल (दो मैगजीन सहित), एक एसबीबीएल गन, दो नंबर 36 हैंड ग्रेनेड, पांच स्मोक ग्रेनेड, एक एमए-3 राइफल (म्यांमार निर्मित, बिना मैगजीन) तथा अन्य विस्फोटक सामग्री जब्त की गई। जिरीबाम थाना क्षेत्र के लैसाबिथोल इलाके से दो पंपी, एक एके-47 राइफल (एक मैगजीन सहित), एक स्थानीय पिस्टल (एक मैगजीन सहित), एक बोल्ट ऑपरेटेड राइफल, दो ग्रेनेड, एक बारूदी सुरंग (7-9 किग्रा), 17 पंपी बम, दो हस्तनिर्मित बम, 200 ग्राम पीईके विस्फोटक और कई राउंड गोला-बारूद बरामद किए गए।

इसके अलावा सुरक्षाबलों ने थौबल डैम थाना क्षेत्र के बंपा खुल्लेन से एक एके-56 राइफल मैगजीन, दो बेयॉनेट, एक 5.56 एमएम इंसास राइफल (चार मैगजीन सहित), एक 7.62 एमएम स्नाइपर राइफल (मैगजीन सहित), एक .22 राइफल (मैगजीन सहित), 30 एके राइफल गोलियां, 40 इंसास गोलियां, 20 एसएलआर गोलियां, पांच बुलेटप्रूफ जैकेट और तीन बाओफेंग वायरलेस सेट सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। सुरक्षा बलों ने सभी जब्त हथियार और विस्फोटकों को आगे की जांच के लिए संबंधित थानों को सौंप दिया है।

# न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाला के तीनों आरोपित 28 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में

एजेंसी

मुंबई। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाला मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपितों को शुक्रवार को कोर्ट ने 28 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। इस मामले में हितेश मेहता, धर्मेश पान को पहले ही गिरफ्तार किया गया था, जबकि पुलिस ने बैंक के पूर्व सीईओ अभिमन्यु को गुरुवार को गिरफ्तार किया था। इन सभी पर बैंक में 122 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार इस मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने हितेश मेहता और धर्मेश पान को 15 फरवरी को गिरफ्तार किया था और 16 फरवरी को कोर्ट में पेश किया था। उस समय दोनों को कोर्ट ने 5 दिनों तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया था। दोनों की पुलिस कस्टडी आज खत्म हो रही थी, जबकि इसी मामले में पुलिस ने कल बैंक के पूर्व सीईओ




अभिमन्यु को भी गिरफ्तार किया था। इसलिए आज पुलिस ने इन तीनों आरोपितों को एक साथ कोर्ट में पेश किया था और तीनों की पुलिस कस्टडी मांगी। इसीलिए कोर्ट ने इन तीनों आरोपितों को 28 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस इन तीनों से गहन पूछताछ कर रही है।

# पेज एक का शेष

## अगले...

पिछली पंचवर्षीय योजना में उत्तर प्रदेश देश का वो पहला राज्य है जिसने बैंको से सबसे अधिक लेन देन किया। जनधन अकाउंट उसके उदाहरण हैं। जिनका कभी बैंक में अकाउंट नहीं था आज उनके अकाउंट में लाखों रुपये जमा हैं। आज उनके अकाउंट में लाखों करोड़ रुपये उन बैंकों में जमा हैं इस बात का उदाहरण है कि व्यक्ति की क्रय करने की सामर्थ भी और जमा करने की सामर्थ भी बड़ी है यह प्रधानमंत्री मोदी के विजन के कारण संभव हो पाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित करने वाला राज्य बन चुका है। पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण यह सेक्टर बदहाल हो गया था, लेकिन वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के माध्यम से इसे पुनर्जीवित किया गया। कोविड काल में वापस लौटे 40 लाख प्रवासी श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर उन्हें एमएसएमई सेक्टर से जोड़ा गया, जिससे दो करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला। योगी ने बताया कि 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 'सीएम युवा उद्यमी योजना' शुरू की गई, जिसके तहत 5 लाख रुपये तक के बैंक ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। योजना के पहले चरण में 5 लाख रुपये और दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। अब तक 96 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के अनुपूरक प्रश्न पर नेता सदन योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसानों की हालत 2017 से पहले बेहद खराब थी। आज किसान आत्महत्या नहीं कर रहा, बल्कि अपनी उपज का डेढ़ गुना मूल्य पा रहा है। धान की खेती में किसानों को प्रति क्विंटल 2300 रुपये मिल रहे हैं, जबकि लागत 1100 रुपये आती है। इसी तरह गेहूं पर भी सरकार किसानों को दोगुना मूल्य दे रही है। गन्ना किसानों के भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज किसानों को एक सप्ताह के भीतर भुगतान मिल रहा है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य बन चुका है और एथेनॉल उत्पादन में भी शीर्ष स्थान पर है। सरकार ने दलहन और तिलहन के लिए भी विशेष योजनाएं शुरू की हैं, जिससे किसानों की आमदनी में वृद्धि हो रही है।

हर सेक्टर में महिलाओं को मिले रोजगार

योगी ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को स्वावलंबन के दिशा में जो कार्य हुए हैं उसमें अकेले उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में 20% भार्ती अनिवार्य रूप से की गई है। हर एक सेक्टर में उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। सीएम योगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आप लोगों लगता है कि यूपी 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य नहीं हासिल कर पाएगा तो यह आपकी दुर्भावना हो सकती है, लेकिन सरकार की सद्भावना है कि उत्तर प्रदेश 5 वर्ष में इस टारगेट को अचीव करेगा। संसाधनों से भरपूर उत्तर प्रदेश को प्रकृति और परमात्मा की कृपा से ओतप्रोत इस उत्तर प्रदेश को जिसको आप लोगों ने समाजवादी पार्टी की सरकार ने और विपक्षी दलों की सरकार ने देश के बीमारू राज्यों की श्रेणी में लाकर के खड़ा कर दिया था, यह देश की छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा किया था, इन संसाधनों का हम भरपूर उपयोग कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था से उभरकर देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2029 तक उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनकर देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

महाकुम्भ से मिलेगा प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ का योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2023 में 65 करोड़ पर्यटक राज्य में आए और महाकुंभ में अकेले 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के इस पोटेंशियल को जिसको देश और दुनिया आज देख रही है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देगा।

## महाकुम्भ...

प्रयागराज पहुंचकर तैयारियों को परखेंगे। बता दें कि महाशिवरात्रि को ढाई से तीन करोड़ श्रद्धालुओं का प्रयागराज महाकुंभ पहुंचने का अनुमान है।

सीएम योगी ने दिये निर्देश : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आगामी त्योहारों को लेकर अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। उन्होंने महाकुम्भ प्रशासन को निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि स्नान पर्व की कार्ययोजना बनाई जाए और सड़कों पर वाहन न खड़े होने दें। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि श्रद्धालुओं को स्नान के लिए कम से कम पैदल चलना पड़े। साथ ही जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित देखरेख करें। उन्होंने महाशिवरात्रि पर महाकुम्भ के अंतिम स्नान को लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने दी जाए।

रेलवे भी अलर्ट मोड में : महाशिवरात्रि के स्नान को लेकर रेलवे अलर्ट मोड पर है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन अंतिम अमृत स्नान होगा। ऐसे में उम्मीद है कि करोड़ों की तादाद में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। बड़ी तादाद ऐसे श्रद्धालुओं की होगी जो ट्रेनों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचेंगे और वहां स्नान करने के बाद ट्रेन से ही लौटेंगे। ऐसे में भीड़ को कंट्रोल करने के लिए रेलवे ने कमर कस ली है।

प्रयागराज में बना होल्डिंग एरिया : उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाये गए हैं। ये होल्डिंग एरिया प्लेटफॉर्म के बाहर स्थित हैं ताकि यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और जनसमुद्र को रोकने में मदद मिल सके। उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत प्रयागराज जंक्शन पर 1,15,572 वर्ग फीट, नैनीः 1,14,495 वर्ग फीट, प्रयागराज छिवकीः छिवकीः 80729 वर्ग फीट, कुंभ क्षेत्र के एक हिस्से के रूप में, उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे ने प्रयाग जंक्शन पर 1,07,639 वर्ग फीट, फाफामऊ जंक्शनः 94,453 वर्ग फीट, झूसी मे 1,93,750 वर्ग फीट और प्रयागराज रामबागः 43055 वर्ग फीट में स्थायी व अस्थायी होल्डिंग एरिया भी बनाए हैं। कुम्भ क्षेत्र में कुल 749693 वर्ग फीट क्षेत्र होल्डिंग एरिया के रूप में बनाया गया है। इसके साथ ही प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन और नैनी जंक्शन पर भी होल्डिंग एरिया बनाया गया है।

यूपी रोडवेज ने भी कसी कमर : महाकुम्भ के आखिरी स्नान महाशिवरात्रि के लिए यूपी रोडवेज ने 1200 बसों को रिजर्व में रखा है। परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि स्नान और 21 से 28 फरवरी के लिए 1200 बसें रिजर्व में रखी गई है। इसके अलावा संगम क्षेत्र में 750 शटल बसें भी चल रही हैं।

गंगा बैराज से गंगा में छोड़ा ज्यादा पानी : महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पहले गंगा का जलस्तर बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई है। इस कड़ी में 20 फरवरी को गंगा बैराज कानपुर से गंगा में जल का डिस्चार्ज निरंतर बढ़ाया जा रहा है। वसंत पंचमी खान पर्व बीतने के बाद महाकुम्भ में संगम खान के लिए प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु आ रहे हैं। शिवरात्रि के पहले गंगा का जलस्तर कम होने से श्रद्धालुओं को संगम में डुबकी लगाने में परेशानी होने लगी थी। घुटने के नीचे संगम का जल होने के चलते श्रद्धालु डुबकी नहीं लग पा रहे थे। इस समस्या को देखते हुए गंगा बैराज कानपुर से ज्यादा जल गंगा में छोड़ा गया। 23 फरवरी को आएंगे सीएम योगी : महाकुम्भ के अंतिम स्नान की तैयारियां देखने के लिए सीएम योगी 23 फरवरी को फिर प्रयागराज आ रहे हैं। इस दिन वह महाशिवरात्रि से जुड़ी तैयारियां देखेंगे। हालांकि, अभी आगमन का प्रोटोकॉल नहीं आया है।

मुख्य सचिव और डीजीपी पहुंचे प्रयागराज : शुक्रवार को महाशिवरात्रि की तैयारियां देखने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं डीजीपी प्रशांत कुमार महाकुम्भ नगर पहुंचे। मुख्य सचिव और डीजीपी प्रशांत कुमार ने नाव से संगम घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को परखने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा, यहां ट्रैफिक प्रबंधन काफी बेहतर है और भीड़ पर नियंत्रण रखा जा रहा है। प्रयास किया जा रहा है कि लोगों के आवागमन को सुचारू और बेहतर बनाया जा सके। सोशल मीडिया पर महाकुम्भ को लेकर माहौल बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास में लगे तत्वों पर भी योगी सरकार कड़ी नजर रख रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि हम लगातार इस पर नजर रख रहे हैं और हमने एफआईआर भी दर्ज की हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि अबतक पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं।

24 फरवरी को प्रयागराज में बोर्ड की परीक्षा टली : श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में 8वीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन लगेंगी। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा-महाकुम्भ के चलते प्रयागराज में होने वाली 24 फरवरी की यूपी बोर्ड की परीक्षा को टाल दिया गया है। इस दिन का पेपर बाद में कराया जाएगा।

आठ ट्रेनों के रूट बदले : प्रयागराज आने-जाने वाली 8 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी गई हैं। 4 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। प्रयागराज में रजिस्टर्ड (यूपी-70) गाड़ियों को ही शहर में एंट्री दी जा रही है।

सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद : कुम्भ मेला प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। मेला क्षेत्र के एंट्री प्वाइंटों, संगम व पांटून पुलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस, पैरामिलिट्री के अलावा होमगाड्स, एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस और यूपी एसटीएफ के जवान तैनात कर दिए गए हैं। ड्रोन कैमरों से भी भीड़ और मेला क्षेत्र की लगातार निगरानी की जा रही है। 58 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु कर चुके हैं स्नान : महाकुम्भ का आज 40वां दिन है। मेला खत्म होने के 5 दिन और बचे हैं। शाम 6 बजे तक 1.16 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया। अबतक करीब 58.87 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

## कांग्रेस...

हस्तक्षेप करने और मोदी को हटाने का प्रयास किया गया था। कुछ समाचार पत्र और मीडिया इसे गलीचे के नीचे छिपाकर कवर करने की कोशिश कर रहे हैं। स्वंय अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से यह कहा है और उनसे बेहतर जानकारी किसी के पास नहीं हो सकती है।

भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने कहा कि सोनिया गांधी एफडीएलएपी (एशिया-प्रशांत में फ़ेडरेशन फॉर डेमोक्रेसी एंड लिबर्टी) की सह-अध्यक्ष थीं। भाजपा ने इस मंच पर सवाल उठाए थे। हमने पूछा, जब वह एफडीएलपी की सह-अध्यक्ष थीं तो कश्मीर को स्वतंत्र करने का सुझाव देने वाले प्रस्ताव क्यों पारित किए जा रहे थे? जब हम भारत की अखंडता को मजबूत करने के लिए अनुच्छेद 370 में संशोधन कर रहे थे तो सोनिया गांधी कथित तौर पर एक बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं, जहां कश्मीर को भारत से अलग करने की वकालत के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया था। साफ है राहुल गांधी और सोनिया गांधी देश की स्थिरता को पचा नहीं पा रहे हैं। इसलिए राहुल ने देश को भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश को तोड़ने की कोशिश की।

## कांग्रेस ...

राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर व ख़ासकर हमारे ऊपर अंगुली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी जरूर झांक कर देखना चाहिए तो यह बेहतर होगा। इनको यही सलाह। बसपा प्रमुख ने आगे कहा कि दिल्ली में बनी नई भाजपा सरकार को यहां चुनाव में खासकर जनहित व विकास सम्बंधी किए गए अपने तमाम वादों को समय से पूरा करने की चुनौती है। वरना आगे चलकर इस पार्टी का भी हाल कहीं कंाग्रेस जैसा बुरा ना हो जाए।

## विदेश...

है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एलन मस्क और दक्षता विभाग की विदेशों में की गई फंडिंग कार्रवाई की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि भारत के मतदान में लोगों की भागीदारी बढ़ाने से अमेरिका का क्या लेना-देना है। उन्होंने संभावना व्यक्त की थी कि तत्कालीन प्रशासन भारत में किसी और (नरेन्द्र मोदी के अलावा) का चुनाव चाहता था।

ट्रम्प के इस बयान के बाद से ही भाजपा और कंाग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा का आरोप है कि वर्ष 2024 के आम चुनाव में विपक्ष और तात्कालीन अमेरिकी सरकार और जॉर्ज सोरोस के बीच सांठगांठ थी। दूसरी ओर कंाग्रेस ने ट्रम्प के बयान को वाहियात बताते हुए सरकार से इस मुद्दे पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। इस बीच कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यूएसएड की ओर से भारत के लिए कोई धन आवंटित नहीं किया गया था। धन आवंटन असल में बांग्लादेश के लिए था। उधर राष्ट्रपति ट्रम्प ने पूरे प्रकरण में अपने पुराने कथन को दोहराते हुए कहा कि यह वास्तव में रिश्वतखोरी या दलाली दोनों का मामला था। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि आखिर यह रिश्वत किसको और क्यों दी गई।

अमेरिका में एलन मस्क की अगुवाई वाले दक्षता संबधित विभाग की ओर से एक सूची जारी की गई थी जिसमें अमेरिकी संस्था यूएसएड की ओर से वोटरटर्नआउट के लिए निधि आवंटित किए जाने का उल्लेख था। इसी तरह बांग्लादेश के लिए दो करोड़ 90 लाख डॉलर आवंटित किए गए थे। दक्षता विभाग ने यह सभी आवंटन रद्द कर दिए हैं।

## मप्र ...

आलमी छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की रहने वाली थी। इन पर महाराष्ट्र में छह लाख रुपये, छत्तीसगढ़ में पांच लाख रुपये और मध्यप्रदेश में तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था। सरिता उर्फ शीला उर्फ पदम मूल रूप से छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की रहने वाली थी। उस पर महाराष्ट्र में छह लाख रुपये, छत्तीसगढ़ में पांच लाख रुपये और मध्यप्रदेश में तीन लाख रुपये का इनाम था। इसके अलावा सुकमा की निवासी लक्खे मरावी भी पर महाराष्ट्र में छह लाख रुपये, छत्तीसगढ़ में पांच लाख रुपये और मध्यप्रदेश में तीन लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि इन चारो नक्सलियों के शव के पास से एक इंसास राइफल, एक एसएलआर राइफल, एक पॉइंट 303 और 315 सिंगल शॉट गन बरामद की गई है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि बस्तर में नक्सलियों का आधार क्षेत्र खत्म होता जा रहा है। लगातार हो रहे मुठभेड़ में नक्सलियों के कई बड़े कैडर्स मारे गए हैं। इसके साथ ही नक्सलियों कई कोर इलाकों में सुरक्षाबलों के कैंप स्थापित हो चुके हैं। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हथियार डाल दें। हिंसा में कुछ नहीं रखा है, मुख्यधारा में लौट आएं। उन्होंने बताया कि इस अपील का असर भी हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

## आईडब्ल्यूएआइ...

केंद्रित करेगी। मंत्रालय के परामर्श से भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के जल मेट्रो विकसित करने के लिए चयनित 17 शहरों में- अयोध्या, धुबरी, गोवा, गुवाहाटी, कोल्लम, कोलकाता, प्रयागराज, पटना, श्रीनगर, वाराणसी, मुंबई, वसई, मंगलुरु (गुरुपुरा नदी), गांधीनगर-अहमदाबाद (साबरमती नदी), केरल में अलेप्पी के साथ ही लक्षद्वीप तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं, जहां अंतर-द्वीपीय नौका सेवाएं कनेक्टिविटी में व्यापक परिवर्तन ला सकती हैं।

शहरी जल परिवहन प्रणाली मुख्य भूमि और आस-पास के नगर पालिकाओं, पंचायत क्षेत्रों, द्वीपों को जलमार्गों से जोड़ेगी और इसे परिवहन के अन्य साधनों के साथ समेकित करेगी। इसके अलावा, यह पर्यटन और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। यह ऊर्जा-दक्ष इलेक्ट्रिक फ़ेरी, आधुनिक टर्मिनलों के माध्यम से गैर-प्रदूषणकारी और संधारणीय उपायों को अपनाएगी और निर्बाध मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी।

हरित नौका दिशा-निर्देशों के अनुरूप भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने कई हरित उपाय किए हैं, जिसमें यात्री नौकाओं के लिए इलेक्ट्रिक कैटामारन नौका की खरीद शामिल है। दो ऐसे कैटामारन पहले ही वाराणसी और अयोध्या में तैनात किए जा चुके हैं। मथुरा और गुवाहाटी में जल्द ही छह ऐसी नौकाएं तैनात की जाएंगी। एक हाइड्रोजन ईंधन सेल संचालित जहाज़ भी खरीदा गया है, जिसका सफल परीक्षण हाल में पूरा हुआ है। जल मेट्रो परियोजनाएं विकसित करके शहरी जल परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ करने का कदम प्राधिकरण की सक्रिय पहल का विस्तार है।

## जनजातीय...

आदिवासी विश्वविद्यालय था, वहीं पिछले एक दशक में हमारी सरकार में 2 नए आदिवासी विश्वविद्यालय स्थापित किए।

छात्रों ने गृह मंत्री के साथ शिक्षा एवं करियर पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर गुजरात भवन के रेजिडेंट कमिश्नर डॉ. विक्रान्त पांडेय और संतोकबा ढोलकिया विद्या मंदिर (डांग) के संस्थापक एवं सेक्रेटरी पी.पी. स्वामी भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्र...

और प्राकृतिक संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। साथ ही स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि दूरदर्शी नेता हमेशा भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करना चाहते थे और केवल 100 प्रभावी और कुशल नेताओं की मदद से इसे बदलना चाहते थे। देश को उसी जोश के साथ आगे बढ़ना होगा। यह देखते हुए कि प्रत्येक नागरिक 21वीं सदी के विकसित भारत के सपनों को सच करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है।

उन्होंने 140 करोड़ की आबादी वाले देश में सभी क्षेत्रों में अच्छे नेतृत्व की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप ऐसे नेताओं को तैयार करेगा जो राजनीति के क्षेत्र सहित पूरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार का नेतृत्व करने और कौशल को दिशा देने में सक्षम हों। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कौशल के बढ़ते महत्व की ओर इशारा किया। मोदी ने नए कौशल को अपनाने के लिए नेतृत्व विकास की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि इसे वैज्ञानिक और संरचित दृष्टिकोण के माध्यम से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने इस प्रक्रिया में एसओयूएल जैसे संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया और उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि संस्था ने इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, ''भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है।'' उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में गति बढ़ाने के लिए विश्व स्तरीय नेताओं और अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व की आवश्यकता है। 'सोल' जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थान न केवल विकल्प हैं, बल्कि आवश्यकता भी हैं।

शासन और नीति-निर्माण को विश्वस्तरीय बनाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह तब हासिल किया जा सकता है जब नीति निर्माता, नौकरशाह और उद्यमी वैश्विक सर्वोत्तम तौर-तरीकों को शामिल करते हुए नीतियां बनाएं। उन्होंने इस सम्बंध में एसओयूएल जैसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे, एसओयूएल बोर्ड के अध्यक्ष सुधीर मेहता और उपाध्यक्ष हसमुख अधिया अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ उपस्थित थे। इन गणमान्य लोगों ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। मोदी ने भूटान के प्रधानमंत्री को भूटान नरेश के जन्मदिवस के दिन इस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया।

## भाषायी...

ये भाषायी विविधता ही हमारी एकता का सबसे बुनियादी आधार भी है। आज भारत दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यताओं में से एक है। इसका कारण हमारा लगातार विकसित होना है। हमने लगातार नए विचारों को जोड़ा है। नए बदलावों का स्वागत किया है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी भाषायी विविधता इसका प्रमाण है।

मराठी भाषा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम इस बात पर भी गर्व करेंगे कि महाराष्ट्र की धरती पर मराठी भाषी एक महापुरुष ने 100 वर्ष पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बीज बोया था। आज ये एक वटवृक्ष के रूप में अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। उन्होंने कहा, ïमैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि लाखों अन्य लोगों की तरह आरएसएस ने मुझे राष्ट्र के लिए जीने को प्रेरित किया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से भारत की महान परंपरा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक संस्कार यज्ञ चल रहा है। उनके जैसे लाखों लोगों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है और संघ के कारण उन्हें मराठी भाषा और मराठी परंपरा से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसी कालखंड में मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया गया है।

प्रधानमंत्री ने मराठी भाषा को 'शास्त्रीय' भाषा का दर्जा दिए जाने का भी उल्लेख किया और कहा कि भारत और पूरी दुनिया में 20 करोड़ मराठी भाषा बोलते हैं, आश्चर्य है कि मराठी भाषा को यह दर्जा पाने में दशक तक इंतजार करना पड़ा। उन्होंने मराठी को एक संपूर्ण भाषा बताया और कहा कि आज दिल्ली की धरती पर मराठी भाषा के इस गौरवशाली कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन एक भाषा या राज्य तक सीमित आयोजन नहीं है, मराठी साहित्य के सम्मेलन में आजादी की लड़ाई की महक है। इसमें महाराष्ट्र और राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत है।

उन्होंने कहा कि ïमहाराष्ट्र और मुंबई हिंदी फिल्मों के साथ मराठी फिल्मों की स्थिति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नई फिल्म, छवा, अभी हर जगह सुर्खियां बना रही है। महाराष्ट्र के कितने ही संतों ने भक्ति आंदोलन के जरिए मराठी भाषा में समाज को नई दिशा दिखाई। गुलामी के सैकड़ों वर्षों के लंबे कालखंड में मराठी भाषा आक्रांताओं से मुक्ति का भी जयघोष बनी।

## समानता...

कदम उठाए गए हैं, जिससे देश को काफी मदद मिली है और लोगों को काफी लाभ हुआ है। इनमें से एक है शिक्षा और दूसरा है लोगों का सशक्तीकरण। जब प्रति व्यक्ति इंटरनेट उपयोग की बात आती है तो भारत अमेरिका और चीन से भी आगे है। उन्होंने कहा कि जब अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण या डिजिटल हस्तांतरण की बात आती है, तो हम वैश्विक समुदायों का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हैं। एक दशक पहले हमारी अर्थव्यवस्था वैश्विक बेंचमार्क में केवल दोहरे अंक में थी और अब हम विश्व में पांचवें स्थान पर हैं तथा अगले दो वर्षों में विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्र 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। एक समय था जब हमारे देश को अपनी वित्तीय साख बनाए रखने के लिए स्विट्जरलैंड के बैंकों में सोना जमा करना पड़ता था, उस समय विदेशी मुद्रा भंडार केवल 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। यदि इसकी तुलना वर्तमान स्थिति से की जाए तो यह 7 सौ बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व के लिए एक उदाहरण है कि ग्रामीण विकास, लोगों के सशक्तीकरण आदि के क्षेत्र में अच्छी पहल का क्या प्रभाव हो सकता है। यह अभिसरण एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जो राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन का यह सम्मेलन विश्व की स्थिरता को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यदि विश्व की स्थिरता को परिभाषित करना है तो ग्रामीण क्षेत्र, कृषि और कॉर्पोरेट क्षेत्र आदि का विकास सबसे महत्वपूर्ण है।

दुनिया अपने सुरक्षित अस्तित्व के लिए चुनौतियों का सामना कर रही है। जलवायु परिवर्तन की ओर इशारा करते हुए धनखड़ ने कहा कि यह एक ऐसा खतरा है जो हमने प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से पैदा किया है, जिसके हम मालिक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमने सोचा कि यह ग्रह केवल मनुष्यों के लिए है, दूसरों के लिए नहीं लेकिन इसके अलावा भी कई चुनौतियां हैं, जिनमें भूख और गरीबी शामिल हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063

# महाकुम्भ दिखा रहा 'सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया: और वसुधैव कुटुम्बकम की राह: कलिंग मोयोंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। गंगा, यमुना और अन्तः सलिला सरस्वती के संगम से सुशोभित प्रयागराज की पावन भूमि पर महाकुम्भ के इस महासंयोग में उगते सूरज की भूमि अरुणाचल प्रदेश ने भी डुबकी लगाई है। चीन, म्यांमार, भूटान और असम एवं नगालैंड से सटे अरुणाचल प्रदेश उगते सूरज की तरह विश्वभर में सनातन की लौ फैलाएगा। यह बातें अरुणाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष कलिंग मोयोंग ने कही। प्रयागराज महाकुम्भ में हिन्दुस्थान समाचार' से विशेष बातचीत में कलिंग मोयोंग ने कहा कि सनातन धर्म की अखंड ज्योति केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में अपनी उजास फैला रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोयोंग ने कहा कि भारतभूमि कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक है। इसकी इस एकता की सुदृढ़ता में प्रादेशिक



संस्कृतियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। भिन्न-भिन्न भाषाओं और बोलियों के ताने-बाने से बुनी हुई प्रादेशिक संस्कृति का धरातल एक ही है। इसे हम विविधता में एकरुपता या अनेकता में एकता की संज्ञा देते हैं। यही चेतना भारतीय संस्कृति की अस्मिता है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ दुनिया के लिए ?सौभाग्य है, जो सर्वे सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः और वसुधैव कुटुमबकम की राह दिखा रहा है। हिन्दुत्व की यह सनातन परंपरा विश्व फलक पर अपने गहरे प्रभाव से आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण का नेतृत्व कर रही है। उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व का प्रभाव न केवल भारत में, बल्कि विश्व स्तर पर देखा जा रहा है। वैश्विक परिदृश्य में हिन्दुत्व एक महत्वपूर्ण विचारधारा के रूप में उभर रहा है, जो शांति, सहिष्णुता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में सहायक है। कलिंग मोयोंग पत्नी केन्द्रिख एटे मोयोंग, प्रदेश महासचिव तादर निग्लर आदि के साथ संगम स्नान करने महाकुम्भ आए थे। संगम स्नान के बाद उन्होंने गोवर्धन मठ पुरी पीठ शिविर पहुंचकर अनुष्ठान में भाग लिया और शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कलिंग मोयोंग ने बातचीत के दौरान अरुणाचल प्रदेश की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में स्नान और हवन करने के बाद एक अद्‌भुत अनुभव हुआ। माहौल अत्यंत सकारात्मक है और राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रबंध उत्कृष्ट हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसके लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व का प्रभाव अरुणाचल प्रदेश में भी स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

# महाकुम्भ में थमने का नाम नहीं ले रहा जनसैलाब, अब तक 58.03 करोड़ श्रद्धालु लगा चुके आस्था की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाने के लिए महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं का जनसैलाब निरन्तर उमड़ रहा है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र हर-हर गंगे के जयकारों से गूंज रहा है। प्रयागराज में अब तक 58.03 करोड़ श्रद्धालु पावन त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर चुके हैं। शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक 68.09 लाख श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। प्रयागराज महाकुम्भ में अब केवल महाशिवरात्रि का पर्व स्नान शेष है। अमृत स्नान और मुख्य पर्व स्नान बीतने के बाद भी आस्था का जनसागर त्रिवेणी तट पर उमड़ रहा है। महाकुम्भ में आने के बाद हर श्रद्धालु पग-पग पर एक नई ऊर्ज़ा और विश्वास का अनुभव कर रहा है। महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता से अभिभूत होकर युवा अपने विचार भी सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। माउंट आबू से महाकुम्भ



आये उदित ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि यहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। लखनऊ से अपने आठ साथियों के साथ महाकुम्भ आये सुभाष अग्रवाल ने मेला क्षेत्र के खोया-पाया केन्द्र की तारीफ की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नागवासुकी के पास गंगा स्नान के बाद हमारे साथी श्री निवास अग्रवाल जिनकी उम्र 70 वर्ष थी बिछुड़ गये थे। खोया-पाया केन्द्र की सहायता से वह दो घंटे के अंदर ही हमें मिल गए।

## दिल्ली/बिहार/उत्तराखण्ड/पंजाब

# उत्तराखंड बजट सत्र: प्राकृतिक खेती पर घिरे कृषि मंत्री, बेरोजगारी व भूमि उपयोग पर गरमाई बहस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई, जिसमें ऊर्ज़ा, कृषि, उद्यान, गृह, पशुपालन, ग्राम्य विकास और कौशल विकास से जुड़े प्रश्न उठाए गए। प्राकृतिक खेती के विषय पर विपक्ष ने कृषि मंत्री गणेश जोशी को घेरा। कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने राज्य में प्राकृतिक खेती की स्थिति और उत्पादन को लेकर सवाल किया, जिस पर मंत्री ने बताया कि पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी और चमोली में 1,000 हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती की जा रही है। हालांकि, उनके जवाब से विपक्ष और सत्ता पक्ष के सदस्य असंतुष्ट दिखे। इस दौरान प्राकृतिक और जैविक खेती के अंतर को लेकर सदन में ठहाके भी लगे। डोईवाला भाजपा विधायक बृज भूषण गैरोला के पश्न पर कहा कि संसदीय मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने बताया कि राज्य में 10 रुपये किलो पिरूल खरीदी जा रही है। राज्य में विकासकर्ताओं की ओर से 06 पिरूल विद्युत उत्पादन संयत्र की स्थापना करायी गई। जिसमें से 05 बंद हो गई और एक चालू है। पिरूल के उपयोग आदि के अध्ययन एवं विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा वन विभाग, उत्तराखंड को नोडल नामित किया गया है। विधायक आदेश चौहान ने हरिद्वार में पश्चिम बंगाल, असम, उत्तरप्रदेश सहित अन्य प्रांतों से आए हुए लोग झुग्गी झोपड़ियों में एक विशेष समुदाय की बस्तियों में आकर बस रहे हैं। प्रश्न पर मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने बताया कि जनपद हरिद्वार में समय-समय पर सत्यापन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत वर्ष 2024 में पश्चिम बंगाल के 159, असम के 317, उत्तर प्रदेश के 1735 एवं अन्य राज्यों के 1576 व्यक्तियों तथा वर्ष 2025 में वर्तमान तक पश्चिम बंगाल के 01, उत्तर प्रदेश के 558 एवं अन्य राज्यों के 205 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। वर्ष 2022 में 87017, वर्ष 2023 में 121461, वर्ष 2024 में 77106 व जनवरी 2025 से 13 फरवरी तक 11626 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया है। संदिग्ध पाये जाने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करने के लिए निर्देश निर्गत किये गये हैं। सत्यापन के दौरान अपने-अपने राज्य के आधार कार्ड दिखाये गये। वर्ष 2023-24 में जनपद में बिना पासपोर्ट / वीजा के रह रहे 02 बांग्लादेशी नागरिकों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया, जिनमें से 01 बांग्लादेशी रार्षट्रिक की सजा पूर्ण होने पर बांग्लादेश वापस भेजा गया। बृजभूषण गैरोला के प्रश्न पर विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि वर्तमान तक रासायनिक खाद के 240 सेम्पल और कीटनाशक दवा के 353 सेम्पल फ़ेल हुए हैं, जिनके विरूद्ध कीटनाशी अधिनियम 1968 के अनुसार कार्यवाही की गई है। राज्य में नमामि गंगे प्राकृतिक कृषि कोरिडोर योजना के अन्तर्गत



जनपद पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी एवं चमोली के 1950 हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से केन्द्रपोषित योजना नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिग का कियान्वयन किया जा रहा है। कृषि उत्पादों के विपणन के लिए 03 आउटलेट संचालित किये जा रहे हैं। विधायक बृजभूषण गैरोला ने सेवायोजन मंत्री से बेरोजगार युवकों को रोजगार के लिए मेला और युवकों को कंपनी से निकालने के सवाल पूछे। जिस पर मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि 2023-24 व 2024-25 में कुल 208 रोजगार मेले लगाए गए। इस दौरान 3085 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। विधायक वीरेंद्र जाती ने पूछा कि राज्य में प्रशिक्षित बेरोजगारों की संख्या कितनी है। मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर 08 लाख लोग पंजीकृत हैं। विभाग का कुल बजट 15 करोड़ रुपये है। रोजगार मेलों के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिला है। कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाती ने पर्वतीय व मैदानी जनपदों में पोली हाउस पर सब्सिडी की जानकारी मांगी। कृषि मंत्री ने बताया कि क्षेत्रफल के हिसाब से अलग अलग सब्सिडी दी जाती है। प्रीतम सिंह ने कहा कि पिछले 3 सालों में पॉली हाउस के कितने आवेदन आये और कितने लगाए गए। मंत्री ने कहा 03 सालों में 5813 पॉली हाउस लगाए गए हैं। उत्तरकाशी जनपद में 49 पॉली हाउस लगाए गए हैं। भाजपा पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने उत्तराखंड के मंडियों में आरक्षण व्यवस्था पर मंत्री जोशी ने बताया कि दुकानों के आवंटन में नियमानुसार आरक्षण लागू है। विधायक महेश जीना के पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि योग्य बंजर भूमि के प्रश्न मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि वर्ष 2000-01 के भूमि उपयोगिता के आंकड़ों के अनुसार पर्वतीय क्षेत्रों में 517628 हे.कृषि योग्य भूमि थी, जो कि वर्ष 2023-24 में 429487 हे. रही, जिसमें से 20817 हेक्टेयर भूमि कृषि के अतिरिक्त अन्य उपयोग में लाई जा रही है। पर्वतीय क्षेत्र की बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिये जलागम विभाग की ओर से उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत जलागम विकास योजना से अब तक 103 हेक्टेयर उत्तराखंड चाय विकास बोर्ड की ओर से 1384 हेक्टेयर भूमि पर चाय बगान विकसित, सगन्ध पौधा केन्द्र, सेलाकुई, देहरादून द्वारा 770 हे. खाली पड़ी भूमि पर लेमन ग्रास की खेती कर कृषि योग्य बनाने की कार्यवाही की गई है।

## पंजाब में टारगेट किलिंग मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो अपराधी गिरफ्तार

पटियाला। पंजाब में पटियाला पुलिस ने एक टारगेट किलिंग मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और राजपुरा, पटियाला से एक विदेशी गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को कहा कि दोनों आरोपियों को गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के निर्देश पर मोहाली और राजपुरा में टारगेट किलिंग करने का काम सौंपा गया था। उनकी गिरफ्तारी से मोहाली और राजपुरा में टारगेट किलिंग से संबंधित दो पिछले मामलों को सुलझाने में भी मदद मिली है।

श्री यादव ने कहा कि दोनों आरोपियों का आपराधिक गतिविधियों का इतिहास रहा है, उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उनके पास से पांच पिस्तौल (तीन .32 कैलिबर पिस्तौल, एक .30 कैलिबर पिस्तौल और एक देशी .315 पिस्तौल) के साथ 15 कारतूस बरामद किये हैं।

## जालंधर में दो झपटमार गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने शहर में झपटमारी की घटनाओं में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि महेश इंदर सिंह, पुत्र करतार सिंह, जो न्यू मॉडल हाउस, गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी, जालंधर में रहते हैं, के बयान के आधार पर जालंधर में बी.एन.एस. पुलिस स्टेशन भार्गो कैंप में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने पत्नी से सोने की बालियां झपटने की शिकायत की थी। श्री शर्मा ने बताया कि जांच के आधार पर आरोपी की पहचान भूपिंदर सिंह उर्फ बबलू निवासी पंजाबी बाग, पठानकोट रोड, जालंधर और विक्रम वर्मा निवासी औद्योगिक नगर, जालंधर के तौर पर हुई है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस ने एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच चल रही है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से जगमगाएंगे गांव, प्रशासन ने की प्रोजेक्ट समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने शुक्रवार को क्लेक्ट्रेट वीसी कक्ष में उरेड़ा विभाग के अन्तर्गत कुसुम योजना और पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग को अधिक संख्या में लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पीएम सूर्य घर योजना में आवेदन किया वे वेंडर सिलेक्शन करते हुए सोलर प्लांट लगा लें। भारत सरकार की ओर से संचालित पीएम सूर्य घर योजना के तहत घरेलू उपयोग के लिए एक से 10 किलोवाट तक सोलर सयंत्र लगाए जा रहे हैं। लाभार्थी को विद्युत बिल में क्षमतानुसार बचत हो सकेगी, वहीं अतिरिक्त उत्पादित बिजली से



अच्छी आय भी प्राप्त होगी। घरेलू उपयोग के लिए तीन किलोवाट तक कुल 1,36,800 रुपये का अनुदान देय है। एक किलोवाट पर केन्द्र सरकार 33 हजार और राज्य सरकार 17 हजार, दो किलोवाट पर केन्द्र सरकार 66 हजार और राज्य सरकार 34 हजार अनुदान देगी। होम स्टे संचालक भी पीएम सूर्य घर योजना का लाभ ले सकते हैं। प्रधानमंत्री किसान ऊर्ज़ा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना का उद्देश्य भारत में किसानों के लिए ऊर्ज़ा सुरक्षा सुनिश्चित करना है जिसके तहत किसानों को सोलर पंप लगाने के आर्थिक सहायता दी जाती है। व्यक्तिगत किसानों को मौजूदा डीजल कृषि पंपों/सिंचाई प्रणालियों के प्रतिस्थापन के लिए 7.5 एचपी तक की क्षमता के स्टैंडअलोन सौर कृषि पंप स्थापित करने के लिए सरकार की ओर से 80 प्रतिशत सहायता दी जाएगी, जहां ग्रिड आपूर्ति उपलब्ध नहीं है। 7.5 एचपी से अधिक क्षमता के पंप भी लगाए जा सकते हैं, हालांकि, वित्तीय सहायता 7.5 एचपी क्षमता तक ही सीमित होगी। जहां गर्मियों में पानी की समस्या रहती इस योजना से आच्छादित लाभान्वित किया जा सकता है।

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले के मध्य विद्यालय जगदीशपुर में शुक्रवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार की अध्यक्षता में यूथ एवं ईको क्लब के सदस्यों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शैक्षणिक सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक आशुतोष चन्द्र मिश्र ने बताया कि इस शैक्षणिक सत्र में विद्यालय में आयोजित गतिविधि में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया है। इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों का उत्साहवर्धन होता है तथा अन्य छात्र भी इससे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं।

# भारत को 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए केंद्र व राज्य मिलकर कर रहे काम: गोयल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोच्चि/नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार भारत को 2047 तक 30-35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कोच्चि में इन्वेस्ट केरल ग्लोबल समिट 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मौजूदा 4 ट्रिलियन डॉलर से 2047 तक 30-35 ट्रिलियन यूएस डॉलर तक



ले जाने के लिए हम सभी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। गोयल ने केरल निवेश वैश्विक शिखर सम्मेलन में निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास करते हुए कहा कि वे जल्द ही बहरीन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करेंगे। उन्होंने देश में निवेश के अवसरों पर प्रकाश डाला। वाणिज्?य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि देश में विकास, प्रगति और आर्थिक अवसरों के लिए बेजोड़ अवसर हैं। मोदी सरकार के निरंतर समर्थन से केरल बुनियादी ढांचे, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और निर्यात सहित अन्य क्षेत्रों में शानदार प्रगति कर रहा है। वैश्विक विकास को गति देने के लिए राज्य और भारत की विकास यात्रा में भाग लेने के लिए उन्होंने निवेशकों से आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि हम सभी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) नीत केरल सरकार के बीच मतभेद पर उन्होंने कहा कि वह केरल के साथ एकजुटता दिखाने के लिए ही यहां आए हैं। उन्होंने निवेशकों से केरल और देश में निवेश करने का आग्रह करते हुए कहा कि आएं और निवेश के फल का आनंद लें। इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में करीब 3,000 प्रतिभागियों के आने की उम्मीद है

## फर्जी वेबसाइट से जॉब का झांसा देकर ठगी, देहरादून में इंजीनियरिंग छात्र गिरफ्तार

देहरादून। देहरादून में साइबर ठगी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला एक फर्जी वेबसाइट के जरिए युवाओं से धोखाधड़ी का सामने आया है। पुलिस ने प्रेमनगर स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र कृपाल शर्मा, निवासी सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया है। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आई4सी पोर्टल पर विभिन्न राज्यों–हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़ और दिल्ली से इसी तरह की लगभग 30 शिकायतें दर्ज हुई थीं। जांच में पता चला कि देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्र में स्थित एक शिक्षण संस्थान का छात्र 'न्यूट्रिनो लैब' नामक फर्जी वेबसाइट के जरिए जॉब का झांसा देकर युवाओं से पैसे ठग रहा था। साइबर ठग के मोबाइल नम्बरों और बैंक खातों का विश्लेषण किया गया। शिकायतकर्ताओं से बातचीत की गई तो पता चला कि साइबर ठग पहले नवयुवकों से लिंक्डन एकाउंट के माध्यम से सम्पर्क करता है, फिर उन्हें अपनी कंपनी में जॉब देने के नाम पर इन्टरव्यू लेकर अपनी कम्पनी न्यूट्रिनो लैब से ही पैनटेब खरीदने के लिए बाध्य कर उनसे 5,000 से 6,000 रुपये ऐंठ लेता था, और फिर उनको ब्लॉक कर देता था।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063